जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 19 संख्याः 177 प्रभात जालोर, बुधवार 2 अक्टूबर, 2024 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# मुख्यमंत्री ने कॉनक्लेव को राज्य के व्यापार-अनुकूल बदलावों की जानकारी दी

## राइज़िंग राजस्थान समिट के तहत आयोजित इस कॉनक्लेव में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राईज़िंग राजस्थान ग्लोबल इन्वैस्टमैंट समिट 2024 के तहत नई दिल्ली में आयोजित कॉन्क्लेव में केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया।*

- **कॉन्क्लेव में भाग लेने वालों में प्रमुख थे, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, भारत इलैक्ट्रॉनिक्स, कॉनकोर, एन.टी.पी.सी., स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया, इण्डियन ऑयल, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन, आई.टी.डी.सी., फर्टीलाइजर कॉरपोरेशन, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन, डी.आर.डी.ओ. आदि।**

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। नई दिल्ली में निवेशकों की बैठक के बाद राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार के स्वामित्व वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के संग आज एक कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्हें राज्य में मौजूद व्यवसाय व निवेश के बारे में बताया और उन्हें प्रदेश में कारोबार बढ़ाने और नए निवेश करने का न्यौता दिया।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर 50 से अधिक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य के व्यापारिक परिदृश्य, निवेश के नए अवसरों और राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे प्रमुख व्यापार-अनुकूल बदलावों की जानकारी दी। इस सैंट्रल पब्लिक सैक्टर एंटरप्राइज़ेज़ ( सी.पी.एस.ई.) कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले सार्वजनिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'दूसरे राज्यों से तुलना अपनी कमी छुपाने का प्रयास'

जयपुर, 1 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला में बढ़ते लंबित जांच रिपोर्ट मामले में कहा, राज्य सरकार ने अपनी रिपोर्ट में दूसरे राज्यों का हवाला देते हुए यह बताने का प्रयास किया है कि वहां भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा, दूसरे राज्यों से तुलना कर राज्य सरकार की ओर से अपनी कमियों को छिपाने का प्रयास निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य सरकार के जिम्मेदार अधिकारी यदि इस प्रकार अनुचित तुलना करने के बजाए व्यवस्था सुधार पर ध्यान देंगे तो ज्यादा बेहतर होगा। इसके साथ ही अदालत ने

- **हाई कोर्ट ने एफ.एस.एल. में लम्बित जाँच रिपोर्ट के मुद्दे पर राज्य सरकार को फटकार लगाई।**

मुख्य सचिव को शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि एफ.एस.एल. को संसाधन उपलब्ध कराने के राज्य सरकार की ओर से किए गए बजट आवंटन को लेकर क्या किया गया है और मुख्य सचिव यह भी बताएं कि वे इस प्रकरण में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे आरोपी को सांकेतिक तौर पर मुआवजा देने के लिए सहमत हैं या नहीं। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश अर्जुन नरवाला की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। ए.डी.एस. और डी.जी.पी. अदालत में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ईरान ने इज़राइल पर हमला किया

## सूत्रों के अनुसार ईरान ने देर रात दस बजे इज़राइल पर 180 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल दागीं

- **हमले के बाद ईरान ने कहा कि यह नसरल्लाह की शहादत का बदला है, यह तो अभी शुरुआत है।**
- **इधर इज़राइल ने कई मिसाइलों को हवा में ही नष्ट करने का दावा किया और अपने लोगों को बम शैल्टर्स में जाने की हिदायत दी है।**
- **इज़राइल पर ईरान के हमले के बाद अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने नैशनल सिक्यूरिटी टीम के साथ बैठक की।**

नयी दिल्ली, 01 अक्टूबर। ईरान ने इज़राइल पर मंगलवार की देर रात 10 बजे हमला कर दिया और 180 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। इजराइली सरकार ने अपने नागरिकों से बम शेल्टर में जाने को कहा है। पूरे देश में सायरन बज रहे हैं। अमेरिका ने कुछ घंटे पहले हमले का दावा किया था। हमले के बाद ईरान ने कहा कि नसरल्लाह की शहादत का यह पहला बदला है। यह तो अभी शुरुआत है।

उधर, इज़रायल डिफेंस फोर्सेज (आई.डी.एफ.) के एक अधिकारी ने कहा, इजराइल का एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव है। वह खतरों का पता लगा रहा है और जहां जरूरत है वहां उन्हें रोक रहा है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि ये इजराइल से बदला लेने की शुरुआत है।

हालांकि, इजरायल का कहना है कि उसने कई मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया ह और नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा है कि हम सब जरूरी इंतजाम कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मिसाइलें दागने के बाद ईरान ने इज़रायल को खुली धमकी देते हुए कहा है कि युद्ध का करारा जवाब मिलेगा।

ईरान ने दावा किया है कि इस हमले में इजरायल में भारी नुकसान हुआ है। उधर आईडीएफ की तरफ से कहा गया है कि ईरान के हमले में लगभग 1 करोड़ लोग निशाने पर थे। ईरान की ओर से इज़राइल पर रॉकेट दागे जाने के कारण सभी इज़राइली नागरिक बम आश्रय स्थलों में हैं।

बाइडन ने इमरजेंसी बैठक की। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और नेशनल सिक्योरिटी टीम के साथ बैठक की। इस बैठक में ईरान के इज़राइल पर हमले की चर्चा की गई। साथ ही इजराइल को इस हमले से कैसे बचाया जाए और इजराइल में फंसे अमेरिकियों की मदद की क्या तैयारी है, इस पर बात हुई।

जानकारी के मुताबिक, ईरानी प्रोजेक्टाइल के निशाने पर 10 मिलियन नागरिक हैं। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी शेल्टर में गए हैं और वहां से अपडेट प्राप्त कर रहे हैं। पूरे इज़रायल में सायरन बज रहे हैं। इजरायल की ओर जाते समय जॉर्डन के हवाई क्षेत्र में ईरानी मिसाइलों को रोका गया है।

अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा है कि ईरान को, इज़रायल पर सीधे हमले के गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा, मैंने अपने इजरायली समकक्ष के साथ ईरान को भुगतने वाले गंभीर परिणामों पर चर्चा की है। इज़रायल की ओर ईरानी मिसाइलों की पहली लहर के बाद इराक ने हवाई क्षेत्र बंद करने की घोषणा की है।

# कई दशकों के इंतज़ार के बाद शिगेरु जापान के प्र.मंत्री बने

## हालांकि, शिगेरु की वर्षों की महत्वाकांक्षा अब पूरी हुई, पर, प्र.मंत्री के रूप में उनकी यात्रा काफी कठिन नज़र आ रही है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। ईशीबा शिगेरु ऐसे समय पर जापान के नए प्रधानमंत्री बने हैं, जब जापान एक तरह से दोराहे पर खड़ा है।

शिगेरु लंबे समय से हाशिए पर थे। नेता के रुप में उभरने के उनके प्रयास कई बार नाकाम हुए। लेकिन, जब पिछले प्रधानमंत्री को बदनामी की स्थिति में पद छोड़ना पड़ा, जब जाकर ही शिगेरु प्रधानमंत्री पद पर दावा कर पाए।

अब उन्हें वो पद मिल गया है, जिसे पाने की लालसा उन्हें लंबे समय से थी, लेकिन उनके लिए यह राह असान नहीं होगी। तीन दशकों से जापान पिछड़ रहा है। "लॉस्ट डीकेड्स" के नाम से पुकारे जाने वाले और 1990 से शुरु हुए इन दशकों में जापान गिरते दामों का सामना कर रहा था। अर्थव्यवस्था में कोई ग्रोथ दिखाई नहीं दी तथा आमतौर से, जिसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **जापान की सभी मुश्किलों की जड़ है, उसकी घटती जनसंख्या। घटती आबादी के कारण गांव खाली हो रहे हैं, बच्चों के स्कूल बंद हो रहे हैं, क्योंकि इतने बच्चे नहीं हैं जिन्हें पढ़ाने के लिए क्लासें लगाई जाएं, फैक्टरियां बंद हो रही हैं, क्योंकि मजदूर नहीं हैं।**
- **इस घटती जनसंख्या का एक पहलू यह भी है कि 30 प्रतिशत जनसंख्या 60 साल से अधिक आयु की है, अतः उनकी पैन्शन व स्वास्थ्य संबंधी अवश्यकता को पूरा करने के लिए देश की आय का बड़ा अंश लग जाता है।**
- **समस्या और गंभीर इसलिये हो जाती है, क्योंकि जापान की बहुत सख्त नीति है, बाहरी लोगों को जापान आकर बसने देने के मामले में। संकट का एक समाधान हो सकता था, अगर महिलाओं की औद्योगिक व अन्य व्यावसायिक कामों में हिस्सेदारी बढ़ायी जाये, पर, यह भी इतना आसान नहीं है, क्योंकि जापानी समाज का एक बड़ा धड़ा मानता है कि देश की गिरती जनसंख्या बढ़ाने में महिलाओं की सक्रिय भूमिका होनी चाहिये, अतः उन पर और काम न लादा जाये।**

# तिरुपति लड्डू विवाद की सुनवाई 3 अक्टूबर को

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति लड्डू प्रकरण में आंध्र प्रदेश की एस.आई.टी. जांच पर रोक लगा दी है और अब अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को होगी। यह विवाद मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा शुरु किया गया था। उन्होंने कहा था कि तिरुपति मंदिर प्रसाद के लड्डुओं में पशु चर्बी पाई गई थी।

- **सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति लड्डू की जाँच के लिए आंध्र प्रदेश सरकार की एस.आई.टी. जाँच पर भी रोक लगा दी है।**

रेड्डी ने मुख्यमंत्री के इस आरोप का खंडन किया था और उनके ऊपर "भगवान के नाम पर राजनीति" करने का आरोप लगाया था। रेड्डी ने कहा कि उनके कार्यकाल में कोई मिलावट नहीं की गई थी। उन्होंने मुख्यमंत्री को आदतन झूठ बोलने वाला बताया। नायडू ने गुजरात की एक निजी लैब की रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए कहा था कि लड्डुओं के घी में पशु चर्बी मिली हुई थी।

# पर्यावरण एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक दिल्ली बॉर्डर पर गिरफ्तार

## वांगचुक ने पुलिस स्टेशन में अनिश्चितकालीन अनशन शुरु किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। विपक्ष ने क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की दिल्ली पुलिस द्वारा दिल्ली सीमा पर साथियों सहित गिरफ्तारी की कड़ी आलोचना की है। वांगचुक लद्दाख के लिए छठी अनुसूची के स्टेटस की मांग के लिए दिल्ली मार्च पर आए हैं। वांगचुक ने पुलिस थाने में अनिश्चितकालीन अनशन शुरु कर दिया है।

वांगचुक के एक सितम्बर को लेह से "दिल्ली चलो" पदयात्रा शुरु की थी। इस पदयात्रा को लेह अपैक्स बॉडी (एल.ए.बी.) और कारगिल डैमोक्रटिक एलायंस का समर्थन प्राप्त है।

ये समूह लद्दाख को राज्य बनाए जाने और संविधान की छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा प्रदान करने, लोक सेवा आयोग, लेह व कारगिल के लिए पृथक लोकसभा सीट देने की मांग कर रहे हैं, पर जैसे ही वांगचुक का काफिला 30 सितम्बर को दिल्ली पहुंचा, उन्हें सीमा पर ही रोक लिया गया और दिल्ली पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। विपक्षी नेताओं ने इसे अलोकतांत्रिक कदम बताया।

डिटेन किए जाने से पहले वांगचुक ने दिल्ली बॉर्डर से जहां पुलिस ने उनकी बसों को रोका था, की तस्वीरें शेयर की थीं और लिखा था, ऐसा लगता है, हमें सुरक्षा नहीं दी जा रही है, बल्कि हमें हिरासत में लिया जा रहा हैं।

- **वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने तथा इसके ग्लेशियर्स की सुरक्षा की माँग कर रहे हैं और इसके लिए उन्होंने एक सितम्बर को "दिल्ली चलो पदयात्रा" शुरु की थी और मंगलवार को वे दिल्ली पहुँचे।**
- **वांगचुक ने खुद डिटेन किए जाने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी। समूचे विपक्ष ने इस कृत्य के लिए मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की है।**
- **वांगचुक अपनी मांगों के लिए लद्दाख में इसी वर्ष मार्च में 21 दिन का अनशन कर चुके हैं।**

दिल्ली पुलिस ने कानून और व्यवस्था के प्रति चिंता जताते हुए प्रदर्शनकारियों के दिल्ली के करीब आने से पहले ही सैंट्रल दिल्ली और आस पास के क्षेत्र में 5 से ज्यादा लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी थी।

पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा के आदेश से भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 (पूर्व की धारा 144) लागू कर दी गई है जिसके तहत 6 दिन तक विरोध प्रदर्शनों पर रोक है।

विपक्षी नेताओं ने इसकी कड़ी आलोचना की। राहुल गांधी ने वांगचुक एवं लद्दाखी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिए जाने को अस्वीकार्य करार दिया। गांधी ने "एक्स" पर लिखा कि वे पर्यावरण व संवैधानिक अधिकार के लिए शांतिपूर्ण मार्च कर रहे है।

सोनम वांगचुक लद्दाखी प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी अस्वीकार्य है। उन्होंने पूछा कि दिल्ली सीमा पर लद्दाख के भविष्य के लिए खड़े होने वाले बुजुर्गों को हिरासत में क्यों लिया जा रहा है। मोदी जी, किसानों की तरह यह चक्रव्यूह भी टूटेगा और आपका अहंकार भी। आपको लद्दाख की आवाज सुननी होगी।

आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि अमित शाह, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा कर क्या रहे हैं। दिल्ली में भाजपा गैंगस्टर्स को पूर्ण सुरक्षा देती है, पर सोनम वांगचुक जैसे लोग जो देश को प्यार करते हैं, के साथ आतंकी जैसा व्यवहार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हमारी अनुमति के बिना बुलडोज़र कार्यवाही नहीं होगी'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को राज्यों द्वारा दण्डात्मक उपाय के रुप में बुलडोज़रों से मकानों को गिराये जाने के खिलाफ दिशानिर्देश तैयार करने के आदेश जारी कर दिये।

- **सुप्रीम कोर्ट ने अपराधियों के मकान तोड़ने की बुलडोज़र कार्यवाही पर लगाए गए स्टे की अवधि बढ़ा दी है।**

अदालत ने ऐसी कई याचिकाओं की सुनवाई की, जिनमें यह आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों में, सम्पत्तियाँ, जिनमें अपराधों के आरोपियों की सम्पत्तियाँ भी शामिल हैं, ध्वस्त की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई तथा के.वी. विश्वनाथन की बैंच ने 17 सितम्बर को कहा था कि 1 अक्टूबर तक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गोगुंदा में बारह दिन में 8 लोगों की जान ली आदमखोर पैंथर ने

## मंगलवार को पैंथर ने गोगुंदा में अपने घर में पशुओं के बाड़े में काम कर रही महिला को अपना शिकार बनाया

उदयपुर, 1 अक्टूबर (निसं)। उदयपुर जिले के गोगुन्दा में आदमखोर पैंथर ने बीते 12 दिनों में 8 जानें ले ली हैं। मंगलवार को पैंथर घर के पशुओं के बाड़े में काम कर रही महिला को उठा ले गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने इस पैंथर को गोली मारने के आदेश जारी किए हैं। हालांकि, सशर्त आदेश में पहले आदमखोर पैंथर की पहचान कर उसे ट्रैंकुलाइज़ करने के प्रयास किए जाएंगे। काबू में नहीं आने पर उसे गोली मारने के आदेश दिए गए हैं। पैंथर ने महिला को जिस स्थान पर शिकार बनाया, वहीं पर महिला के शव को रखकर उसके पास ही एक पिंजरा लगाया गया है, जिसमें शूटर को बिठाया गया है, ताकि जैसे ही पैंथर शिकार को लेने आये, उसे ट्रैंकुलाइज़ या शूट किया जा सके।

जिले के गोगुंदा क्षेत्र में आदमखोर पैंथर का आतंक इतना बढ़ गया कि आखिरकार मंगलवार को उदयपुर दौरे पर आये वन विभाग के प्रधान मुख्य वन सरंक्षक ने गोली मारने के आदेश जारी कर दिए। पुलिस और वन विभाग की टीम ने पूरे जंगल में पैंथर की तलाश शुरू कर दी है। पिछले 12 दिनों में 8 लोगों को अपना शिकार बनाने वाले पैंथर को पकड़ने में नाकाम रहे प्रशासन से नाराज ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे जाम करने की कोशिश की।

मंगलवार को मुख्य वन संरक्षक पवन कुमार उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे। इनके अलावा, जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल वहीं पर डेरा डाले हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह आठ बजे केलवों का खेड़ा गांव में महिला कमला कुंवर अपने घर के आंगन में काम कर रही थी। तभी, पैंथर ने उस पर हमला कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिवार के दूसरे लोग बाहर भागे तो पैंथर उसके शव को छोड़कर भाग गया। पैंथर महिला को घर से 100 मीटर दूर तक घसीट कर ले गया था। महिला का घर पहाड़ी पर है, उसके आसपास और कोई घर नहीं है। घर के पीछे पशुओं का बाड़ा है, उसमें महिला काम रही थी, जहाँ पैंथर ने उसपर हमला किया। परिवार वालों ने बताया कि महिला की गर्दन पैंथर के जबड़ों में थी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वन विभाग की एक दर्जन से ज्यादा टीमें केलवों का खेड़ा गांव के जंगल में पैंथर को गोली मारने की तैयारी में जुटी हैं। टीम के साथ ढोल बजाने वाले भी हैं, जो जंगल में ढोल बजाकर आदमखोर पैंथर को दौड़ाएंगे। वन विभाग ने कहा है कि पैंथर को मारने से पूर्व उसकी सही पहचान सुनिश्चित की जाएगी।

- **पैंथर महिला पर हमला कर उसे घसीट कर ले गया। महिला की चीख सुनकर जब परिजन दौड़े तो पैंथर भाग गया, पर, तब तक महिला मर चुकी थी।**
- **वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक ने पैंथर को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं। पूरे जंगल में पैंथर की तलाश की जा रही है।**
- **पैंथर को पकड़ने में वन विभाग और प्रशासन की नाकामी से गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवे जाम करने की कोशिश की।**

ज्ञातव्य है कि एक दिन पहले भी बड़गांव थाना क्षेत्र के राठौड़ों का गुड़ा में रात को पैंथर ने मंदिर के पुजारी विष्णु गिरी (65) को मार डाला था। संभावना जताई जा रही है कि उसी पैंथर ने महिला पर हमला किया होगा। गांव में दो दिन में पैंथर द्वारा महिला सहित दो जनों की मौत के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है।

झाड़ोल में एक बच्चे सहित दो जानें लेने के बाद किसी पैंथर का मूवमेंट नजर नहीं आ रहा। वहां दोनों घटनास्थलों पर 3-3 पिंजरे और 6-6 कैमरे अब भी लगे हैं। बिछीवाड़ा से 10 किमी और कीरट से 40 किमी दूर गोगुंदा की छाली पंचायत के उंडीथल में 19 सितंबर को पहला हमला हुआ था। 16 साल की कमला गमेती शिकार बनी थी। फिर, 19 सितंबर को उंडीथल से 700 मीटर दूर छाली के ही भेवडिया गांव में पैंथर ने खुमाराम गमेती (45) को मार डाला। इसके अगले दिन 20 सितंबर को छाली के ही उमरिया गांव में हमेरी गमेती की जान ले ली। इस दौरान 24 सितंबर को दो पिंजरों में दो पैंथर फंसे। एक 13 से 14 साल का बूढ़ा और दूसरा 7 से 8 साल का युवा है। दोनों को नरभक्षी माना गया। तथापि, इनके पकड़े जाने के बाद भी हमले नहीं थमे हैं। पच्चीस सितंबर को मजावद पंचायत में पैंथर ने 6 साल की बच्ची सूरज का शिकार किया। छब्बीस सितंबर को दोपहर तीन बजे झाड़ोल के सरणा फला में 50 साल के शंकर को पैंथर ने मार डाला। पैंथर ने 28 सितंबर को बगडूंदा पंचायत के गुर्जरों का गुड़ा में गट्टू बाई को शिकार बनाया। इसके अगले दिन 29 सितंबर को पैंथर पिंजरे में फंसा तो 30 सितंबर को एक पुजारी का शिकार हो गया। वहीं, मंगलवार को एक और महिला को अपना आठवां शिकार बनाकर आदमखोर पैंथर ने फिर दहशत फैला दी।

# 200 भारतीय शिक्षक फ्रैंच स्कूलों में अंग्रेजी पढ़ाएंगे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। भारत में फ्रांस के दूतावास ने इन्स्टीट्यूट फ्रांसे इंडिया (आई.एफ.आई.) तथा फ्रेंच मिनिस्ट्री ऑफ नैशनल एजुकेशन के सहयोग से 206 इंडियन लैंग्वेज़ असिस्टैंट्स के फ्रांस जाने की घोषणा की है। ये लोग शैक्षिक सत्र 20424-25 में विभिन्न प्राइमरी एवं सैकेण्डरी स्कूलों में अंग्रेजी पढ़ाने फ्रांस जायेंगे।

- **ये शिक्षक 2024-25 शैक्षणिक सत्र में अक्टूबर से अप्रैल तक फ्रांस में रहेंगे और वहाँ के अंग्रेजी शिक्षकों की मदद करेंगे।**

इंग्लिश लैंग्वेज़ असिस्टैंट्स प्रोग्रेस के हिस्से के रूप में, ये लोग वहाँ अक्टूबर से अप्रैल तक रहेंगे तथा फ्रांस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

सज्जन पुरुष की वास्तविक परिभाषा यही है कि वह कभी किसी पुरुष को पीड़ित नहीं करता। -सी. न्यूमैन

# गांधी जयंती: आदर्शों पर चलने का दिन या रस्म अदायगी!

आज गांधी जयंती है। उस शख्सियत का जन्मदिन, जो आधुनिक विश्व इतिहास में सर्वाधिक आदर पाने वाले व्यक्तियों में से एक हैं। किसी महान व्यक्ति को जब हम किसी निर्धारित दिन याद करते हैं तब उसके आदर्शों व उसकी बताई राह पर चलने के लिये फिर से अपने को तैयार करते हैं। यह उसकी विरासत को संजोना भी होता है। गांधी की जीवन यात्रा को दर्शाता एक म्यूज़ियम 'गांधी वाटिका' आज राजस्थान की राजधानी जयपुर में खुल रहा है। इस म्यूज़ियम का निर्माण पिछली अशोक गहलोत सरकार ने राजकोष से कराया था। कहते हैं इसके निर्माण पर 85 करोड़ रुपये खर्च किए गये। विधानसभा चुनावों के पहले गहलोत ने इसका उद्घाटन भी कर दिया था। मगर उद्घाटन के बावजूद उनके ही कार्यकाल में यह म्यूज़ियम बंद ही रहा। चुनावों में मतदाताओं ने गहलोत की सरकार को नकार दिया। नई बनी विपरीत ध्रुव की सरकार, जिसकी पार्टी का गांधी से लगाव कभी नहीं रहा, ने चुनाव से पहले पिछली सरकार के ताबड़तोड़ किये गये कामों तथा फैसलों की समीक्षा में इस म्यूज़ियम को भी लिया तब इस पर आपत्ति उठी कि जब इसका निर्माण सरकारी पैसे से हुआ है तो उसे चलाने के लिये किसी ट्रस्ट को क्यों सौंपा जाय। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा की उपज है उसका महात्मा गांधी के प्रति रवैया जग जाहिर है। किन्तु जयपुर में बनाये गये इस म्यूज़ियम को राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा स्क्रेप कर देना असंभव था। उसने समझदारी का फैसला लेते हुए इस म्यूज़ियम को पर्यटन विभाग के जरिए खुद चलाने का फैसला किया। एक सरकारी विज्ञिप्त के अनुसार युवा पीढ़ी गांधीजी और उनके दर्शन से प्रेरणा ले सके, इसके लिए देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की यहां यात्रा भी करायी जाएगी। इसके लिए गांधी वाटिका म्यूजियम को पर्यटन विभाग की सूची में शामिल किया जाएगा। साथ ही, गांधीजी के दर्शन पर बनी विभिन्न फिल्मों के माध्यम से सत्य एवं अहिंसा के संदेशों को प्रसारित किया जाएगा। अब यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि क्या महात्मा गांधी का उपयोग पर्यटन और मनोरंजन उद्योग के लिये रह गया है? क्या इसी प्रकार गांधी की विरासत बचाई जा सकेगी? सोशल मीडिया की गलियों में भटकती नई पीढ़ी तो यह सवाल भी कर रही है कि क्या गांधी को याद करने की आज ज़रूरत भी है?

महात्मा गांधी ने राजनीति में पवित्रता लाने का प्रयास किया। उनके लिए राजनीति सत्ता पाने के लिए नहीं बल्कि जनसेवा के लिए थी। वे समाज को बदलना चाहते थे। उनका सारा जीवन एक ऐसा समाज बनाने में लगा रहा जहां राज्य हो, मगर उसकी सत्ता तिरोहित हो जाए। इसी को उन्होंने रामराज्य कहा। इसका अर्थ राजा वाली पुरानी सामंती सत्ता नहीं बल्कि प्रत्येक मनुष्य की ऐसी सत्ता हो जो किसी दूसरे की सत्ता का अतिक्रमण न करे। वे प्रत्येक गांव को एक इकाई के रूप में देखना चाहते थे जो अपने वाशिंदों की जरूरतें खुद पूरी करने में सक्षम और समर्थ हो। वे मुतमइन थे कि सत्य और अहिंसा से ऐसा समाज, ऐसा गांव और ऐसा राज्य बनाना संभव है। इसके लिए ही वे लोगों को तैयार करने में अपनी सारी उम्र लगे रहे। उन्होंने राजनीति की बजाय समाज के स्तर पर मूलभूत हस्तक्षेप किया। उन्होंने इसकी नींव लोगों के बीच आपसी भाई-चारे की बनाई। धर्म, वर्ण, जाति से परे उनकी रामराज्य की कोई अलौकिक अवधारणा नहीं थी। उनका रामराज्य मानव धर्म पर आधारित था। इसीलिए आचरण की शुद्धता उनके लिए बहुत मायने रखती थी। आज इस सवाल के साथ यह भी कहा जा रहा है कि गांधी की बात करना हमारी झूठी संतुष्टि और हमारे पाखंड का दिखावा भर है। ऐसे सवाल इन दिनों कुछ और तरीक़ों से भी पूछे जा रहे हैं। इनमें एक तरीक़ा गांधी पर पिस्टल से तीन गोलियां दाग कर उनकी हत्या करने वाले का बचाव करना भी है जो अब सोशल मीडिया पर तो एक ट्रेंड जैसा बन चुका है। गांधी की हत्या नर हत्या तो थी ही साथ ही वह एक विचार की हत्या का भी असफल प्रयास था। गोली चलाने वाले ने गांधी के प्राण तो ले लिये लेकिन वह उनके विचारों को खरोंच भी नहीं लगा पाया। इसीलिए सबके बापू आज भी लोक में ज़िंदा हैं। उन्हें खत्म करने वाली विचारधारा वाले नेताओं को भी उन्हें स्वीकार करना पड़ रहा है।

**महात्मा गांधी ने राजनीति में पवित्रता लाने का प्रयास किया। उनके लिए राजनीति सत्ता पाने के लिए नहीं बल्कि जनसेवा के लिए थी। वे समाज को बदलना चाहते थे। उनका सारा जीवन एक ऐसा समाज बनाने में लगा रहा जहां राज्य हो, मगर उसकी सत्ता तिरोहित हो जाए। इसी को उन्होंने रामराज्य कहा। इसका अर्थ राजा वाली पुरानी सामंती सत्ता नहीं बल्कि प्रत्येक मनुष्य की ऐसी सत्ता हो जो किसी दूसरे की सत्ता का अतिक्रमण न करे।**

गांधीजी का जीवन किसी ऐसी नदी की भांति था जिसमें कई धाराएं मौजूद थीं। उनके अपने जीवन में शायद ही ऐसी कोई बात रही हो जिस पर उनका ध्यान नहीं गया हो या फिर उन्होंने उस पर अपने विचारों को प्रकट नहीं किया हो। आज़ादी की लड़ाई के साथ-साथ उन्होंने छुआछूत उन्मूलन, हिंदू-मुस्लिम एकता, चरखा और खादी को बढ़ावा, ग्राम स्वराज का प्रसार, प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा और परंपरागत चिकित्सीय ज्ञान के उपयोग सहित तमाम दूसरे उद्देश्यों पर काम करना जारी रखा था। अपने इस काम के लिये वे देश के कोने-कोने में गये। अपने विरोध और अलोकप्रिय हो जाने की परवाह किये बगैर उन्होंने लोगों को कड़वी सच्चाई बताने का काम भी जारी रखा। भले ही सत्य और अहिंसा के उनके प्रयोग बड़े स्तर पर नहीं पहुंच सके, लेकिन इससे कई लोगों के जीवन को नई दिशा अवश्य मिली। बापू को जानने भर से या फिर महज़ एक बार मिलने भर से अनेक लोगों ने अपनी पूरी ज़िंदगी उनके सिद्धांतों को अपनाने में लगा दी। गांधी के दौर में, उनकी प्रेरणा और उनकी शख्सियत के असर से बड़े पैमाने पर लोग बुराई त्याग कर अच्छे इन्सान बनने में कामयाब हो पाये। देश के बंटवारे के दौरान जब सांप्रदायिकता ने लोगों की अच्छाइयां छीन ली थी जिससे बड़े पैमाने पर हिंसा का दंश झेलने को मिला किन्तु अपने को असहाय महसूस करने और अकेले में प्रलाप करने के बजाय गांधी अपने जीवन के अंतिम दिन तक आम लोगों के आंसू पोछने और घायल मानवता पर प्रेम का मलहम लगाते रहे। उन्होंने रास्ता दिखाया कि जब सपने ध्वस्त होने लगें तो हमें क्या करना चाहिए। आज़ादी मिलने पर दिल्ली में हुए जश्न में वे शरीक नहीं थे। उस दिन वे सांप्रदायिक हिंसा की आग बुझाने के लिए कोलकाता में बैठ कर लोगों के मनों को मिला रहे थे।

सार्वजनिक जीवन वाले किसी भी शख्स का हम लोग जिस तरह से आकलन करते हैं उसी तरह से गांधी के जीवन का भी कठोरता के साथ आकलन होता रहा है। उनकी ख़ूब आलोचना भी होती रही है। लेकिन ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने वाली दूषित राजनीति में गांधी को खलनायक के रूप में प्रस्तुत करने के लिये इन दिनों फेक कहानियां ग़ढ़ना और उनका आभासी दुनिया में प्रसार आम हो चला है जो भारतीय समाज का मानवीय ताने-बाने को तार- तार कर रहा है। महात्मा गांधी जिस तरह लोगों के हृदय से डर निकालने में कामयाब रहे, उस हद तक कायमाब शायद ही कोई दूसरा होगा। अब तो नेता केवल डर दिखा कर नफरत का माहौल बनाते हैं। गांधी को मौत से कभी डर नहीं लगा और ना ही उनमें सत्ता की भूख थी। उन्होंने लोगों को घृणा छोड़ कर प्रेम करना सिखाया। उन्होंने सत्य और अहिंसा पर अडिग रहते हुए निराश हुए बिना संघर्ष करना सिखाया। गांधी की अहिंसा ने बिना किसी हिंसा के बहादुरी से लड़ना सिखाया। अन्याय के ख़िलाफ़ अहिंसक संघर्ष का उन्होंने मंत्र दिया। उनका प्रेम, त्याग, दूसरों पर भरोसा और सहअस्तित्व का संदेश आज के असुरक्षित समय और कलह से भरी दुनिया में पहले किसी भी समय से अधिक प्रासंगिक हैं। उनकी राह मानवता, सहअस्तित्व, दृढ़ मनोबल और शांति की राह है। इन्हीं रास्तों पर चलने वाले कई लोग ऐसे भी होंगे जिन्होंने गांधी को कभी रूबरू नहीं देखा। ऐसा भी नहीं है कि गांधीजी ने कोई नये रास्ते बताये। अच्छाई पर चलने के रास्ते पहले से मौजूद थे। बापू ने उनको फिर से चलन में लाकर हमें बेहतर इन्सान बताने की चेष्टा की। गांधी जयंती पर उन्हें सूत की माला पहनाने की रस्मअदायगी करने की बजाय उनकी बताई राह पर चलना ज्यादा महत्वपूर्ण है। मुनाफे के बाजार की शक्तियां इन दिनों गांधी को मार्केटिंग गुरु और ग्रेट कम्यूनिकेटर के तौर पर पेश करके अपनी दुकाने सजा रहीं हैं। गांधी की मूल्यवान असल विरासत में इन बाज़ारवादियों की कोई दिलचस्पी नहीं है। यह सही है कि गांधी के आदर्शों को मानना काफ़ी मुश्किल है। गांधी ने स्वयं कहा था कि वे जिन आदर्शों की बात करते हैं उन्हें शत-प्रतिशत हासिल करना आसान नहीं है। इसलिए वे चाहते थे कि हम वैसे आदर्शों को पाने के प्रयास में सतत लगें रहें। यही वजह है कि गांधी जीवन भर ख़ुद को बेहतर बनाते रहे। वे हमेशा उच्च स्तर को हासिल करने की कोशिश करते रहे। गांधीजी कभी नहीं चाहते थे कि लोग उनके सामने समर्पण करें। गांधी को मानने के लिए हमें टोपी या धोती पहनने की ज़रूरत नहीं है और ना ही ब्रह्मचर्य को अपनाने की ज़रूरत होगी। लेकिन हमें किसी से घृणा की ज़रूरत नहीं है। किन्तु आज की राजनीति एकदम अलग तरीक़े की हो गई है जहां घृणा और असुरक्षा की भावना को बढ़ावा देकर उसे जीने का रास्ता बना दिया गया है। आज हमें ख़ुद से ही यह सवाल पूछने की ज़रूरत है कि क्या महात्मा गांधी को याद करना बुद्धिमता है या फिर उन्हें भुला देना उचित होगा? हमारा मन का दर्पण ही इसका जवाब दे देगा। कहा भी है कि दर्पण झूठ न बोले।

**-अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# युगों-युगों तक प्रासंगिक रहेंगे गांधी



डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत

महात्मा गांधी! यह नाम सदियों तक भारत के इतिहास में गर्वोक्ति के साथ नये आयाम छूता रहेगा। भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास जितना अधिक सघन, संघर्षमय और चुनौतीपूर्ण रहा है उतना ही गांधी का जीवन प्रखर, विरल और प्रभावशाली है। हम सब बहुत साधारण आत्माएं है लेकिन वे महात्मा है। गांधी के महात्मा होने के दर्जे करुणा, सहिष्णुता और शांति के दृष्टिकोणों से भरे पड़े है। पश्चिमी भारत के साधारण से गांव में जन्मे गांधी ने असाधारण करतब किए जिन से सारा विश्व चकित- आलोकित हुआ। वे उस समय के उन थोड़े से लोगों में थे जो पढ़े- लिखे प्रगतिशील नागरिक थे और अपने जीवन के हर क्षण का सदुपयोग अंग्रेजी हुकूमत की बर्बर यंत्रणाओं से भारत की मुक्ति के प्रयासों में करते थे। वे जब लंदन से बैरिस्टर बनकर लौटे तो उन्होंने भारत के ग़रीब, पिछड़े, आदिवासी और दलित- वंचित जनमानस के लिए अपने हृदय के पट खोल दिये। दक्षिण अफ्रीका से उनके सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण बदलाव शुरू हुआ जिसका प्रभाव आज अनेक वर्ष पर्यन्त वक्त-बेवक्त झलकता रहता है। दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों और अश्वेतों को वोट देने तथा फुटपाथ पर चलने तक का अधिकार नहीं था, गांधी ने इसका कड़ा विरोध किया और अंततः वर्ष 1894 में नटाल इंडियन कांग्रेस नामक एक संगठन स्थापित करने में सफल रहे। दक्षिण अफ्रीका में 21 वर्षों तक रहने के बाद वे वर्ष 1915 में वापस भारत लौट आए। उनके इस आंदोलन ने उन्हें वैश्विक केंद्र बना दिया था। अंग्रेजी हुकूमत उनसे भय खाने लगी थी और देशवासी उनमें महात्मा ढूँढना चाहते थे।

महात्मा गांधी जब भारत लौटे तो उन्होंने देश के उन करोड़ों नागरिकों को देखा जिनका जीवन अभावों और त्रासदियों के सिवाय कुछ नहीं था। इन सब दृश्यों से भयभीत होकर अपना संपूर्ण शेष जीवन गांधी जी ने सेवा-कार्य में लगा दिया। उन्होंने सूट-बूट और टाई को छोड़कर लंगोट धारण कर ली। हाथ में लकड़ी लिए और शरीर पर खादी लपेटे वे दु:ख और असहायता के इस संसार में प्रतिरोध के सबसे बड़े प्रतीक बने। वे जितनी आत्मीयता से भारत की गलियों में पैदल घूमते हुए मीलों की यात्राएँ करते उतनी ही विनम्रता से वे चरखा कातते हुए स्वदेशी व स्वराज का मंत्र पढ़ते। वे जितने अधिक लोगों से उनका कष्टमय जीवन और अंग्रेजी सत्ता के अत्याचारों को सुनते उतनी ही त्वरित गति से वे देश में बुनियादी शिक्षा के महत्व का राग गाते। धर्म, प्रांत, जाति और राष्ट्रीयता से अलग-थलग पड चुके भारत में वे वैमनस्यता, छुआछूत और जातिवाद के ख़िलाफ़ वैष्णव जन तो तेने कहिए जै पीर पराई जाने रे' गाते रहते। दलितों को वे अछूत नहीं समकक्ष समझते थे, उनके हितों के लिए वे सत्ता के हर प्रतिरोध से बिना किसी हिचकिचाहट के लड़ते। भारत में जैसी परिस्थितियाँ उन दिनों थी उसमें किसी दलित का रसोई में पहुँचना अपराध जैसा था लेकिन गांधी जी इन सामाजिक विवशताओं के ख़िलाफ़ खड़े रहे। विशुद्ध आत्मबल के बल पर जलने वाली समाजवाद की यह लौ अंग्रेजी हुकूमत ही नहीं तत्कालीन समाज के लिए भी एक चोट थी, गांधी जी उन सबके बीच निर्लिप्त जीवन के प्रणेता थे।

महात्मा गांधी का संपूर्ण जीवन चरित्र अहिंसा के इर्द-गिर्द दिखता है। गांधी जी ने पूरी अहिंसक कार्य पद्धति को 'सत्याग्रह' का नाम दिया। चंपारण और बारदोली सत्याग्रह गांधी जी द्वारा केवल लोगों के लिये भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु नहीं किये गए थे, बल्कि तत्कालीन ब्रिटिश शासन के अन्यायपूर्ण रवैये का विरोध करने हेतु किये गए थे। गांधीजी का सत्याग्रह उनके प्रमुख हथियारों में से एक था जिसके समक्ष अक्सर अंग्रेजी हुकूमत झुक जाया करती थी। अंग्रेजों को विभिन्न आंदोलनकारियों द्वारा की जा रही हिंसक घटनाओं से अधिक भय इस बूढ़े से था जो अपनी विलक्षण प्रतिभा के दम पर पूरे भारत को एकजुट कर सकता था। प्रचार- प्रसार, विज्ञापन और संचार के किसी भी साधन के बिना उनके सत्याग्रह आंदोलनों में उमड़ने वाली भीड़ ने अंग्रेजों की चिंता बढ़ा दी थी। वे बाहरी जीवन शैली की भौतिक शुद्धि से अधिक अंतर्मन की शुद्धि पर बल देते थे। सविनय अवज्ञा आंदोलन, दांडी सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन ऐसे प्रमुख उदाहरण थे जिनमें गांधी जी ने आत्मबल को सत्याग्रह के हथियार के रूप में प्रयोग किया। गांधी के सत्याग्रह और अहिंसा के हथियार के सामने ब्रिटिश सरकार बेबस हो चुकी थी।

आजादी के बाद जब देश अराजकता और दंगों की आग में झुलस रहा था तो गांधी ने पैदल ही प्रभावित क्षेत्रों में चलने का साहस दिखाया। महात्मा गांधी ही थे जो माउंटबेटन के लिए बंटवारे के समय सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरे थे। 16 अगस्त 1946 को देश में नरसंहार की शुरुआत कलकत्ता से हुई। बंगाल के भीतरी हिस्सों में शुरू हुई इन हिंसक घटनाओं की चपेट में पूरा देश आ गया। विभाजन का यह दर्द विभीषिका बनकर नए-नवेले स्वतंत्र देश के सामने खड़ा था। बंगाल की आग ने बिहार को चपेट में ले लिया फिर संयुक्त प्रांत पंजाब ने मानवता के मुँह पर कालिख पोतना शुरू कर दिया। सम्पूर्ण आज़ादी के साथ इस देश को मिला था विभाजन से उपजा असंतोष और हिंसा। ऐसे विपरीत माहौल में गांधी ने देश की ग़रीब, झुग्गियों में रहने वाली, सदियों से शोषण झेलने वाली जनता के समक्ष जाने का साहसिक निर्णय किया। वे पहले बंगाल के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में गए, फिर बिहार आकर लोगों को ढांढस बंधाया और उसके बाद दिल्ली गए जहाँ भारी संख्या में शरणार्थी अपने शांति- दूत का इंतजार जार रहे थे। बदले की भावना में जलते शरणार्थी समुदायों के बीच वे शांति का पाठ पढ़ते रहे। गांधी ने उन दिनों लगभग 116 मील की यात्रा की जिसमें अधिकांशतः वे पैदल ही रहे। लार्ड माउंटबेटन ने कहा कि पंजाब में काम कर रहे पचास हज़ार फौज के जवानों की तुलना में बंगाल में एक निहत्था आदमी ज़्यादा प्रभावशाली साबित हुआ।

महात्मा गांधी ने विश्व के बड़े नैतिक और राजनीतिक नेताओं जैसे- मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेल्सन मंडेला और दलाई लामा आदि को प्रेरित किया तथा लैटिन अमेरिका, एशिया, मध्य पूर्व तथा यूरोप में सामाजिक एवं राजनीतिक आंदोलनों को प्रभावित किया। उनका विराट व्यक्तित्व देश की सीमाओं को पार करके अंतर्राष्ट्रीय ख्याति पा गया था।

महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी जी के बारे में कहा था कि भविष्य की पीढ़ियों को इस बात पर विश्वास करने में मुश्किल होगी कि हाड़-मांस से बना ऐसा कोई व्यक्ति भी कभी धरती पर आया था। आज जब दुनिया में वैश्वीकरण, मुक्त बाजारों, निजीकरण और उदारीकरण का चारों ओर बोलबाला दिखता है तो गांधी के न्याय सूत्र जो हिंसा, उग्रवाद, असमानता, गरीबी और विषमता के पार देखने की साहसिक दृष्टि रखते है, प्रासंगिक हो जाते है। ऐसे समय में महात्मा गांधी के विचार और शैली अधिक प्रासंगिक और मुखर हो जाते है। (लेखक गांधी विचार के अध्येता और राजनीतिक कार्यकर्ता है ।)

**-डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत,**
**बीकानेर**

# भगवान के प्रसाद में भी अब मांसाहारी तत्व, मनुष्य की निकृष्टता अब चरम पर



प्रो. ( डॉ. ) वीर बहादुर सिंह

मालूम नहीं हम कब से भगवान को भी माँसाहारी बनाने की चेस्टा में लगे हैं? प्रसाद के घी में पशु शरीर की चर्बी मौजूद, गजब हो रहा है। भारत में किसी भी खाद्य पदार्थ का शुद्ध मिलना अब संभव नहीं। देश को आज़ादी का यह एक तोहफा है जिस पर किसी को एतराज नहीं और न ही कोई इससे खुद को प्रभावित समझता हैबल्कि इसको दिनचर्या का एक हिस्सा मान लिया गया है। एक बड़ी महत्वपूर्ण बात इस सम्बन्ध में यह है कि जैसे जैसे मिलावट के पक्ष पर सरकार ने नकेल कसने के लिए नए नए क़ानून लागू किये मिलावट का धंधा उतना ही बढ़ता गया जो अब बिकराल हो गया।

हमें पता है कि मिलावट के निषेध के लिए पहले एक क़ानून होता था- 'प्रिवेंशन ऑफ़ फ़ूड अडल्ट्रेशन', तब अधिक जोर घी की शुद्धता और दूध व् उससे बने पदार्थों पर ही अधिक फोकस था, कानून की व्यापकता को आवश्यकता के अनुसार शनैः शनैः बढ़ाया गया और फलस्वरूप आज हम 'खाद्य प्राधिकरण' विस्तार में फूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड एक्ट या प्राधिकरण (फस्सीए या फस्सायी) के नाम से जानते हैं।

विभाग का दायरा विस्तृत तो हो गया, बड़े अफसरों और सहयोगी कर्मचारिओं की संख्या भी वेताहसा बढ़ा कर बिना किसी वांछित उद्देश्य की प्राप्ति के सरकारी खर्चा बेहिसाब बढ़ा लिया गया। यह खर्चा अंततः टैक्स की माध्यम से जनता की जेब से ही जाता है। इस मुद्दे और इसके जैसे अन्य पर कभी कोई प्रश्न अथवा जन आंदोलन नहीं उठा । जनता को आभास ही नहीं होता कि ऐसे सभी कार्य जनता की जेब से धन निकाल कर सरकार अपने अफसर और कर्मचारिओं व् उनके परिवारों का पेट पालती है। सरकार के इस कृत्य से हमें कोई परेशानी या सरोकार नहीं। हाँ, यह जानकर कि सरकार की फिजूल खर्ची से आम आदमी टेक्सों के भार से ग्रसित हो रहा है। आम आदमी का इन बातों का ज्ञान नहीं होने से अनेक टेक्सों के वेबजह भार से अनभिज्ञ है।

भगवान् के मंदिर परिसर और वहां संपन्न होने वाले सभी कार्यक्रम सनातनी परंपरा में सात्वकि प्रकृति के माने जाते हैं। मंदिर पर चढ़ने वाला प्रसाद, वहां से बटनें वाला प्रसाद तथा उस परिसर में उपस्थित दुकानों से बिकने वाला प्रसाद यदि दूषित, मिलावटी और खाने अयोग्य अवयवों से मिश्रित तथा बीमारी उत्पन्न करने वाले जीवाणुओं और विषाणुओं से आबद्ध हो तो फिर उस प्रसाद से सम्बंधित सभी लोग अपराधी हैं कम से कम भगवान् की नज़र में? जब तक यह जानकारी सार्वजानिक न हो जाय। तिरुपति बालाजी दक्षिण भारत में स्थित एक पौराणिक सनातनी मान्यताओं वाला प्रसिद्ध मंदिर है। उस मंदिर में अनेक प्रकार का चढ़ावा अर्पित होता है जिसमे मंदिर प्रबंधकों द्वारा बनाये और व् भगवान को भोग लगाने के प्रसाद और फिर वही प्रसाद दर्शनार्थिओं को बांटने और बेचने के लिए मुख्य अवयव होता है, के किसी आकस्मिक जांच या निरीक्षण के दौरान मिलावटी घी और फफूंदी से ग्रसित हुआ पाया गया, इस जानकारी के फैलने से जनता में हड़कंप मच गया। प्रसाद, मिलावटी और दूषित होना दोनों बातें मनुष्य के शरीर में रोग अथवा भीषण फ़ूड पॉइजनिंग कर सकते हैं।

यह एक अति गंभीर संकटीय मसला है जो मंदिर के प्रबंधकों की गलत कारगुजारी, मिलावट और भ्रष्टाचार की तरफ इंगित करता है साथ ही सबसे प्रसिद्ध सनातनी हिन्दू मंदिर की पवित्रता और विश्वशनीयता और लोक प्रियता को धूमिल भी करता है। भगवान् के प्रति ख़त्म होती निष्ठां अब एक गंभीर विषय बन चुका है। यह लेख लिखने से पहले मैनें इस विषय पर अपने एक मित्र से थोड़ी चर्चा की, तो उनका कहना था कि ये गोरखधंदा हो सकता है काफी समय से चल रहा हो फिर प्रसाद को दूषित और मिलावटी करने के पाप की सजा भगवान् ने दोषिओं को क्यों नहीं दी? उनका कहना तार्किक था भगवान् लगता है निष्क्रिय और निर्लिप्त बन गया है।

इस पक्ष पर लेखक बिना कोई टिप्पणी किये इतना ही कहेगा कि हिन्दू धर्मालम्बिओं की आस्था को यह एक गहरा आघात है। जिस समय यह लेख लिखा जा रहा है उसी समय खबर मिली कि बीकानेर में स्कूल में बच्चों को खाने में मिलने वाले मिड डे मील में से चूहा स्कूल के लोगों ने निकाला। सवाईमाधोपुर के प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश भगवान् की मंदिर में निरीक्षण के दौरान 2200 किलोग्राम बना हुआ दूषित फफूंदी लगा प्रसाद जब्त कर गढ़े में गाडा गया, साथ ही स्टोर में रखे प्रसाद बनाने में प्रयुक्त अवयव भी फफूंदी संक्रमित मिले जिन्हें नष्ट किया गया।

देश में ऐसे सैकड़ों मांमले खोजने पर मिल जायेंगे। शिथिल डेमोक्रेसी, उदासीन प्रशासन, राजनितिक हस्तक्षेप, वकीलों और न्याय विज्ञों द्वारा ऐसे मसलों पर उदासीन व् पक्षपातपूर्ण रवैया उचित कड़ी और त्वरित सजा न देना, ऐसे कृत्यों को बढ़ावा देते हैं। देश की काबिल न्याय प्रणाली भी भगवान् के मंदिर की प्रतिष्ठा व् गरिमा को ठेस पहुँचाने में भागीदार माने जा सकते हैं।

लेखक स्वय तिरुपति बाला जी के दर्शन को एक से अधिक बार गया था और पाया था कि उस मंदिर के प्रसाद में जो लड्डू बनते, बटते, और बिकते हैं उनमे नमी/आद्रता या जल की मात्रा अधिक होती है, उन लड्डुओं को फफूंदी लगने के कारण उदयपुर बिना संक्रमण के नहीं ला सके। फफूंदी की अनेक किस्में विषाक्त होती हैं। प्रसाद या खाना ख़राब होने के लिए सरकार भी कुछ अनुकूल स्तिथियाँ उत्पन्न करवाने में सहायक बनती है। स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले मिड डे मील की दास्तान भी रोचक है। स्कूल पढ़ने और पढ़ाने के लिए हैं न कि खाना बनाने और खाने खिलने के लिए। जीवाणु शास्त्र के अनुसार किसी भी पके हुए खाद्य में जीवाणुओं ;विषाणुओं की संख्या खाद्य का तापक्रम नार्मल आने के बाद बढ़ने लगती है जो प्रति 15 मिनट में दुगुनी होती जाती है। ये जीवाणु पेट में खतरनाक रसायन पैदा कर देते हैं जिनसे उपभोगकर्ता बीमार होकर मर भी सकता है। यह निर्भर करता है कि खाद्य में कितने और किस प्रकार के जीवाणु मौजूद हैं? इसलिए वर्तमान मिड डे मील का स्वरुप बदलने की भी शीघ्र आवश्यकता है।

दक्षिण के कुछ मंदिरों पर सूखा प्रसाद चढ़ाने की परंपरा भी है जिसमे भुना चना, चावल की लाई और शक्कर की रेवड़ी मिला या जाता है। लेखक ने खुद अपने शिक्षा काल में स्कूल में ऐसा ही नास्ता खाया है, विकल्प के तौर पर पोहै, पुलाव, चिवड़ा, लाई, उबले अथवा भुने चने, नमकीन चने/मूग/मौठ दिए जा सकते हैं जिनमे संक्रमण की सम्भावना अपेक्षाकृत बहुत कम होती है और पेट के लिए भी मित्रवत होते हैं।

स्कूल में मिड डे खाना पकने और खिलाने की अवधि में अनेक पदों पर खाद्य निर्माण में जीवाणुओं और किण्वकों द्वारा दूषित होने की पूर्ण सम्भावना होती है।

मैनें क्रीम से बनने वाले मक्खन में इस संक्रमण पर अन्वेषण किये थे जो डेरी के एक मशहूर पत्रिका में 1964 में छपे है। लेखक की दृष्टि से शुष्क और निर्जलीय मिड डे मील और सूखा प्रसाद ही अपेक्षाकृत मंदिर के लिए सुरक्षित और वांछित है। वहीं किसी भी प्रकार की निर्मित मावा, छेना, बेसन, शक्कर से बनी मिठाई कभी भी जान लेवा स्तिथि पैदा कर सकती है।

**-प्रो. ( डॉ. ) वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति व् खाद्य विज्ञ,**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर**

# 100 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओं का सम्मान किया

**राजगढ़,** (निसं)। निर्वाचन आयोग के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ में 100 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओं का उपखंड प्रशासन की ओर से अभिनंदन किया गया।

इस दौरान शतायु मतदाताओं का मतदाताओं का माल्यार्पण एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। रिटर्निंग अधिकारी सीमा खेतान ने बताया कि इस दौरान चुन्नीलाल की कोठी राजगढ़ निवासी सोहनलाल सैनी 111 वर्ष एवं अवधूत दत्त आश्रम के पास निवासी रामप्यारी 100 वर्ष एवं श्रीनगर बांदेन निवासी रामादेवी 102 वर्ष का फूलमाला एवं प्रमाण पत्र से सम्मान किया गया।

लोकतंत्र के आधार स्तंभ शतायु मतदाताओं का माला एवं साफा बांध प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर लोकतंत्र की महिमा को गौरवान्वित किया। इस दौरान वृद्ध जन ने संस्मरण भी सुनाए। निर्वाचन विभाग से जुड़े नायब तहसीलदार छोटे लाल मीणा,रामावतार सैनी सहायक प्रशासनिक अधिकारी, हरिशंकर शर्मा सहायक प्रोग्रामर, धीरज शर्मा सूचना सहायक, श्यामलाल शर्मा पर्यवेक्षक, मनमोहन शर्मा बीएलओ एवं दीपक कुमार, दिगंबर एवं जितेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ में 100 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओं का अभिनंदन किया गया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 2 अक्टूबर, 2024**

अश्विन मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, बुधवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र दिन 12:23 तक, ब्रह्म योग रात्रि 3:21 तक, चतुष्पद करण दिन 10:59 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-मिथुन, बुध-कन्या, गुरू-वृष, शुक्र-तुला, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:23 से सूर्योदय तक है। कुमार योग रात्रि 12:19 से सूर्योदय तक है। आज देवपितृकार्य अमावस्या, सर्वपितृ श्राद्ध, सिंजा माता पूजा और पितृपक्ष पूर्ण होगा। आज महात्मा गांधी और शास्त्री जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:20 तक, शुभ 10:48 से 12:16 तक, चर 3:13 से 4:41 तक, लाभ 4:41 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:24, सूर्यास्त 6:09

**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होने लगेंगे। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी और अनावश्यक धन खर्च होगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। धन हानि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**मीन**
घर-परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

## सार-समाचार

### बुजुर्गों का रखें ध्यान : एल.एन. मंत्री

**पाली**, (नि.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंति के अवसर पर समाज कल्याण सप्ताह के अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह के शुभारंभ सेवा समिति वृद्धाश्रम पाली में जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने सप्तनीक वृद्धजनों को सम्मान कर उनको भोजन करवाया और इस अवसर पर बुजुर्गो की सेवा करने वाले और सराहनीय कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया और इस अवसर पर उनका आर्शीवाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारी जड है सभी को इनका ध्यान व सम्मान करना चाहिये सभी फूल पत्तियों आदि का ध्यान रखते है लेकिन जडो पर ध्यान कम देते है तो हमे जडो ंका भी ध्यान रखना चाहिये ताकि इनका आशीर्वाद मिलता रहे उन्होंने कहा कि आज हम जो भी है इनकी बदौलत है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विक्रम सिंह भाटी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया और कहा कि हमे बुजुर्गो की सेवा करनी चाहिये ताकि इनका आर्शीवाद हमें मिलता रहे साथ ही उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सदैव बुजुर्गो ,महिलाओं , बच्चों की सेवा के लिये तत्तपर है। इस अवसर पर बुजुर्ग अपने बीच जिला कलक्टर को पाकर प्रफुल्लित हुये और जिला कलक्टर को भोजन करवाते देख खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक , जेपी अरोडा ने अतिथियों का स्वागत किया और सम्बोधित कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति , मूल सिंह भाटी , सेवा समिति के प्रमोद जैथलिया ,राजेन्द्र मेहता , सुशील कोठारी , कांतिलाल सभी ने इस कार्य में अपना योगदान दिया । इस अवसर पर सेवा समिति में वृद्वजन व अन्य लोग मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों का चयन किया

**जालोर**, (का.सं.)। 35वीं जिला स्तरीय शिक्षक क्रीडा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024-25 के दौरान जिला स्तर पर विभिन्न खेलकुद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राज्य स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। स्टेडियम मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी किस्तूराराम बामनिया व राजेन्द्र सिंह कांबावत व खीम सिंह राजपुरोहित एवं आयोजक सचिव कविता व्यास उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कुल 4 ब्लॉक के 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेक व तस्तरी तथा टेबल टेनिस, बैडमिंटन शतरंज, वालीबाल, बास्केटबाल, कबड्डी इत्यादि सांस्कृतिक एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसी प्रकार प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसीबीईओ रमेश खोरवाल व अध्यक्षता शारीरिक शिक्षक हिरजी एम पटेल व आयोजक सचिव कविता व्यास उपस्थित रहे। 35वीं शिक्षक क्रीडा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024-25 के लिए 26 से 27 सितम्बर तक प्रशिक्षण किया जायेगा एवं राज्य स्तर प्रतियोगिता 30 से 31 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रा.उ.मा.वि. बांदीकु दौसा, न्यू रॉयल पब्लिक सैकन्डरी स्कूल गुरुद्वारा रोड धौलपुर व जैन भटटारक यशकीर्ति उ. मा. वि. प्रतापगढ़ में जालोर जिले के चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे । इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनीष ठाकुर, मनीष टांक, ओमप्रकाश, असलम खान, मिश्रीमल सुथार, जैता राम, रमेश दान राव, कृष्ण कुमार तिवारी, भंवरलाल सुथार, मुला राम, सरिता, व म. गा. रा. वि. हनुमानशाला के कार्मिक उपस्थित रहे।

### हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री आग से माल जला

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के सालावास रोड स्थित एक हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में रात पौने दो बजे भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना पर बोरानाडा से तीन गाडिय़ां मौके पर पहुंची और तडक़े तक आग पर काबू पाया। आगजनी में 40-45 लाख का माल जलकर नष्ट हो गया। आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट माना जा रहा है बाद में आग केमिकल तक पहुंच गई। कच्चा और तैयार माल जलकर नष्ट हुआ है। प्राप्त जानाकारी के अनुसार बोरानाडा फायर स्टेशन के प्रभारी हेतराम तेतरवाल ने बताया कि रात पौने दो बजे के आसपास सालावास रोड स्थित थार हैण्डीक्राफ्ट में आग की सूचना मिली। इस पर वे स्वयं मय स्टाफ गाड़ी लेकर वहां पहुंचे। आग की तीव्रता ज्यादा होने पर दो और गाडिय़ों को बुलाया गया। तीन घंटें की कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है मगर उसे मालिक अरविंद कालानी के अनुसार आग से 40-45 लाख का कच्चा एवं तैयार माल जलकर नष्ट हो गया। प्रभारी हेतराम तेतरवाल ने बताया कि आग लगने का प्रथम दृष्टया कारण शार्ट सङ्कूषर्र्कट प्रतीत हुआ है जिसके बाद केमिकल ने आग पकड़ ली। फायरमैन जसराज, राजू, मालाराम, सुरेश, अभिषेक और गुगन सिंह ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग को तीन घंटे यानी तडक़े तक काबू किया जा सका।

### जैसलमेर में कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर के नेतृत्व में हनुमान चौराहा पर गांधी दर्शन के आगे प्रदर्शन व नारेबाजी कर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह नाथावत को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव, लख सिंह भाटी, रुपचंद सोनी, शंकर सिंह करड़ा, कुन्दन प्रजापत, प्रेम डुंगर सिंह सुल्ताना, कमलेश छंगाणी, धर्मेन्द्र आचार्य, राधेश्याम कल्ला, दिलिप सिंह सोलंकी, नवरंग खान कंधारी, पम्मुमल भार्गव, जैनाराम सत्याठाही, तरुण दैया, विक्रम सिंह सोढ़ा, प्रताप दैया, भरत श्रीमाली, नरसिंगा राम, भगवाना राम भील, रमेश भार्गव, पदमाराम मेधवाल, चन्द्र प्रकाश पुरोहित, नारायण सिंह पाऊ, महेंद्र सिंह चौहान, विरेन्द्र मेधवाल, उपेन्द्र आचार्य, प्रदीप महेचा, नेमाराम मेधवाल, विक्रम सिंह, प्रवीण सिंह, रमेश खत्री, सगताराम पन्नू,भवानी शंकर चौधरी वचनाराम, श्रवण कुमार, प्रेमाराम भील, कमल भील, शाहरुख खान आदि उपस्थित रहे।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। जाेधपुर शहर के निकटवर्ती लूणी स्थित फींच गांव में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। प्राप्त जानाकारी के अनुसार लूणी थाना पुलिस ने मर्ग की कार्रवाई के उपरांत शव परिजन को सुपुर्द किया। लूणी पुलिस ने बताया कि फींच गांव निवासी 18 साल के सचिन पुत्र अचलाराम ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने आत्महत्या किस कारण की इसका पता नहीं चला। उसके भाई दीपक ने मर्ग में रिपोर्ट दी है।

# इस वर्ष एक लाख युवाओं को नौकरी देंगे : जोगाराम पटेल

जोधपुर, (कासं)।संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मंगलवार को एसएन मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में वानिकी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित 119 वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा राइजिंग राजस्थान समिट के माध्यम प्रदेश में निजी क्षेत्र में रोजगार के नवीन अवसर सृजित होंगे। इस समिट से प्रदेश के तीव्र औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। पटेल ने कहा प्रभु श्रीराम ने वनवास के दौरान चित्रकूट से किष्किंधा के अरण्य क्षेत्र में निवास किया एवं वन्यजीवों के सहयोग से लंका पर विजय प्राप्त की, यह दृष्टांत मानव समाज को प्रकृति के संरक्षण का संदेश देते है। पटेल ने कहा विश्व भर में पर्यावरणीय समस्याएं एवं पर्यावरण संरक्षण सबसे ज्वलंत मुद्दा है। इसके समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' का शुभारंभ किया, जो एक जन अभियान बन चुका है। पटेल ने कहा वनरक्षक हमारे पर्यावरण के सजग प्रहरी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा वनरक्षक अवैध वन कटाई, वन्यजीवों के शिकार एवं अवैध तस्करी सहित पर्यावरण विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

इस मौक़े संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह ने कहा कि पूर्ण गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। यह प्रशिक्षण आपकी राजकीय सेवा में नींव के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा अपने दायित्वों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें और नकारात्मकता से बचें। उन्होंने कहा प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में द्विमार्गी संचार का प्रयोग कर नव कार्मिकों को प्रशिक्षित करें।

मुख्य वन संरक्षक राजकुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा सभी प्रशिक्षणार्थी अनुशासन एवं कत्तर्व्य निष्ठा के साथ प्रशिक्षण पूर्ण करें। उन्होंने कहा बजट घोषणा के अनुरूप सभी जिलों में मातृ वन क्षेत्र की स्थापना की जा रही है।साथ ही विभाग द्वारा 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान' की प्रभावी मॉनिटरिंग के द्वारा बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### 476 वनरक्षक प्रशिक्षण ले रहे

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 476 प्रशिक्षणार्थी वनरक्षक भाग ले रहे है। जिसमें से 236 महिला वनरक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। कार्यक्रम में डूंगरपुर से वनरक्षक शिल्पा हाड़ा एवं अजमेर से वनरक्षक शर्मिला मांकड़ ने एक माह के क्षेत्र प्रशिक्षण संबंधी अनुभव साझा किए।

# अर्जित कार्यानुभव के लिए बोनस अंक से वंचित रखना गैर वाजिब : हाईकोर्ट

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने लैब तकनीशियन नियमित भर्ती-2023 के मामले में महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि राजस्थान पैरामेडिकल कॉउन्सिल में रजिस्ट्रेशन से पूर्व, राजकीय अस्पताल में अर्जित कार्यानुभव के लिए बोनस अंक से वंचित करना गैरवाजिब है। कोर्ट ने याची को छह सप्ताह के भीतर बोनस अंक देकर लैब तकनीशियन पद पर समस्त पारिणामिक परिलाभ सहित नियुक्ति देने के आदेश दिए। राजस्थान हाइकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की एकलपीठ से भारी राहत मिली।

रातानाडा जोधपुर निवासी व एमडीएम अस्पताल में कार्यरत अर्जुन सेन की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी व विनीता ने रिट याचिका दायर कर बताया कि राजस्थान पैरामेडिकल कॉउन्सिल जयपुर के अधीन दो वर्षीय लैब टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा पास कर मथुरादास माथुर अस्पताल जोधपुर में कोरोनाकाल के दौरान विषम परिस्थितियों में 02 जुलाई 2021 को लैब तकनीशियन के सविंदा पद पर जॉइन किया था। तब से ही वह नियमित लगातार सेवाएं दे रहा है।

तत्समय पैरामेडिकल कॉउन्सिल ने भी कोविड-19 की महामारी को मद्देनजर रखते हुए रजिस्ट्रेशन के बिना ही लैब तकनीशियन व रेडियोग्राफर पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए कंसीडर करने के लिए चिकित्सा विभाग को पत्र लिखा। तदनुसार इमरजेंसी को देखते हुए चिकित्सा विभाग ने मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमाधारी अभ्यर्थियों को माह जुलाई 2021 में नियुक्तियां दी गयी ताकि राजकीय अस्पतालों की सेवाएं सुचारू रूप से चल सके। अब लैब तकनीशियन के पदों पर नियमित भर्ती के लिए विज्ञप्ति 31 मई 2023 जारी की गई।

याची ने भी अपना आवेदन पेश किया, जिसमें चयन प्रक्रिया के बाद चिकित्सा विभाग ने अस्थायी चयन सूची जारी की, जिसमे याची का चयन कर लिया गया, लेकिन अंतिम चयन सूची से उसका नाम यह कहते हुए हटा दिया कि उसके राजस्थान पैरामेडिकल कॉउन्सिल जयपुर में रेजिस्ट्रेशन होने की दिनांक से अनुभव की गणना की जाने पर वह बोनस अंक का हकदार नहीं है।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि विज्ञप्ति में यह कहीं पर भी नहीं लिखा गया है कि अनुभव की गणना रजिस्ट्रेशन की दिनाँक से की जाएगी। विज्ञप्ति की शर्तों अनुसार वह सभी निर्धारित योग्यता रखता है और बोनस अंक पाने का भी हकदार है। समान पद पर कार्य अनुभव, नियमित पद के लिए निर्धारित अपेक्षित योग्यता नहीं होकर वह केवल बोनस अंक का हकदार बनाती है। ऐसे में समान पद पर किया गया कार्य अनुभव को शून्य नहीं किया जा सकता है जबकि सविंदा नियुक्ति भी राज्य सरकार स्वयं ने दी थी।

राज्य सरकार की ओर बताया गया कि पूर्व प्रकरण माधव सिंह बनाम राज्य सरकार में समान रिट याचिका खारिज की जा चुकी है, जिस पर याची के अधिवक्ता ख़िलेरी ने उक्त रेफर्ड प्रकरण के तथ्य व परिस्थितिया भिन्न होने से उक्त न्यायिक दृष्टांत प्रस्तुत प्रकरण में लागू नहीं होने व डिस्टिंगसएबल होने का निवेदन किया गया। याची के प्राप्तांक सामान्य और ओबीसी वर्ग के अंतिम कटऑफ से भी ज्यादा है, ऐसे में उसे नियुक्ति से वंचित करना गैरकानूनी और असवैधानिक है।

प्रकरण के तथ्यों और मामले की परिस्थितियों को देखते हुए और याची के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होकर राज.हाइकोर्ट एकलपीठ ने रिट याचिका स्वीकार करते हुए याचिकाकर्ता को 15 बोनस अंक दिए जाकर मेरिट अनुसार समस्त नोशनल पारिणामिक परिलाभ सहित लैब तकनीशियन पद पर छह सप्ताह के भीतर भीतर नियुक्ति देने का आदेश दिया।

# प्रदेश में अपराध की घटनाएं बढ़ी : भंवरलाल मेघवाल



भाजपा सरकार के विरोध में कांग्रेसजनों ने जालोर में कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की ओर से 1 अक्टूबर को राज्य की भाजपा सरकार के विरोध में प्रदेश महासचिव एवम जिला प्रभारी मोहन डागर के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट जालोर के सामने धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर राष्टपति के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन कलेक्ट्रेट जालोर के सामने एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया तथा वहाँ वक्तागण ने अपने,अपने विचार वक्त किये। तत्पश्चात सभी कांग्रेसजन राज्य की भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदेश एवम जिले की जनहित की जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल , जालोर कांग्रेस प्रत्याशी रमिला मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, प्रदेश महासचिव उम सिंह राठौड, प्रदेश सचिव शहजाद अली,पूर्व प्रधान पदमाराम सरगरा, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, जिला उपाध्यक्ष ममता जैन, आम सिंह परिहार, सेवादल जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई, मंडल अध्यक्ष पीर सिंह मालपुरा, रमेश सोलंकी, कुशाल सिंह राजपुरोहित गोपाल देवासी, पार्षद मिश्रीमल गहलोत, नरपत सिंह देवडा,किशनाराम चौधरी ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम के पश्चात समस्त कांग्रेसजन ने राजीव गांधी भवन जालोर में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जन्मदिवस केट काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर सामाजिक एवम रचनात्मक कार्य कर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के उत्तम स्वास्थ्य एवम लम्बी आयु की कामना की।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित,जिला उपाध्यक्ष कल्याण सिंह बोकडा, ईशराराम विश्नोई, भाद्राजून ब्लॉक अध्यक्ष गलबराम मीणा, नगराध्यक्ष मुमताज अली, नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार,मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह,पुणे खान, सांवलाराम देवासी,कैलाश शर्मा, देवाराम सांखला,सुल्तान खान भाटी, सुष्मिता गर्ग सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### नवो बाड़मेर अभियान चलाया

**बाड़मेर**, (निसं)। नवो बाडमेर अभियान की क्रियान्विति के लिए लगातार सफाई अभियान,कचरे का उङ्गाव एवं कचरा फैलाने पर प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से चालान काटने की कार्यवाही के साथ आमजन से समझाइश का दौर जारी है। नवो अभियान बाडमेर के उत्साहजनक नतीजे सामने आए है।

जिला कलक्टर टीना डाबी नवो बाडमेर की प्रभावी मोनेटरिंग के लिए मोबाइल एप के साथ सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रही है। इसके माध्यम से बेहतरीन कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के साथ आवश्यक निर्देश दिए जा रहे है। बाडमेर जिला मुख्यालय पर नवो बाडमेर अभियान के तहत वार्ड वार सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

इसके लिए प्रतिदिन प्रात: 21 प्रशासनिक अधिकारी संबंधित वार्डो में पहुंचकर सफाई अभियान की मोनेटरिंग कर रहे है। इनकी ओर से नगर परिषद के सहयोग से संबंधित वार्डो में सफाई व्यवस्था के साथ लंबे समय से एकत्रित कचरे के केर, निर्माण सामग्री एवं मलबा हटवाकर बाधित मार्ग खुलवाने के साथ नालियों की सफाई करवाई जा रही हैं। इस कार्य में स्थानीय आमजन के साथ भामाशाहों का सहयोग लिया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे नवो बाडमेर अभियान की बदौलत शहर की गलियों एवं वार्डो की तस्वीर बदलने लगी है।

### एक जना ट्रेन की चपेट में आया

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती बनाड़ स्थित बनाड़ कैंट स्टेशन के पास में एक अधेड़ ट्रेन की चपेट में आया गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस बारे में उसके पुत्र की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

बनाड़ पुलिस ने बताया कि सारण नगर बनाड़ रोड निवासी उम्मेदाराम जाट की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके पिता 55 वर्षीय अचलाराम पुत्र भंवरलाल जाट बनाड़ कैंट स्टेशन के समीप निकल रहे थे। तब अचानक आई ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। बनाड़ पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया।

# जोधपुर के प्रबल देवड़ा लॉन टेनिस एकल में विजेता बने

**जालोर**, (नि.सं.)। राज्य स्तरीय लॉन टेनिस छात्र-छात्रा 14 वर्ष प्रतियोगिता में व्यक्तिगत एकल मुकाबलों में छात्र वर्ग में जयपुर के हर्ष बंसल व जोधपुर के प्रबल देवड़ा के मध्य रोमांचक एवं संघर्षपूर्ण मैच में प्रबल देवड़ा राज्य चैंपियन व हर्ष बंसल उप विजेता रहे। वही हार्ड लाइन मुकाबले में झुंझुनूं के मेहुल चौधरी ने बीकानेर के दिव्यांश चौधरी को 3-2 से हराकर तृतीय स्थान अर्जित किया।

आयोजन समिति के संयुक्त संचालक एवं भारत विद्या मंदिर के प्रधानाध्यापक राजकुमार माली ने बताया कि छात्र वर्ग के सेमीफाइनल फाइनल मुकाबले में मेहुल चौधरी ने रूद्रांशवीर को, हर्ष बंसल ने राज्यवर्धन को, दिव्यम चौधरी ने लक्ष्य जोशी को, प्रबल देवड़ा ने ऋषिराज को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

वही छात्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अजमेर की भुवी ने अजमेर की कायरा को 4-1 से, जोधपुर शहर की दर्शामिनी ने अजमेर की उद्विता को 4-2 से, जोधपुर शहर की रौनक ने जोधपुर ग्रामीण की दिव्यांशी को ट्राई ब्रेकर में 7-3 से तथा जोधपुर शहर की अद्विता ने पाली की गौरी को 7-1 से परास्त कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया।

इस अवसर खेल प्रेमी, खिलाड़ी, निर्णायक व आयोजक मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव एवं जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक भेराराम चौधरी ने बताया कि छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों में जोधपुर ने प्रथम व अजमेर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही छात्रा वर्ग में जोधपुर ग्रामीण तृतीय व छात्र वर्ग में बीकानेर की टीम तृतीय स्थान पर रही।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन बुधवार को प्रातः 10 बजे शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम जालोर में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक होगा।

# बालोतरा में स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काफी गंभीर एवं संवेदनशील है। इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर एवं सुदढ बनाने के लिए अधिकारीगण नियमित रूप से स्वास्थ्य केंद्रों की मोनिटरिंग करें और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करवाएं। ये निर्देश जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए।

इस दौरान सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी, आरसीएचओ डॉ ताराचंद एवं पीएमओ डॉ. संदीप देवात, नरेंद्र चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों को देखते हुए सुनिश्चित करें कि आमजन को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर किसी तरह की कोई परेशानी न हो। किसी कार्मिक की लापरवाही से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

बीसीएमओ व संस्थान प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी बनती है, कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। आरएमआरएस की बैठक हर माह हो।

बैठक के दौरान डीपीएम विजय सिंह, डीएनओ रमेश एवं समस्त बीसीएम्ओ, बीपीएम एवं सीएचसी प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठजनों का सम्माप किया

**जालोर**, (नि.सं.)। विधायक छगन सिंह राजपुरोहित के आातिथ्य में मंगलवार को वरिष्ठजन संस्थान जालोर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीनियर सिटीजन दिवस पर आयोजित समारोह हुआ। जिला कलेक्टर प्रदीप गावड़े भी उपस्थित थे। 75 वर्ष से अधिक आयु के पूर्व सैनिक रणजीत सिंह बादनवाडी एवं वीरमाराम पवार सहित 30 लोगों का स्मृति चिन्ह, माल्यार्पण, शॉल से सम्मान किया गया।

# वरिष्ठ नागरिक हमारे प्रेरणा स्त्रोत, इनका ख्याल रखना कर्तव्य : डॉ. प्रियंका चौधरी

- अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर समारोह जांगिड़ पंचायत भवन में बाडमेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ

**बाड़मेर**, (निसं)। वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय जांगिड़ पंचायत भवन में बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी के मुख्य आतिथ्य, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह चांदावत की अध्यक्षता एव साउथ वेस्ट माइनिंग लिमिटेड के जनरल मैनेजर डी. के. सिंह , उप निदेशक (आयुर्वेद) डॉ.नरेंद्र कुमार, वरिष्ट अधिवक्ता अमृत लाल जैन , साउथ वेस्ट माइनिंग लिमिटेड की सीएसआर मैनेजर श्रीमती अनीता छंगाणी और विभाग संघ चालक मनोहर बंसल के विशिष्ट आथित्य में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अथितियो द्वारा भारत माता की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा सभी अथितियो का साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर व शॉल ओढाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉक्टर प्रियंका चौधरी ने कहा की वरिष्ट जन का साथ हमारे लिए ईश्वर का साया है। यह हमारे प्रेरणास्त्रोत है, हमारे मार्गदर्शक है, इनका ख्याल रखना और इनके साथ खडा रहना हमारा परम कर्त्तव्य है। चौधरी ने कहा की यह वही वरिष्ट जन है जिन्होंने हमें अंगुली पकडकर चलना सिखाया और आज जब इन्हें हमारी जरूरत है तो हमे इनके साथ खडा रहना होगा। चौधरी ने कहा की मेरे विधायक बनने में इन वरिष्ट जनों के आशीर्वाद का बहुत बडा योगदान है। चौधरी ने अपने उद्बोधन के दौरान वरिष्ठ नागरिको को अपने खान पान को शुद्ध रख कर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने व सदैव प्रसन्नचित रहने की बात कही।

अध्यक्षीय उद्बोधन में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह चांदावत ने कहा की बुजुर्ग हमारे संस्कार है। इनके पास वह अनुभव, तजुर्बा है जिससे आने वाली पीढी को मार्गदर्शन मिलता है। युवा पीढी को इसका लाभ लेना चाहिए और बुजुर्गो का पूर्ण ख्याल रखना चाहिए, यही हमारे परिवार और समाज की धुरी है। उन्होंने कहा की जिला प्रशासन सदैव वरिष्ठजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर है।

डॉ. नरेंद्र कुमार ने आयुर्वेद के जरिए स्वस्थ्य जीवन पर अपनी बात कहते हुए स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। डी. के. सिंह ने अपने उबोधन में कहा कि साउथ वेस्ट माइनिंग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य जांच, उपचार, नैत्र जांच व निशुल्क दवाईयों की व्यवस्था की गई है। साउथ वेस्ट माइनिंग सदैव वरिष्टजनों के हितार्थ तत्पर है । वरिष्ठ अधिवक्ता अमृत लाल जैन ने वरिष्ठ नागरिकों को कानून संबंधी जानकारी प्रदान की। मुख्य वक्ता मनोहर बंसल ने कुटुम्ब प्रबन्धन व आनेवाली पीढी को संस्कारित करने में बच्चों की माताओं की मुख्य भूमिका का बारे में बताया। इससे पूर्व प्रेम आचार्य द्वारा देश भक्ति गीत देश हमें देता है सब कुछ की प्रस्तुती दी गई। वरिष्ट अधिवक्ता अम्बालाल जोशी द्वारा मंचासीन अतिथियों का परिचय देकर स्वागत भाषण दिया गया। समिति के सचिव लूणकरण जांगिड ने वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की स्थापना व समिति द्वारा विगत 12 वर्षो से वरिष्ठ नागरिकों के हितार्थ की जा रही गतिविधियों की जानकारी व प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समिती के अध्यक्ष मिरचूमल कृपलानी द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। मंच संचालन मुकेश व्यास द्वारा किया गया।

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं अति विशेष बुजुर्ग 101 वर्षीय श्रीमती अजबोंदेवी, 83 वर्षीय प्रागा राम जांगिड, भूरो मल बियाणी 80 वर्ष व खेता राम सोनी 85 वर्ष को माल्यार्पण कर और शॉल ओढाकर, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शारदा देवी जमादार नगर परिषद बाडमेर, लीला देवी परमार सीता सोलंकी (राष्ट्रपति पदक से सम्मानित) को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिये सम्मानित किया गया । मुकेश बोहरा अमन (पर्यावरण क्षेत्र में), दिलीप बंसल को समाज सेवा में अग्रणी सेवा, सुधीर तापडिया बजरंग सत्संग समिति, आनन्द गुप्ता बालाजी सत्संग समिति द्वारा क्रमशः 1112 व 1050 सुन्दरकांड पाठ आयोजित करने के लिये सम्मानित किया गया।

वही वरिष्ठ नागरिकों के लिए साउथ वेस्ट माइनिंग लिमिटेड के सहयोग से मेडिकल कैंप व निशुल्क दवा वितरण का आयोजन किया गया जिसका विधायक डा. प्रियंका चौधरी व अन्य अथितियो द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। कैंप में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ सहित मेडिकल कार्मिकों द्वारा सेवा दी गई।

# नाचना पंचायत में घोटाला का अंदेशा, ग्रामीणों का प्रदर्शन जारी

**पोकरण**, (निसं)। पोकरण विधानसभा क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र में बाहुल्य क्षेत्र की सबसे धनी ग्राम पंचायत नाचना में घोटाले का अंदेशा को लेकर ग्रामीणों की ओर से शुरू किया गया धरना मंगलवार को छठे दिन भी जारी रहा।

धरने को लेकर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी के धरना स्थल पर नहीं पहुंचने के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री सहित अन्य उच्च अधिकारियों को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन भेज कर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से उच्च स्तरीय जांच दल गठित कर सरपंच के समस्त कार्यकाल की जांच कर कार्यो का मौके पर भौतिक सत्यापन कर दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की मांग की है।

पंचायत मुख्यालय के आगे बैठे ग्रामीणों ने मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री,प्रमुख शासन सचिव , महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को अलग अलग हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन भेज नाचना सरपंच पर अपने कार्यकाल के दौरान राज्य सरकार द्वारा आंवतित विकासीय बजट जिसके तहत विभिन्न प्रकार के कार्य करवाए। जिसने खुलकर भ्रष्टाचार किया जिसको लेकर ग्रामीणों ने पहले 29 दिनों तक धरना प्रदर्शन किया था तथा प्रशासन द्वारा उचित जांच करवाने के आश्वासन पर धरना स्थगित किया था, लेकिन जांच नही होने तथा सरपंच प्रतिनिधि,परिवार द्वारा ग्रामीणों को धमकियां देने के कारण ग्रामीणों को पुनः धरने पर बैठने को मजबूर होना पडा, जो सोमवार को पांचवे दिन भी जारी रहा।

ग्रामीणों द्वारा पिछले 29 दिन के चले धरने के दौरान सरपंच द्वारा करवाए प्रवेश द्वार, सार्वजानिक टांका निर्माण, इंटरलॉकिंग सडक, खरंजा सडक, सीमेंट्स सडक,,स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा निपटान, बबूल कटाई,सुलभ शौचालय, सोखता गढा, ग्रेवल सडक, नाली निर्माण, सिवरेज लाइन, नहरी क्षेत्र के खाला सफाई मरमत, पट्टी कवरिंग के कार्य, दूसरी बार पुनः शुरू किया गया अनिश्चित कालीन धरने के दौरान भी उसी मांग के साथ साथ अन्य कार्यो की भी मांग दोहराई गई है।

धरने पर नरपत सिंह देवडा, नरपत सिंह खालत, तेजसिंह, संतोष सोडिया, ओमप्रकाश गर्ग, हरचंद राम,बंशी राम, सरवन राम, जगमाल सिंह, शहजाद शेख आदि ग्रामीण धरना स्थल पर मौजूद हैं।

सरपंच प्रतिनिध नाचना नेमीचंद ने बताया कि सरपंच तेजल सोनी के कार्यकाल के दौरान किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुए है। राज्य सरकार द्वारा जो भी बजट जारी होता है, वो सभी कार्य मौके पर करने के बाद ही राशि जारी होती है। धरना देने वाले सभी नरेगा मेट है। कार्यो को लेकर दबाव बना रहे है। सरकार चाहे तो किसी भी एजेंसी से जांच करवा सकती है। हालांकि सरपंच तेजल सोनी से संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन फोन स्विच ऑफ आने के चलते उनका पक्ष ले नही पाए ।

धरनार्थ नाचना ग्रामीण नरपतसिंह देवडा ने बताया कि नाचना के ग्रामीणों द्वारा पहले भी 29 दिन का धरना दिया था तथा प्रशासन जांच करवाने के आश्वासन पर धरना स्थगित किया गया था, लेकिन आज तक कोई जांच नहीं हुई इसलिए ग्रामीण पुनः धरने पर है जरूरत पडी तो तीन दिन बाद आमरण अनशन पर भी बैठ सकते है।

# एक ही परिवार के चार जनों ने विषाक्त पीया, तीन की मौत

## पति-पत्नी और बेटी की मौत, 15 वर्षीय चीकू को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया

■ मृतक मेडिकल की दुकान करता था, प्रथमदृष्टया मौत का कारण आर्थिक तंगी बताया जा रहा है

**बीकानेर,** (निसं)। शहर के जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना इलाके में एक परिवार के तीन जनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। प्रथमदृष्टया मौत का कारण आर्थिक तंगी बताया जा रहा है। जानकारी के बाद मौके पर आईजी ओमप्रकाश,एसपी कावेन्द्र सागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा,जेएनवीसी थानाधिकारी सुरेश पचार टीम के साथ पहुंचे है। एफएसएल टीम भी पहुंच गई है। घटना के बाद घर के बाहर खासी भीड़ जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मूर्ति सर्कल 5 सी 42 में एक ही परिवार के चार जनों ने विषाक्त पदार्थ पी लिया, इनमें से तीन जनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान राहुल मारू, रूचि मारू, अराध्या मारू के रूप में हुई, जबकि 15 वर्षीय चीकू को गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह सभी किराए के मकान में रहते थे। पता चला है कि राहुल मेडिकल की दुकान करता था। मृतकों की पहचान राहुल मारू, रूचि मारू, अराध्या मारू के रूप में हुई। जबकि 15 वर्षीय चीकू को गंभीर हालत में पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह किराए के मकान में रहते थे। पता चला है कि राहुल मेडिकल की दुकान करता था। प्रथमदृष्टया मौत का कारण आर्थिक तंगी बताया जा रहा है।

जानकारी के बाद मौके पर बीकानेर आईजी ओमप्रकाश, एसपी कावेन्द्र सागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा, जेएनवीसी थानाधिकारी सुरेश पचार टीम के साथ पहुंचे। एफएसएल टीम भी पहुंच गई है। घटना के बाद घर के बाहर खासी भीड़ जुट गई। गौरतलब है कि 14 दिसम्बर 2023 को अत्योदय नगर में भी इसी तरह एक ही परिवार के पांच जनों ने आत्महत्या की थी।

## हादसे में अधेड़ की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। गोगुन्दा थाना क्षेत्र में कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सांय गोगुन्दा जसवंतगढ रोड़ पर कृष्ण कन्हैया होटल के समीप कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जसवंतगढ निवासी गोपीलाल (60) पुत्र रूपलाल ब्राम्हण की मौत हो गई।

गोपीलाल अपनी बाइक से गोगुन्दा से घर ला रहा था।जहां बीच रास्ते में सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल चरणसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## आर.टी.यू. के दो छात्र गुटों में झगड़ा

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्रों के दो गुटों में झगड़े का मामला सामने आया है। इसमें एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया है, जबकि दूसरे का हाथ टूट गया है। इस मामले में पुलिस ने 6 छात्रों के खिलाफ आरकेपुरम थाना पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। दूसरी तरफ आरटीयू भी इस मामले को स्टूडेंट डिसीप्लिनरी कमेटी में लेकर गई है। सभी छात्र यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग सेकंड ईयर के स्टूडेंट हैं और एक ही क्लास के हैं। यह सभी छात्र यूनिवर्सिटी कैंपस में ही रहते हैं। हालांकि उनके बीच झगड़ा कैंपस के बाहर हुआ है।

आरकेपुरम थाना अधिकारी अजीत बागडोलिया ने बताया कि थाना इलाके के हाड़ी रानी सर्कल पर दो छात्र गुटों में झगड़ा हो गया था। यह मामला 29 सितंबर देर रात का है। इनमें पहले कहासुनी हुई और यह मारपीट में तब्दील हो गई। एक गुट के छात्रों ने लकड़ी उठाकर दूसरे छात्रों के सिर पर मार दी। इसके चलते एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दूसरे का हाथ टूट गया है।

घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जहां पर इनका इलाज किया जा रहा है। सिर में ज्यादा चोट लगने से एक छात्र गंभीर घायल है। सीआई अजित बगडोलिया ने बताया कि 6 छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। झगड़े का कारण क्या था इसके बारे में पता लगाया जा रहा है।


**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

No. :- 308 Date:- 01.10.2024

**NIT : 02/2024-25**

Bids for **1.** Plantation work & maintenance for 5 years in CHS Swami Vivekanand Nagar, Kota (5 years maintenance) 2024-25 **2.** Plantation work & maintenance for 5 years in CHS Lakheri, Distt Bundi (5 years maintenance) 2024-25 are invited from interested bidders from 04.10.2024 to 18.10.2024 Other particular of bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state & http://urban.rajasthan.gov.in/rhb Department Website.

UBN No. :- RHB2425WSOB00227, RHB2425WSOB00228

Raj.Samwad/C/24/6036 Dy. Housing Commissioner, Circle Kota



**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-mail :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / विद्युत / 2024 / 13075 दिनांक : 19.09.2024

**ई–निविदा सूचना संख्या 07/विद्युत/2024**

नगर निगम कार्यालय, बीकानेर द्वारा विद्युत सम्बन्धित कार्य (राशि रूपये 17.50 लाख) हेतु इच्छुक सम्भरणकर्ता जो कार्य करने/सामग्री संभरण करने के लिए अनुभवी हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएँ आंमत्रित की जाती हैं। निविदा कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण एवं तिथि राज्य सरकार की ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in तथा नगर निगम बीकानेर की वेबसाईट www.bikanermc.org पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। UBN Code :- DLB2425SLOB09592

राज.संवाद / सी / 24 / 6031 आयुक्त नगर निगम, बीकानेर



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मालपुरा**

क्रमांक : 1006 दिनांक : 27-9-24

**निविदा सूचना संख्याः 07/2024-25 खण्ड मालपुरा**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड मालपुरा में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सी.डी. कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए", बी एव सी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code NIB PWD2425A1849
1 UBN No. PWD2425WSOB06675
2 UBN No. PWD2425WSOB06678
3 UBN No. PWD2425WSOB06679
4 UBN No. PWD2425WSOB06680
5 UBN No. PWD2425WSOB06682
6 UBN No. PWD2425WSOB06683
7 UBN No. PWD2425WSOB06687
8 UBN No. PWD2425WSOB06689
9 UBN No. PWD2425WSOB06703

DIPR/C/9328/2024 अधिशासी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड मालपुरा


# 11 महीने से हैंडपंप मिस्त्रियों को भुगतान नहीं मिला

## भुगतान के लिए हैंडपंप मिस्त्रियों ने एडीएम से गुहार लगाई

**डूंगरपुर,** (निसं)। डूंगरपुर पंचायत समिति की पंचायतों में काम करने वाले हैंडपंप मिस्त्री भुगतान के लिए दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। 11 महीने से हैंडपंप मिस्त्रियों को उनका भुगतान नहीं मिला है। जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड रहा है। पीडित हैंडपंप मिस्त्रियों ने एडीएम को ज्ञापन देकर भुगतान दिलाने की गुहार लगाई है।

डूंगरपुर पंचायत समिति के हैंडपंप मिस्त्री कल्याण सिंह ने बताया कि वे पंचायतों में हैंडपंप ठीक करने का काम करते आ रहे हैं लेकिन पिछले 11 महीने से उन्हें पंचायतों की ओर से उनके कार्य का भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान के बारे में डूंगरपुर पंचायत समिति के विकास अधिकारी ने पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों को पत्र लिखकर भुगतान करने के आदेश भी जारी कर रखे हैंए लेकिन पंचायतें उनका भुगतान नहीं कर रही हैं। जिसके चलते उन्हें अपना परिवार चलाने में परेशानी का सामना करना पड रहा है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में उन्होंने पंचायतों में हैंडपंप ठीक किए और लोगों को प्यासा नहीं मरने दिया। उसके बाद भी आज उन्हें उनके मेहनताने के लिए भटकना पड रहा है। कई बार पंचायतों और पंचायत समिति के चक्कर काटेए लेकिन 11 महीने बीतने के बाद भी उन्हें उनका भुगतान नहीं हुआ है। ऐसे में अब हैंडपंप मिस्त्रियों ने मंगलवार को एडीएम को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान दिलाने की मांग की है।

# रंजिश में लाठियों से पीटने के मामले में तीन जनों को आजीवन कारावास

## एक्सीडेंट का मुआवजा लेने की रंजिश में लाठियों से पीटने और जातिसूचक गालियां निकालने का मामला

**हनुमानगढ़,** (निसं)। एक्सीडेंट का मुआवजा लेने की रंजिश में लाठियों से पीटने और जातिसूचक गालियां निकालने के मामले में विशिष्ट न्यायाधीश एससी एसटी अत्याचार निवारण, सरिता स्वामी ने तीन जनों को दोषी करार दिया। तीनों दोषियों को अपराध अंतर्गत धारा 3(2)(वी) एससी/एसटी एक्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा अन्य धाराओं में भी कारावास तथा अर्थदंड से दंडित किया। राज्य की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक दुलीचंद चांवरिया ने तथा परिवादी की ओर से एडवोकेट जयपाल झोरड़ ने पैरवी की।

प्रकरण के अनुसार परिवादी मुकनाराम पुत्र राम मेघवाल निवासी झिलोदा ने भिरानी थाने में मामला दर्ज कराया था कि वह पेंटर का काम करता है। दो दिसम्बर 2015 को सुबह रारा ताल काम करने के लिए घर से गया था। शाम को काम करने के बाद वापस आया तो घर के सामने रास्ते पर लालचंद पुत्र भूप सिंह जाट जसवंत सिंह पुत्र करतार सिंह जाट, कालू पुत्र भूपसिंह जाट, लालचंद का लड़का नाम नामालूम निवासी झिलोदा हाथों में लाठियां लिए खड़े थे। परिवादी को जातिसूचक गालियां निकालते हुए जबरदस्ती पकड़ कर लालचंद के घर ले गए।

वहां आरोपियों ने परिवादी व उसके पिता को रस्सियों से बांधकर लाठियों आदि से पीटा। शोर मचाया तो रामबक्श आदि आए जिन्होंने छुड़ाने की कोशिश की। मगर आरोपियों ने नहीं छोड़ा तथा मारपीट करते रहे। परिवादी ने पुलिस को बताया कि करीब एक साल पहले वर्ष 2014 में आरोपी जसवंत सिंह ने पानी के टैंकर से उसको टक्कर मार दी थी। इस पर उसने इलाज आदि के लिए जसवंत सिंह से पैसे लिए थे। आरोप था कि इसी बात की रंजिश में उसने अपने परिजनों के साथ मिलकर उस पर हमला किया। भिरानी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की तथा आरोपी जसवंत सिंह, लालचंद तथा कालूराम उर्फ सुमेर सिंह के खिलाफ चालान पेश किया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद तीनों जनों को सजा सुनाई।

कोर्ट ने तीनों दोषियों को आईपीसी की धारा 308 में सात वर्ष, 323 में एक वर्ष, 341 में एक माह, 342 में एक वर्ष, धारा 324 में तीन वर्ष 320 में 10 वर्ष, 325 में छह वर्ष, धारा 3(1)(एक्स) एससी/एसटी एक्ट में छह माह तथा धारा 3(2) (वी) एससी/एसटी एक्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।


राजस्थान सरकार

**जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जालोर**

क्रमांक :/ सूप्रौजा/स्टोर/नीलामी/2024/917 दिनांक : 26/9/24

**: नीलामी सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जालोर के भण्डार में रखा अनुपयोगी /अप्रचलित / नकारा आई.टी. उपकरणों एवं नॉन आईटी सामग्री की नीलामी सार्वजनिक खुली बोली द्वारा की जावेगी। अनुपयोगी /अप्रचलित आईटी उपकरणों की पुस्तक मूल्य राशि 2953167/- रूपये एवं नॉन आईटी सामग्री की पुस्तक मूल्य राशि 82978/- रूपये हैं। आईटी उपकरणों का आरक्षित मूल्य राशि 24700/- एवं नॉन आईटी सामग्री की आरक्षित मूल्य राशि 3120/- रूपये है। आईटी उपकरणों हेतु धरोहर राशि 50000/- एवं नॉन आईटी सामग्री हेतु धरोहर राशि 1660/- रूपये है। उक्त सामान की नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्तियों / फर्मो को दिनांक 22.10.2024 को प्रातः 11 बजे नीलामी बोली हेतु आमन्त्रित किया जाता है। नीलामी की शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं जिले की वेबसाईट https://jalore.rajasthan.gov.in पर देखी व Download की जा सकती है। नीलामी योग्य सामान का अवलोकन एवं निरीक्षण दिनांक 27.09.2024 से 21.10.2024 तक कार्यालय समय में किया जा सकता है।

UBN NO.- ITC 2425 GLOB00034

(योगेश कुमार) सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जालोर

DIPR/C/9327/2024


# खेतड़ी थाने के हिस्ट्रीशीटर पर जानलेवा हमला हुआ

## हिस्ट्रीशीटर को उपचार के लिए गंभीर हालत में नीमकाथाना रैफर किया

■ पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों में पिछले काफी समय से विवाद चल रहा था

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी थाना क्षेत्र के बंधा की ढाणी में दो पक्षों में हुई आपस में मारपीट में थाने का हिस्ट्रीशीटर घायल हो गया। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर को उपचार के लिए खेतड़ी उप जिला अस्पताल में लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे नीमकाथाना रैफर किया गया है।

हिस्ट्रीशीटर के भाई निखिलेश पुत्र गजेन्द्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दी कि वह नीमकाथाना जाने के लिए स्टैंड पर खड़ा था। इस दौरान धर्मवीर व बाबू सिंह गाड़ी में सवार होकर आए तथा उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। इसी दौरान आपसी विवाद के दौरान हुई मारपीट के समय उसका भाई संजय उर्फ बचिया भी खेतड़ी की तरफ से आ गया। जब उसने मारपीट के दौरान बीच–बचाव किया तो धर्मवीर व बाबूसिंह ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल होकर वहीं गिर गया। इस दौरान शोर–शराबा होने पर आसपास के लोग आए तो वह फरार हो गए। घायल संजय उर्फ बचिया को लहूलुहान अवस्था में खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया, जहां के सिर में गंभीर चोट होने पर उसे नीमकाथाना रैफर कर दिया। घटना की सूचना पर सीआई भंवरलाल कुमावत मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

दोनों पक्षों में पिछले काफी समय से विवाद चल रहा है, जिसको लेकर पूर्व में भी मारपीट की घटनाएं हो चुकी है। मारपीट में घायल संजय उर्फ बचिया खेतड़ी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। थानाधिकारी ने बताया कि मारपीट की घटना में संजय उर्फ बचिया के सिर में चोटें होने पर रैफर किया गया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दी गई है। मामले की गहनता जांच की जा रही है जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू कल उदयपुर आयेंगी

**उदयपुर,** (निसं)। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू गुरुवार और शुक्रवार को उदयपुर, सिरोही और बांसवाड़ा की यात्रा पर आएंगी। जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि राष्ट्रपति 3 अक्टूबर की सुबह वायुयान से उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगीं। वे यहां से मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय आएंगी और विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगी।

राष्ट्रपति मुर्मू इसी दिन अपराह्न एयरपोर्ट पहुंचकर वायुमार्ग से मानपुर आबूरोड़ के लिए प्रस्थान कर जाएंगी। वहां विविध कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात रात्रि विश्राम माउंट आबू में रहेगा। अगले दिन दोपहर मानगढ़ धाम बांसवाड़ा पहुंच कर विविध कार्यक्रमों में भाग लेंगी। वहां से शाम को उदयपुर पहुंचकर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर मंगलवार को डबोक एयरपोर्ट स्थित सभागार में एडवांस सिक्यूरिटी लाइजनिंग बैठक हुई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर राजीव द्विवेदी की उपस्थिति में हुई बैठक में एयरफोर्स के अधिकारियों ने राष्ट्रपति के यात्रा कार्यक्रम के दौरान आगमन और प्रस्थान के दौरान सुनिश्चित किए जाने वाले प्रोटोकॉल, सुरक्षा बंदोबस्त आदि की संपूर्ण जानकारी लेते हुए दिशा–निर्देश दिए। बैठक में सीआईएसएफ, सीआईडी आईबी, पुलिस, सार्वजनिक निर्माण, रसद, चिकित्सा, जनसंपर्क, परिवहन, अग्निशमन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


**राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्**

भू- तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर,
फोन नं: 0141-2700459, E-Mail:- RAJSMSA.CIVIL@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक :- F-5(1)(260)RCSCE/Civil/SMSA/NIT 06/2024-25/2024/Vol-3/D-4215 दिनांक :- 30/09/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 06 (सिविल)/2024-25**

**(राजकीय विद्यालय/केजीबीवी/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हॉस्टल के निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु)**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय / अर्द्धशासकीय / स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से समग्र शिक्षा, पी.एम.श्री, STARS Project, स्वच्छ भारत कोष, राज्यमद, नाबार्ड RIDF XXVIII, डी.एम्.एफ.टी, मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना, एम.एल.ए., एम.पी. लेड, मदरसा आधुनिकरण, मुख्यमंत्री नवाचार निधी, सीएसआर इत्यादि योजनान्तर्गत स्वीकृत 1019 राजकीय विद्यालय / केजीबीवी / नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हॉस्टल के निर्माण / मरम्मत कार्यों हेतु राशि रू. 19938.83 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 2.94 लाख से 412.75 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ई–निविदाऐं 04 / 10 / 2024 प्रातः 10.00 बजे से 23 / 10 / 2024 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

UBN :- RSE2425WSOB01184

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://rajsmsa.nic.in, http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय सम्बन्धित जिला के स्तर से की जावेगी।

राज.संवाद/सी/24/5952 राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा



**राजस्थान सरकार निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ML Bajri - XIV)/2024/ई- 08603

**ई-नीलामी विज्ञिप्त**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आंवटन के लिए 24 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः-

| क्र.सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बालोतरा | कनाना (पचपदरा) | बजरी | 1 |
| 2 | भीलवाडा | मोई, नीलकीखेती, गोपालपुरा, प्रतापगढ, नील की खेड़ी, मुकन्दपुरा, जालियां, रलायता व बिलियां, गोपालपुरा, जालियां, पदमपुरा (माण्डलगढ़) खेराबाद व कान्याखेड़ा, बरड़ोद व खेतहजारियां, मोहनपुरा, भेसाकुण्डल, जवासियां, सायला व बरड़ोद (हमीरगढ) | बजरी | 11 |
| 3 | शाहपुरा | बिलियां, भवानी सिंह जी का खेड़ा, नन्दराय, पंडेरी, हरिसिंह जी का खेड़ा, पायला खुर्द व पायला कलां (मांण्डलगढ, कोटड़ी) | बजरी | 3 |
| 4 | पाली | बुसी (रानी) | बजरी | 1 |
| 5 | सवाईमाधोपुर | अभयपुरा (चौथ का बरवाड़ा) | बजरी | 2 |
| 6 | जोधपुर (ग्रामीण) | झाक (बिलाड़ा) | बजरी | 1 |
| 7 | टोंक | बंथली, विजयगढ़ (दूनी) | बजरी | 5 |
| | | योग | | 24 |

विशेष नोटः-
1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

DIPR/C/9345/2024 (भगवती प्रसाद) IAS निदेशक


# आज की मेहनत कल काम आएगी : मदन राठौड़

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली जिले की समीक्षा बैठक ली

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली जिले की समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि भाजपा का कार्यकर्ताओं को आमजन में राष्ट्र चरित्र जागरूक करने का अवसर प्रदान कर रही है। पाली के निवासी राष्ट्र भक्ति में तो प्रसिद्ध है, अब भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्र चरित्र जागरूक करने की दिशा में भी कदम बढ़ाना है।

राठौड़ ने कहा कि सदस्यता अभियान के तहत 17 सिंतबर से शुरू किए गए सेवा पखवाड़े का समापन और "महासदस्यता अभियान" 2 अक्टूबर को प्रदेशभर में मनाया जाएगा। ऐसे में हम सभी को गांधी जयंती के अवसर पर महा सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में आमजन को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवानी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने समीक्षा बैठक में पाली जिला भाजपा नेताओं से कहा कि आज सदस्यता अभियान में की गई मेहनत कल आपके काम आएगी। बैठक में विधायक केसाराम चौधरी, शोभा चौहान, जिलाध्यक्ष मशाराम परमार, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, जिला प्रभारी मनोज शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चौधरी सहित सभी छह विधानसभाओं से भाजपा नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार व जेवरात चोरी

**उदयपुर,** (निसं)। प्रतापनगर थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान में जेवरात चोरी करने के दौरान मिली चाबी से चोर जेवरात के अलावा कार भी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित दुर्गेश कुमार पुत्र भगवानदास पालीवाल निवासी ढिकली नाकोड़ा पार्श्वनाथ प्रतापनगर ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि गत दिनों में बाहर गया था। इस दौरान 28 सितंबर को आए चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसकर चांदी की एक जोड़ी चूडियां एवं कार की चाबी से कार चुरा ले गए। घर लौटने पर वारदात की सूचना पुलिस को कर प्रकरण दर्ज करवाया।

## अति. प्रशासनिक अधिकारी निलंबित

**जयपुर।** कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी, सवाईमाधोपुर के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को निलंबित किया गया। निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) ओपी बुनकर ने बताया कि रामकिशन कुम्हार, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी, सवाईमाधोपुर को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा 25 सितम्बर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार करने के कारण निलंबित किया गया है। निदेशक ने बताया कि राज. सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम–13 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रामकिशन कुम्हार, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को गिरफ्तार होने की दिनांक 25 सितम्बर से निलम्बित किया गया है। उन्होंने बताया कि निलम्बन काल में मुख्यालय निदेशालय, जयपुर में नियत किया गया है। उन्हें निलम्बनकाल में नियमानुसार निर्वाह भत्ते का भुगतान किया जायेगा।

# क्रेशर खदानों से परेशान सात गांवों के ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे

## सात गांव के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

■ ग्रामीणों ने कहा कि साहब हमारे बच्चे रात को सो नहीं पाते, लाखों रुपए के मकानों में दरारें आ चुकी है, हमारी जमीन बंजर होती जा रही है

**भींडर/कानोड़,** (निसं)। आबादी क्षेत्र में संचालित क्रेशर खदानों में हो रहे विस्फोट के विरोध में अलग–अलग गांवों में बैठकें करने के बाद ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

भींडर एसडीएम कार्यालय पहुंचे आबादी क्षेत्र में संचालित क्रेशर खदानों से परेशान निकट सात गांव के ग्रामीणों ने कहा कि साहब हमारे बच्चे रात को सो नहीं पाते, लाखों रुपए के मकानों में दरारें आ चुकी है, हमारी जमीन बंजर होती जा रही है, लोग दमे के शिकार हो रहे हैं, जल स्तर बिल्कुल खत्म हो चुका है, पेयजल की कील्लत सताने लगी है, लेकिन उनकी पीड़ा कोई सुनने को तैयार नहीं है। भींडर निकट गांव विरवालियों का खेड़ा, जूनाखेड़ा शिकारवाड़ी, खजुरिया का खेड़ा, कलकीपुरा, हलोपड़ा, चौहानों का खेड़ा भींडर सहित गांवों के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई नहीं होने पर एक बड़े ग्रांदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्रेशर खदानों को ग्राबादी क्षेत्र से दूर स्थापित किया जाए।

सौंपे ज्ञापन में बताया कि मोतीदा ग्राम पंचायत क्षेत्र में चल रही सात क्रेशर खदानों में हो रहे विस्फोट से जहां उनके पक्के मकानों में दरारें आ रही है, तो तेज भूकंप की तरह थर्राती जमीन व तेज आवाजों से वह परेशान हो चुके हैं, रात मासूम बच्चों को सुलाना भी भारी पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रात को विस्फोट नहीं करने के लिए क्रेशर मालिक को कहते हैं तो वह यह कहकर बात को टाल जाते हैं कि लोग तो हर वर्ष शिकायत करते रहते हैं।

ग्रामवासियों ने ज्ञापन सौंप रु प्रशासन को 10 दिन का अल्टीमेटम दिया है, बताया कि अगर 10 दिवस में समस्या का समाधान नही होता है तो तो उग्र आंदोलन व धरना प्रदर्शन के साथ भीण्डर बन्द का आव्हान किया जाएगा। ज्ञापन देने में वार्ड 7 पार्षद मोहनसिंह, वार्ड 2 पार्षद अजगरअली बोहरा, ललितसिंह रावत शिकारवाडी, रूप लाल, हीरालाल, मोहनसिंह, उदयसिंह माराज, नारायण लाल, लोगरसिंह, रामलाल, हेमन्त यादव, पप्पूसिंह, जीवनसिंह, प्रेमसिंह, प्रतापसिंह, प्रतापी बाई, गोपी बाई, लोगरी बाई, ताराबाई, बाबुड़ी बाई सहित महिला व पुरुष उपस्तिथ रहे।


**RIICO राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम)
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, जयपुर- 302005, फोन-0141-2227751,4593201
ई-मेल-riico@riico.co.in वेबसाईट- www.riico.co.in

**निविदा सूचना**

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यो/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीलबंद निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, जयपुर(ग्रामीण) | |
| 1.1 | उद्योग भवन, जयपुर में सामने की दीवार (दाएं विंग) पर पत्थरों की सफाई एवं आकर्षक बनाने का कार्य UBN-RDC2425WSOB01178 | 1.76 |
| 1.2 | उद्योग भवन, जयपुर में सामने की दीवार (दाएं विंग) पर पेंटिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01179 | 1.90 |
| 1.3 | उद्योग भवन, जयपुर में हिन्दी में उद्योग भवन ब्रास निर्मित अक्षर उपलब्ध कराने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01180 | 1.91 |

रीको द्वारा निम्नांकित कार्यों/आपूर्ति/सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ई–प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन सीलबंद निविदाएं (लागत रूपये 2 लाख या उससे अधिक) निर्धारित प्रपत्र में eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | इकाई प्रभारी, जयपुर(ग्रामीण) | |
| 1.1 | औद्योगिक क्षेत्र बगरू (विस्तार) में स्थित फायर स्टेशन कैम्पस के उन्नयन का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01177 | 41.26 |
| 2. | इकाई प्रभारी, जयपुर(दक्षिण) | |
| 2.1 | औद्योगिक क्षेत्र मालवीया जयपुर में विभिन्न मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01158 | 2.02 |
| 2.2 | औद्योगिक क्षेत्र मालवीया मे सड़क फर्नीचर का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01160 | 7.34 |
| 2.3 | औद्योगिक क्षेत्र अपैरल पार्क जयपुर में यू.पी.वी.सी. पाईप लाईन बिछाने और ज्वाइंटिग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01162 | 3.90 |
| 2.4 | औद्योगिक क्षेत्र बगरू छितरौली जयपुर में डिवाईडर की पेंटिंग और सड़क मार्किंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01163 | 11.24 |
| 2.5 | औद्योगिक क्षेत्र बगरू छितरौली जयपुर में सड़क चौराहा के सुधार का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01164 | 13.65 |
| 3. | इकाई प्रभारी, अलवर | |
| 3.1 | मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र अलवर में संचालन और रखरखाव सहित किराये पर स्व–चालित रोड स्वीपिंग मशीन उपलब्ध कराना। UBN-RDC2425WSOB01150 | 58.50 |
| 3.2 | विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र अलवर में नालियों की सफाई, जंगल सफाई और अतिरिक्त मिट्टी को हटाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01149 | 9.49 |
| 4. | इकाई प्रभारी, सीकर | |
| 4.1 | औद्योगिक क्षेत्र गणेश्वर (नीमकाथाना) में सड़क निर्माण, सीडी कार्य, सर्वे एवं भूखण्डों का डिमार्केशन एवं लेवलिंग का कार्य। UBN-RDC2425WLOB01155 | 530.78 |
| 5. | इकाई प्रभारी, अजमेर | |
| 5.1 | उप इकाई कार्यालय ब्यावर में ब्यावर क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में एक वर्ष के लिए सामग्री सहित स्ट्रीट लाईट के रखरखाव का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01156 | 2.60 |
| 6. | इकाई प्रभारी, ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर | |
| 6.1 | औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा स्थित सेन्ट्रल स्टोर पर आरमड केबल की आपूर्ति व औद्योगिक क्षेत्र ईपीआईपी सीतापुरा वेन्यु रूट पर स्ट्रीट लाईट पोल पर नये जंक्शन बॉक्स की आपूर्ति एवं लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01153 | 13.31 |
| 6.2 | औद्योगिक क्षेत्र रामचन्द्रपुरा एवं सीतापुरा चतुर्थ चरण में आरसीसी पोस्ट पर वायर फैन्सिंग की आपूर्ति व लगाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01154 | 8.55 |
| 7. | इकाई प्रभारी, बीकानेर | |
| 7.1 | इकाई कार्यालय बीकानेर के अधीन स्थित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में मरम्मत के कार्य। UBN-RDC2425WSOB01184 | 410.94 |
| 7.2 | इकाई कार्यालय बीकानेर के अधीन स्थित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में एस.आर. एवं सी.डब्लू.आर. के मैकेनाईज्ड क्लिनिंग का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01185 | 248.77 |
| 7.3 | इकाई कार्यालय बीकानेर के अधीन स्थित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईट की मरम्मत मय 5 साल ऑपरेशन एवं मेंटेनेस का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01186 | 3.63 |
| 8. | इकाई प्रभारी, घीलोठ | |
| 8.1 | औद्योगिक क्षेत्र घीलोठ में छूटी हुई जगह पर जलापूर्ति पाईप लाईन बिछाने का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01172 | 6.28 |
| 8.2 | औद्योगिक क्षेत्र शाहजहॉपुर में नालियों की मरम्मत का कार्य। UBN-RDC2425WSOB01173 | 6.73 |

निविदा का विस्तृत विवरण, नियम इत्यादि एवं भविष्य में निविदा में किसी प्रकार के संशोधन/तिथि बढ़ने की जानकारी हेतु वेबसाइट www.riico.co.in व www.eproc.rajasthan.gov.in को देखें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: महाप्रबंधक (सिविल), फोन –0141–4593243 Raj.Samwad/C/24/6017

# राजस्थान में अगले साल से पेश होगा ग्रीन बजट : दिया कुमारी

- 119वां वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन समारोह समारोह में बोलीं उप मुख्यमंत्री
- 'वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण में 1450 वन रक्षकों में से 710 महिला वन रक्षक होना गर्व की बात'

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में वानिकी सैटेलाईट प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में 119वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि महिला शक्ति हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। इस वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण में 1450 वन रक्षकों में से 710 महिला वन रक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। यह गर्व की बात है। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में अगले साल ग्रीन बजट पेश किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद दिया कि उन्होंने इस बार मन की बात कार्यक्रम में राजस्थान में प्रभावी रूप से चलाये गए "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का उल्लेख किया और 5 करोड़ 85 लाख पौधे लगाने की रिकॉर्ड उपलब्धि की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि मैं सवाईमाधोपुर से विधयाक रही हूँ, मैं जानती हूँ कि वन तथा वन्य जीवों की रक्षा एक महत्पूर्ण चुनौती है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली वन रक्षकों को इस वन और वन्य जीवों की रक्षा के महत्वपूर्ण कार्य के लिए जिम्मेदारी पूर्वक काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पर्यटन के साथ इकोपर्यटन भी महत्वपूर्ण है। राजस्थान सरकार इकोपर्यटन, वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित हो कर कार्य कर रही है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वन रक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वनों की कटाई रोकना, वन्य जीवों के शिकार को रोकना, वन्यजीवों की खोज कर उन्हें सुरक्षा देना, वनों का विस्तार करना, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करना, जंगल को आग से बचाना, वनों पर अतिक्रमण को रोकना, जंगल में काम करते हुए जंगली जानवरों, शिकारियों, असामाजिक तत्वों से सावधान रहना और वनों को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण करवाना ऐसी जिम्मेदारियों को मुस्तैदी से पूरा किया जाए। इसमें निर्णय क्षमता का बहुत महत्वपूर्ण रोल है। उन्होंने कहा कि कई चुनौतियां है जो आपके सामने आएंगी उनका आपको दृढ़ता से मुकाबला करते हुए अपने कर्तव्य का निवर्हन करना है।

## डोटासरा के जन्मदिन पर कलेक्टर को ज्ञापन

**जयपुर,** (का.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर, चिकित्सा शिविर, वृक्षारोपण सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर आर तिवाडी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर केक काटकर डोटासरा का जन्मदिन मनाया। पीसीसी मुख्यालय पर युवा कांग्रेस नेता सत्यवीर आलोरिया की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

डोटासरा के जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किसानों को अतिवृष्टि से हुई फसल खराबे का मुआवजा दिलवाने, बिगड़ती कानून व्यवस्था, प्रदेश में माफियाओ द्वारा अवैध खनन पर रोक, बढ़ते महिला अपराध एवं अत्याचार के मामले की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया।

# सामूहिकता के भाव से श्रेष्ठ कार्य करें : वासुदेव देवनानी

- उप सचिव रघुवीर सिंह का सेवानिवृत्ति समारोह
- विधान सभा अध्यक्ष ने समिति कार्यकारिणी को शपथ दिलाई

**जयपुर।** विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधान सभा हमारी है, ऐसी सामूहिकता के भाव से श्रेष्ठ कार्य करे। उन्होंने कहा कि जीवन में व्यावहारिक सोच रखें। विधान सभा सेवा से रिटायर भले ही हो जायें, लेकिन जीवन में कभी भी टायर्ड महसूस न करें। सदैव कार्य करते रहे। देवनानी मंगलवार को यहां विधान सभा में उप सचिव रघुवीर सिंह के अर्धवार्षिक आयु प्राप्त होने पर आयोजित सेवा निवृत्ति समारोह को संबोधित कर रहे थे।

देवनानी ने कहा कि विधानसभाओं के सम्मेलन में यह चर्चा थी कि राजस्थान विधान सभा देश की श्रेष्ठ विधान सभाओं में शुमार है। राजस्थान विधान सभा की यह पहचान विधान सभा के प्रत्येक कर्मचारी और अधिकारी के योगदान से बनी है। विधान सभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा ने स्वागत उद्बोधन किया। सेवानिवृत्त उप सचिव रघुवीर सिंह ने अपने अनुभव सुनायें। इस मौके पर विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा, वरिष्ठ उप सचिव पुरुषोत्तम शर्मा, उप सचिव संजीव शर्मा सहित विधान सभा के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने रघुवीर सिंह का साफा पहनाकर शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया।

देवनानी ने मंगलवार को यहां विधान सभा में राजस्थान विधानसभा सचिवालय कर्मचारी बचत एवं साख सहकारी समिति की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शपथ दिलाई। देवनानी ने समिति में रवि कुमार जैन अध्यक्ष, अजय शर्मा उपाध्यक्ष, सुरेश मीणा सचिव, योगेश त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष और आभा रस्तोगी, रसिक बिहारी मीणा, भानु प्रकाश शर्मा, अनिता शर्मा, रितेश मोदी, नरेश कुमार जोशी, रविन्द्र नैनावत और दीपक शर्मा को सदस्य पद की शपथ दिलाई।

# घुमंतु बेघरों को मिलेंगे मुफ्त पट्टे

- मुख्यमंत्री 2 अक्टूबर को राज्य स्तरीय समारोह में आवासीय पट्टा वितरित करेंगे

**जयपुर।** इतिहास मे पहली बार राजस्थान मे रहने वाली 32 विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु जाति के दर-दर घूमने वाले बेघर लोग अपने स्थाई घर का सपना साकार करेंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 2 अक्टूबर को प्रात: 11:30 बजे जयपुर में दुर्गापुरा, टोंक रोड स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु परिवारों को आवासीय पट्टा वितरण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर करेंगे। विशिष्ट अथिति के रूप मे जयपुर की सांसद मंजू शर्मा उपस्थित रहेंगी। पट्टा वितरण कार्यक्रम एक साथ राज्य एवं जिला स्तर पर आयोजित होगा। राज्य स्तरीय समारोह को समस्त जिलों मे होने वाले कार्यक्रमों मे लाइव दिखाया जायेगा।

चयनित 10 जिलों के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संवाद भी करेंगे। कुल चयनित 20721 परिवारों को प्रथम चरण मे पट्टे दिए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम का शुभारंभ भी करेंगे।

## गांधी व शास्त्री जयंती पर शुभकामनाएं दीं

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती (2 अक्टूबर) पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने न्याय, करूणा, प्रेम, सत्य और अहिंसा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। गांधीजी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने पूरी दुनिया को नई दिशा दिखाई।

# राजस्थली को निजी हाथों में देने की योजना को निरस्त करने की मांग

**जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने राजस्थान सरकार की उपक्रम राजस्थली को निजी हाथों में देने की योजना को निरस्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।

सराफ ने बताया कि राजस्थान उद्योग विभाग के तहत हस्त शिल्पियों को रोजगार देने के साथ शिल्पियों की हस्त निर्मित वस्तुओं को देश-विदेश में लोकप्रिय बनाने के लिए अजमेरी गेट पर संचालित राजस्थली को कुछ अधिकारी निजी क्षेत्र में सौंपने की योजना को मूर्त रूप देने जा रहे हैं। अधिकारियों का यह निर्णय राजस्थान के हजारों गरीब हस्त शिल्पियों के रोजगार पर बड़ा कुठाराघात होगा। सरकार के इस उपक्रम को निजी हाथों में देने से हस्तशिल्प उद्योग माफिया और लपको के हाथों में चला जायेगा।

उन्होंने बताया कि सरकार ने हस्त शिल्पियों की कृतियों के उत्थान के लिए इस उपक्रम का गठन किया था। इसके तहत जयपुर के अजमेरी गेट के अतिरिक्त मुंबई कोलकाता, दिल्ली, माउंट आबू, और उदयपुर में संचालित केंद्र वर्षों से अच्छा काम कर रहे हैं। जयपुर का राजस्थली प्रदेश के शिल्पियों के लिए एक बड़ा अच्छा प्लेटफार्म है।

## सार-समाचार

### 'संविदा कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं का निदान करे सरकार'

**जयपुर।** राज्य मानवाधिकार आयोग ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सचिव, श्रम सचिव और वित्त सचिव को कहा है कि वह संविदा कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं का निदान करे और उनके वेतन को न्यूनतम मजदूरी में समायोजित करे। इसके अलावा प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए लगे संविदाकर्मियों के पीएफ व बीमा राशि का निवेश विधि सम्मत करने के निर्देश दिए जाए। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी ने यह आदेश दिए। आयोग ने कहा कि मामले में उचित कदम उठाकर एक माह में उसकी रिपोर्ट पेश की जाए। आयोग ने कहा कि वर्तमान में संविदा कर्मियों को दिया जा रहा वेतन, न्यूनतम वेतन से भी मेल नहीं खाता है। एक दुखद पहलू यह भी है कि प्लेसमेंट एजेंसी आमतौर पर श्रमिकों के पीएफ और बीमा की राशि से कटौती तो कर लेती हैं, लेकिन इनका न तो निवेश किया जाता है और इसका वास्तविक भुगतान भी संविदाकर्मी श्रमिक को नहीं मिलता। राज्य सरकार ने विधायी प्रबंधन कर नियमित कर्मचारियों से अभाव में संविदाकर्मी लेने का प्रावधान कर रखा है, लेकिन ऐसे श्रमिकों को उचित वेतन नहीं मिल रहा है । जिससे आर्थिक तंत्र से जूझ रहा श्रमिक मानसिक तनाव के साथ ही अपने मूल अधिकारों से भी वंचित हो रहा है।

### महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को आरक्षण का लाभ दें : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती-2023 में याचिकाकर्ता को राहत देते हुए उसे ईडब्ल्यूएस वर्ग में आरक्षण का लाभ देकर मेरिट के अनुसार नियुक्ति देने के आदेश दिए हैं। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश बबीता व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता आरपी सैनी ने बताया कि चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग ने 19 मई 2023 को एएनएम के 3736 पदों के लिए विज्ञिप्त जारी की थी। इसमें याचिकाकर्ता ने भी भाग लिया और उसके ईडब्ल्यूएस वर्ग में कट ऑफ से ज्यादा अंक थे। उसका जन्म हरियाणा में हुआ था, लेकिन शादी राजस्थान में हुई। वह पिछले 15 साल से यहां की निवासी है। उसके पास राजस्थान का मूल निवास प्रमाण पत्र व ईडब्ल्यूएस वर्ग का प्रमाण पत्र है। उसने दस्तावेजों का सत्यापन करवा दिया और 6 अक्टूबर 2023 की अस्थाई सूची में उसका नाम भी है, लेकिन उसे भर्ती में ईडब्ल्यूएस वर्ग में आरक्षण का लाभ नहीं दिया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि वह एससी,एसटी व ओबीसी वर्ग का लाभ नहीं ले रही है। इसलिए उसे ईडब्ल्यूएस वर्ग में ही आरक्षण का लाभ देकर नियुक्ति दी जाए।

### वंचित बच्चों के कल्याण के लिए क्या कदम उठाए : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव, केन्द्रीय बाल विकास कल्याण मंत्रालय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को रिपोर्ट पेश कर बताने को कहा है कि बच्चों को सभी प्रकार के दुव्र्यवहार से बचाने व सड़क किनारे रहने वाले बच्चों को आश्रय गृह, शिक्षा एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या प्रभावी कदम उठाए। इसके अलावा वहीं बच्चों के अधिकारों व संरक्षण के लिए बनाए कानून व नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए क्या पहल की है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य के सीएस, प्रमुख बाल अधिकारिता सचिव, राजस्थान बाल संरक्षण आयोग के चेयरमैन, केन्द्र सरकार व रालसा के सदस्य सचिव से भी जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश फुटपाथ पर अपनी बेटियों के साथ रहने वाली विधवा महिला के मामले में प्रसंज्ञान लेते हुए दिया। इसके अलावा अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह तंबू में रहने वाले बच्चों व महिला की देखभाल व सुरक्षा पर भी ध्यान दे। अदालत ने कहा कि किसी भी बच्चे को भारत के संविधान के अनुसार दिए गए उनके मौलिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। कोई भी बच्चा दुर्व्यवहार का शिकार नहीं हो, चाहे वह शारीरिक हो या भावात्मक तौर रूप से हो। अदालत ने सीनियर एडवोकेट वीरेंद्र लोढ़ा, एडवोकेट सुनील समदरिया व सोनल सिंह, एएजी मनोज शर्मा, एएसजी आरडी रस्तोगी को मामले में सहयोग करने के लिए कहा है।

### ट्रैवल कंपनी पर 2.21 लाख रु.हर्जाना

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने ग्राहक से मेंबरशिप फीस लेने के बाद भी उसकी दुबई ट्रिप बुक नहीं करने व उसे भ्रमण नहीं कराने को सेवा दोष करार दिया है। वहीं आयोग ने विपक्षी कंपनी पार्क प्रिविअेरा हॉस्पिटिलिटी पर 2.21 लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही मेंबरशिप के लिए वसूली राशि 1.05 लाख रुपए भी परिवादी को परिवाद दायर करने की तारीख से 12 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह निर्देश स्वेज फार्म निवासी सुनीता शर्मा व संजय शर्मा के परिवाद पर दिए। आयोग ने कहा कि परिवादियों ने विपक्षी को कई बार ट्रिप बुक करवाने के लिए ईमेल किया, लेकिन उन्होंने उसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और ना ही जमा राशि ही रिफंड की। परिवाद में अधिवक्ता शकील खान ने बताया कि परिवादियों ने 18 नवंबर 2022 को विपक्षी कंपनी में 1.05 लाख रुपए जमा करवाकर पांच साल के लिए उनकी मेंबरशिप ली थी। इस दौरान उसने 27 दिसंबर 2022 से एक जनवरी 2023 तक की अवधि में दुबई ट्रिप बुक करवाने के लिए कंपनी को ईमेल किया, लेकिन कंपनी ने टर्म एंड कंडीशन का हवाला देते हुए ब्लैक आउट डेट्स, दीवाली पीरियड सहित 24 दिसंबर से 5 जनवरी के बीच भ्रमण की सुविधा मुहैया कराने से मना कर दिया। इसके बाद भी परिवादियों ने कई बार ट्रिप बुक करने के लिए विपक्षी कंपनी से कहा, लेकिन उन्होंने दुबई का ट्रिप बुक नहीं किया।

# 39 वृद्धजनों व आठ स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया

## बुजुर्गों के सम्मानपूर्वक जीवन के लिए समन्वित प्रयास करें : रांका

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जयपुर स्थित ओ.टी.एस. सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में 39 वृद्धजनों और 8 स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।



राज्यस्तरीय वृद्धजन समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने वृद्धजनों को शॉल व साफा पहनाकर और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने समारोह में कहा कि बुजुर्गों के सम्मानपूर्वक जीवन के लिए सभी को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे। रिटायरमेंट लाइफ के बाद बुजुर्ग सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सक्षम रहे यह भी जरूरी होता है। उनके साथ भावनात्मक संबंध बने रहे और उम्र बढ़ने के साथ होने वाले रोगों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए ताकि बीमारियों से जितना हो सके बचा जा सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 60 वर्ष से अधिक 11 प्रतिशत व्यक्ति है और बेहतर चिकित्सा सेवाओं से यह प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के जीवन को सुगम्य बनाने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक करने जी जरूरत है। समारोह में वृद्धजनों को आवश्यक सहायक उपकरण भी वितरित किए गए और उपस्थित सभी लोगों को बुजुर्गों के सम्मान की प्रतिज्ञा दिलाई।

समारोह में शिव कुमार शर्मा, रामप्रकाश सविता बूंदी, जयकिशन जोशी, डॉ. बंशीधर तातेड़ बाड़मेर, गणेश स्वामी, शेख नियाजुल हक गौरी चुरू, भीख सिंह भाटी सिरोही, कश्मीर सिंह, डॉ. प्रेमसुख सुराणा, डॉ. सतीश कुमार अजमेर, वेणुगोपाल शर्मा करौली, विमल जैन, तरुलता मेहत्ता, देवेंद्र कुमार सक्सेना कोटा, श्याम सुन्दर सोनी, डॉ. जगदीश दान बहारठ, कृष्ण कुमार शर्मा, मोहम्मद जफर भाटी बीकानेर, त्रिलोक राम चौधरी, लक्ष्मण बगराणा, चेतन प्रकाश गोयल, अशोक कुमार चितारा जोधपुर, नवल सिंह पगरिया, वरदान मेहता, चन्द्रप्रकाश पोरवाल उदयपुर, मोहनलाल बालोतरा, पवन कुमार सैनी, डॉ. जगदीश प्रसाद बुगालिया, हरिराम महण झुन्झुनू, डॉ. नरेन्द्र शर्मा कवि जयपुर, पद्मेश गांधी डूंगरपुर, पुखराज सिंह राजपुरोहित, रामदेव महावर, नाथूसिंह, हीरालाल सैन, गोपाल सिंह रावत, अमरा राम माली, गुणाराम सीरवी, रतनलाल खटाणा तथा करनी नगर विकास समिति, जागृति मंदिर समिति कोटा, ग्रामीण विकास समिति खैरथल तिजारा, केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक महासमिति राज., सिंबल संस्थान जोधपुर, सुजस सांस्कृतिक सेवा संस्थान जयपुर, महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान-उदयपुर और राजस्थान पेंशनर्स समाज-बालोतरा संस्थान को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केसरलाल मीना, अतिरिक्त निदेशक सतर्कता एवं प्रशासन, दिलबाग सिंह अतिरिक्त निदेशक सामाजिक सुरक्षा, विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## टाईम बैंक ने मनाया वृद्धजन दिवस

**जयपुर ।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर टाईम बैंक ऑफ इंडिया द्वारा भारतीय विद्या भवन के महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित समारोह में 80 वर्ष से अधिक आयु के 70 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। समारोह में लगभग 800 सदस्यों एवं आमजन ने भाग लिया । इस समारोह का आयोजन भारतीय विद्या भवन, जयपुर केंद्र के साथ टाईम बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया ।

जयपुर केंद्र के चेयरमैन विमल सुराणा का इस अवसर पर अभिनंदन किया गया। टाईम बैंक के संस्थापक चेयरमेन पी. सी. जैन ने बताया कि पूरे देश में टाईम बैंक के 5500 से ज्यादा सदस्य है जिनका विभाजन हर क्षेत्र के पिनकोड के द्वारा किया जाता हैं।जयपुर जिला कॉर्डिनेटर अशोक जैन ने बताया कि टाईम बैंक ऑफ इंडिया देश का पहला और एकमात्र बैंक है जहां पैसा नहीं बल्कि समय जमा किया जाता है । इसके सदस्यों की सेवाये नि:शुल्क मिलती है।

## 114 एडिशनल एस.पी. बदले

**जयपुर ।** राज्य सरकार ने 114 एडिशनल पुलिस अधीक्षक का तबादले किये है। इससे पहले 24 सितंबर को 11 आईपीएस अफसरों को नई पोस्टिंग दी गई थी।

जिसमें 4 आईपीएस अफसरों का तबादला किया गया था। वहीं 7 आईपीएस अफसरों को ट्रेनिंग पूरी होने के बाद कार्यभार सौंपा गया था।

## सार-समाचार

### बी.एस.एन.एल. का स्थापना दिवस मनाया

**जयपुर ।** बीएसएनएल का 24वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात रहे कि इसकी स्थापना 1 अक्टूबर 2000 को हुई थी। आज पूरे देश में बीएसएनएल के सभी कार्यालयों में स्थापना दिवस मनाया गया और इस कड़ी में जयपुर के एम.आई.रोड स्थित प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जिला जयपुर कार्यालय के फैडरेशन हॉल में बीएसएनएल स्थापना दिवस गरिमापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक विक्रम मालवीय थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान महाप्रबंधक दूरसंचार जिला जयपुर राजेश अग्रवाल ने की । वरिष्ठ महाप्रबंधक (एच आर एवं प्रशासन) अखलेश अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम में पधारे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, डीएसए एवं बीएसएनएल परिजनों का स्वागत किया। स्थापना दिवस पर आज बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महप्रबंधक विक्रम मालवीय ने जयपु सांसद मंजू शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रधान महप्रबंधक (सीएफए) दीपक गुप्ता, वरिष्ठ महप्रबंधक (एच आर एवं प्रशासन) अखलेश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

### गांधी वाटिका का संचालन आज से

**जयपुर ।** शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग रवि जैन ने बताया कि गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) का संचालन 02 अक्टूबर 2024 (गांधी जयन्ती) से कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रारम्भ किया जा रहा है। शासन सचिव ने बताया कि गांधी वाटिका (गांधी दर्शन म्यूजियम) 02 अक्टूबर (गांधी जयन्ती) से प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक पर्यटकों के लिये खुला रहेगा। म्यूजियम माह अक्टूबर, 2024 में नि:शुल्क रहेगा। शासन सचिव ने बताया कि गांधी वाटिका में गांधी जी के बचपन, उनकी जीवन यात्रा, दक्षिण अफ्रीका यात्रा, सत्याग्रह, भारत छोड़ो आन्दोलन, चौरी-चोरा आन्दोलन इत्यादि को दर्शाया गया है। गांधी वाटिका विद्यार्थियों एवं पर्यटकों के लिये एक आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

### एक्ट्रेस सुधा चंद्रन ने किया रैम्प वॉक



**जयपुर ।** प्रभावशाली संगीत के बीच हर उम्र और बॉडी शेप की महिला आत्मविश्वास से परिपूर्ण दिखी। कुछ ऐसा ही नजारा था नारीत्व फ़ेस्ट के चौथे सीजन के भव्य आयोजन का। झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में मंगलवार को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में शरीर की सकारात्मकता और अपने आप को ख़ुशी से स्वीकारना जैसे जरुरी विषय को लगभग 300 से ज़्यादा की महिलाओं ने ख़ूबसूरती से ने मंच पर प्रस्तुत किया। आरी-तारी के संयोजन से हुए कार्यक्रम के दौरान 22 कैटेगरीज में 5 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एक्ट्रेस और डांसर सुधा चंद्रन ने शिरकत की। उन्होंने सभी महिलाओं को अपने रंग, उम्र और शेप की परवाह किए बिना अपनी काबिलियत के दम पर नए मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत नारीत्व की फाउंडर रचना कौशिक ने सभी के स्वागत के साथ किया।

# मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण के छोटे भाई गोपाल को पुणे से गिरफ्तार किया एस.ओ.जी. टीम ने

- आरोपित गोपाल सारण ने जयपुर से पुणे भागकर कबाड़ी का काम शुरू कर दिया था।
- आरोपित गोपाल सारण पाली जिले में एसएचओ के पद पर तैनात था। इस दौरान क्रूड ऑयल चोरी माफिया और एक्सटॉर्शन गैंग से मिलीभगत सामने आने पर साल 2020 में उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया था।
- इसके बाद से वह अपने बड़े भाई भूपेंद्र सारण के साथ मिल कर नकल गैंग का हिस्सा बन गया।

**जयपुर ।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण के छोटे भाई बर्खास्त सीआई गोपाल सारण को गिरफ्तार कर किया है। जानकारी में सामने आया है कि आरोपित गोपाल सारण ने जयपुर से पुणे भागकर कबाड़ी का काम शुरू कर दिया था। सूचना पर मौके पर पहुंच कर एसओजी ने कबाड़ की दुकान से गोपाल सारण को गिरफ्तार कर लिया और उसे जयपुर ले आई। अब तक के तथ्यों के आधार एसओजी उससे पूछताछ करने में जुटी है।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी को इनपुट मिला था कि सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण का छोटा गोपाल सारण पुणे में स्क्रैप का काम कर रहा है। इस पर जयपुर से एक टीम को पुणे के लिए रवाना किया गया। टीम लोकेशन पर पहुंची तो आरोपित नहीं मिला। इस पर टीम ने वहां रुक कर निगरानी रखी और उसके दुकान पर पहुंचते ही दबोच लिया। एसओजी की टीम ने पुणे में उसके घर पहुंच कर सर्च किया, जहां कुछ दस्तावेज मिले हैं। इनकी जांच कराई जा रही है। एसओजी की टीम ने आरोपित गोपाल को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

एडीजी एसओजी ने बताया कि आरोपित गोपाल सारण पाली जिले में एसएचओ के पद पर तैनात था। इस दौरान सामने आया था कि उसकी क्रूड ऑयल चोरी माफिया और एक्सटॉर्शन गैंग से मिलीभगत है। कई आपराधिक घटनाओं में मिलीभगत होने पर सरकार ने साल 2020 में नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। इसके बाद से वह अपने बड़े भाई भूपेंद्र सारण के साथ मिल कर नकल गैंग का हिस्सा बन गया।

आरोपी गोपाल सारण ने कई प्रतियोगी परीक्षा में नकल कराई। साथ ही अभ्यर्थियों को पेपर भी दिए। एसओजी गोपाल सारण को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। आखिर वह किन-किन परीक्षा में कितने लोगों को पेपर दे चुका है।

एडीजी एसओजी ने बताया कि एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में अभ्यर्थियों को पेपर देकर नकल कराने के मामले में भी गोपाल सारण के खिलाफ एफआईआर थी। इस दौरान एफआईआर होने के बाद गोपाल सारण ने राजस्थान छोड़ दिया। वह कई राज्यों में फरारी काटता रहा। पेपर लीक का मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण साल 2011 में जीएनएम भर्ती पेपर आउट प्रकरण और वर्ष 2022 में पुलिस कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक मामले में भी शामिल था। वह फिलहाल जेल में है। एटीएस एसओजी ने सीनियर टीचर भर्ती पेपर लीक मामले में भूपेंद्र सारण को बेंगलुरु एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था।

एसओजी पूछताछ के लिए भूपेंद्र को कई बार रिमांड पर लाई। भूपेंद्र ने कभी नहीं कहा कि उसका छोटा भाई भी एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में साथ मिलकर काम कर रहा था। एसओजी के पास रिमांड पर आए अन्य आरोपियों ने इसकी जानकारी एसओजी के अधिकारियों को दी। इसके बाद एसओजी ने भूपेंद्र सारण से इसे लेकर पूछताछ की। तब जाकर उसने छोटे भाई की मिलीभगत के बारे में पूरी जानकारी एसओजी को दी।

# आर.एम.सी. रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा निलंबित

**जयपुर ।** राजस्थान मेडिकल काउंसिल द्वारा फर्जी रजिस्ट्रेशन के प्रकरण में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए 5 सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। कमेटी की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही काउंसिल में कार्यरत सहायक प्रशासनिक अधिकारी अखिलेश माथुर एवं कनिष्ठ सहायक फरहान हसन को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। काउंसिल के रजिस्ट्रार पद का अतिरिक्त कार्य भार सवाई मानसिंह अस्पताल के प्रमुख विशेषज्ञ सर्जरी डॉ. गिरधर गोपाल गोयल को दिया गया है। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार प्रथम दृष्टया रजिस्ट्रेशन जारी करने में कुछ प्रक्रियागत खामियां सामने आई हैं। साथ ही, रजिस्ट्रेशन में लापरवाही एवं अनियमितता से संबंधी तथ्य भी सामने आए हैं। इसे देखते हुए रजिस्ट्रार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा है कि फर्जी रजिस्ट्रेशन जारी होना गंभीर मामला है। हम इसकी तह तक जाएंगे। राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। फर्जी रजिस्ट्रेशन के मामले में जांच कमेटी की रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और कार्मिकों पर सख्त एक्शन लेंगे। किसी भी स्तर पर अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि प्रकरण संज्ञान में आते ही चिकित्सा मंत्री ने मामले की गहन जांच के लिए 5 सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे। इस कमेटी में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, परियोजना निदेशक पीसीपीएनडीटी श्री महिपाल सिंह, अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, वित्तीय सलाहकार वीना गुप्ता एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह शामिल हैं।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया सफाई का संदेश

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम जयपुर हैरिटेज की ओर से मंगलवार को "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत जल महल की पाल पर जीरो वेस्ट इवेंट में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए स्वच्छता का संदेश दिया गया। हैरिटेज निगम के अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर कुसुम यादव, आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान वेस्ट ऑफ राजस्थान के कलाकारों ने कालबेलिया, घूमर, ग्रामीण भवई, केसरिया बालम आदि प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

वहीं हेरिटेज निगम की आईईसी एक्टिविटी टीम ने नुक्कड़ नाटक के जरिए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान से प्रेरित होकर आमजन को जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आगे आना चाहिए। हेरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक चलेगा।

## सार-समाचार

### 'परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है'

**बाप**, (निसं)। बाप कस्बा स्थित आदर्श विद्या मंदिर परिसर में मंगलवार को संत सूरजनदास महाराज बडा श्रीरामद्वारा के सानिध्य में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता बलारा थी तथा अध्यक्षता वीरागंना संतोष देवी ने की। कार्यक्रम का आगाज अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके बाद विद्यालय की बालिकाओं द्वारा वंदना का गायन किया गया। प्रधानाचार्य भगवानसिंह राजपुरोहित द्वारा विद्यालय वृत्त प्रस्तुत किया गया। डॉ. बलारा ने महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा में बालिका की भूमिका पर प्रकाश डाला। संत सूरजनदास महाराज ने गुणवान संतान के निर्माण में परिवार की भूमिका एवं महिलाओं के दायित्व के प्रति अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार का परिवार में माहौल होगा संतान में गुणों का विकास भी उसी के अनुरूप होगा। महिलाओं का कर्तव्य है कि वे घर के वातावरण को संस्कारमय बनाए। साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में अपने उत्तर दायित्व का निर्वहन बालिकाओं को शिक्षित करके पूरा करें। कार्य म का संचालन आचार्या दिव्या शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंध समिति व्यवस्था प्रमुख ओमप्रकाश पालीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्य म प्रबंध समिति अध्यक्ष बाबुलाल पालीवाल, कोष प्रमुख भंवरलाल दवे, समिति सदस्य मनोज लोहिया, नोख प्रधानाचार्य भंवरलाल पालीवाल, विश्व हिन्दु परिषद से कैलाश सोनी, दिनेश तंवर, अखेराज खत्री, प्रभारी भोजाराम, आचार्य कंवरलाल विश्नोई, तेजाराम कुमावत, श्रीपाल धायल, पप्पूराम, कैलाश जटिया, रमेश कुमार विश्नोई, प्रकाश विश्नोई, रामकुमार, रविन्द्र विश्नोई, आचार्या रोशनी विश्नोई, पूनम सचदेवा, संतु पालीवाल, प्रेमा विश्नोई, ममता पालीवाल, सेवाकर्मी भगवती देवी, संतोष देवी सहित कई प्रबुद्ध ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया

**बाप**, (निसं)। ग्रामीण विकास विज्ञान समिति उप केंद्र बाप के तहत परियोजना एंड स्ट वाह हेल्प पेज इन इंटरनेशनल के सहयोग से ग्राम मडोर में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। परियोजना समन्वयक भूराराम पंवार ने बताया की इस वर्ष 2024 का थीम गरिमा के साथ बुढापा और दुनिया भर में वृद्ध भक्तियों के लिए देखभाल और सहायता प्रणालियों को मजबूत करने का है। केंद्र समन्वयक श्रीकांत ने कहा की वृद्ध जन हमारे समाज का स्तंभ है। बुजुर्गओं के पास ज्ञान का भंडार है। उन्होने लोगों व युवाओं को उनके पास बैठकर उनके ज्ञान और अनुभव का लाभ लेने की जरूरत बताई। कार्य म में ग्राविस कलरा से परियोजना समन्वयक रोहित कुमार ने बताया की वृद्ध जनों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। पूरी दुनिया में वृद्धजनों के मान सम्मान के उपलक्ष में ऐसे ही कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। हम लोगों की जिम्मेदारी बनती है की बुजुर्गों के स्वास्थ्य और उनकी देखरेख करें। कार्यक्रम में 35 बुजुर्गो ने भाग लिया। फील्ड सुपर वाईजर बीजाराम ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार ग्राविस संस्था द्वारा संचालित विभिन्न परियोजना के तहत दियातरा व गांव टेकरा में भी अन्तर्राष्ट ीय वृद्ध दिवस मनाया गया। फील्ड सुपरवाइजर मानाराम पवार ने कहा की बुजुर्गों की गरिमा बनाए रखना समय की मांग है। 2030 तक विश्व स्तर पर वृद्ध व्यक्तियों कि संख्या युवाओं से अधिक होने का अनुमान है। कार्यक्रम में समधा देवी व चेनाराम का माला पहना व शॉल ओढाकर सम्मान किया गया। लूणाराम, तोलाराम, रिछपालदान, पूनमचंद आदि उपस्थित रहे।

### डोडा पोस्त सहित तीन जने पकड़े

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा पुलिस ने मंगलवार को 48.84० किलो डोडा पोस्त के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया। बालोतरा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बडी कार्रवाई करते हुए 48.84० किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किए हैं। पुलिस ने इस मामले में तीन तस्करों बींजाराम, गोसांईराम और जोगाराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया ने बताया कि नशाखोरी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम ने एक स्विफ्ट कार और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है, जिनकी कुल कीमत लगभग दस लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डोडा पोस्त तस्कर बींजाराम एक स्विफ्ट कार में डोडा पोस्त लेकर मेवाड से बाडमेर की ओर जा रहा है। पुलिस ने सरहद बाण्डानाडा में नाकाबंदी कर कार को रोका और तस्करों को गिरफ्तार किया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 48.84० किलोग्राम डोडा पोस्त मिला। गिरफ्तार आरोपी बींजाराम (21 वर्ष) गोसाईराम (22 वर्ष) जोगाराम (22 वर्ष) पुलिस की कार्रवाई= पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने डोडा पोस्त, कार और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई नशाखोरी के खिलाफ पुलिस की लगातार दूसरी बडी कार्रवाई है।

### सरपंच कांता कंवर का आज सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। जिले की सामराऊ ग्राम पंचायत की सरपंच कांता कंवर को स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए 2 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल से सम्मानित की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जोधपुर डॉ धीरज कुमार सिंह ने बताया कि जयपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर 2 अक्टूबर को राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान दुर्गापुरा में मुख्यमंत्री भजनलाल के मुख्य अतिथि में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में ओसियां पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सामराऊ की सरपंच श्रीमती कांता कंवर को सम्मानित किया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि परबत सिंह भाटी ने बताया कि 2 अक्टूबर को ही जोधपुर में मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में भी ग्राम पंचायत सामराऊ की सरपंच श्रीमती कांता कंवर को सम्मानित किया जाएगा।

### सामाजिक कल्याण सप्ताह शुरू

**सांचौर**, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को जिले में सामाजिक कल्याण सप्ताह की शुरुआत हुई। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी भगवानाराम चौधरी ने बताया कि सप्ताह के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के वृद्धजनों को सम्मानित किया गया। तथा उन्हें विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाया गया। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह जिले में 1 से 7 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर को अनुसूचित जाति का कल्याण दिवस, 3 अक्टूबर को अपराधी सुधार दिवस, 4 अक्टूबर को बाल दिवस, 5 अक्टूबर को महिला एवं बालिका कल्याण दिवस, 6 अक्टूबर को जनचेतना दिवस एवं 7 अक्टूबर को विशेष योग्यजन कल्याण दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कनिष्ठ सहायक दिनेश बिश्नोई, सोनाराम देवासी तथा रमेश कुमार उपस्थित रहे।

### ग्राम श्रीयादे में फैक्ट्री सीज मुक्त कराई

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने आयुक्त उत्साह चैधरी के निर्देशानुसार जोनवार अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों पर सख्त कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को ग्राम श्रीयादे स्थित फैक्ट्री को सीज मुक्त किया गया। उपायुक्त जोन 01 कंचन राठौड के निर्देशानुसार प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत के निर्देशन में पटवारी दुर्गा महला मय अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने ग्राम डिगाडी नेणों की ढाणी के पास ग्राम श्रीयादे के खसरा संख्या 69 में स्थित सीमेन्ट की ईंटों के निर्माण की फैक्ट्री को सीज मुक्त किया गया। उक्त फैक्ट्री को प्राधिकरण स्तर पर पूर्व में सीज किया गया था, जिसे सक्षम स्तर के आदेशों की पालना में अप्रार्थीगण की उपस्थिति में मंगलवार को उक्त भूखण्ड के गेट नं. 01, 02 व 03 का सीज मुक्त करने हेतु ताला खोला गया एवं मौके पर अप्रार्थीगण को उक्त भूखण्ड सुपुर्द किया गया।

### कॉक्स कुटिर के पास किन्नर भिड़े

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर में शास्त्रीनगर पुलिस थाने के समीप कॉक्स कुटिर के नजदीक रात को किन्नरों के दो गुटों में जोरदार झगड़ा हो गया। डंडे से पिटाई और चाकू के वार से एक किन्नर घायल हो गया। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शास्त्रीनगर थाने में इस बारे में एससी एसटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें जांच चल रही है। पुलिस ने बताया कि रात को कॉक्स कुटिर के समीप किन्नरों के बीच में विवाद के बाद मारपीट हुई। एक किन्नर को चाकू लगने से वह घायल हो गया। उसके साथ डंडों से भी पिटाई की गई। उसका अस्पताल में उपचार जारी है। इस बारे में मामला दर्ज करवाया गया है। जांच एसीपी वेस्ट द्वारा की जा रही है।

# शतायु मतदाताओं को प्रशंसा पत्र दिए, मुंह मीठा करवाया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नवीन पहल के तहत शतायु वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) प्रताप सिंह ने वरिष्ठजन दिवस पर मंगलवार को जैसलमेर शहर में गांधी कॉलोनी में निवासरत् शतायु मतदाता श्रीमती नबियादेवी का उनके घर जाकर बहुमान किया गया। उन्होंने शतायु वरिष्ठ मतदाता नबियादेवी का माल्यार्पण कर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रशंसा-पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया एवं उन्हें शतायु मतदाता होने एवं वरिष्ठजन दिवस पर हार्दिक बधाई दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) मुन्नीराम बागड़िया ने श्रीमती नबियादेवी को मुंह मीठा करवाया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने भील बस्ती निवासी वरिष्ठ मतदाता खेताराम भील को भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी का प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मान किया। वहीं उन्हें माला पहनाई व मुंह मीठा करवाया। इस मौके पर सत्त शिक्षा एवं साक्षरता अधिकारी प्रभूराम राठौड़ भी साथ में थे। शतायु मतदाताओं एवं उनके परिजनों से निर्वाचन विभाग की इस पहल की तारीफ की।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी बागड़िया ने बताया कि वरिष्ठजन दिवस पर जिले में शतायु मतदाताओं का राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशों की पालना में उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों तथा बीएलओ द्वारा शतायु मतदाताओं के घर जाकर उन्हें मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर का प्रशंसा-पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

### एस.डी.एम. ने रेतीले धोरों पर 2 किमी पैदल चलकर सम्मान प्रदान किया

**बाड़मेर** , (नि.सं.)। निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के उपलक्ष्य में शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर चौहटन विधान सभा क्षेत्र के ईआरओ एवं एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई ने सीमांत स्थित शतायु मतदाताओं के घर जाकर पुष्प हार,श्रीफल और निर्वाचन विभाग की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया ।

ईआरओ विश्नोई ने बताया कि विधानसभा चौहटन के भाग संख्या 27 राजकीय उच्च माध्यमिक आंटिया की 103 वर्षीय मतदाता अमरू धर्म पत्नी स्व.जैस्साराम चौधरी के रेतीले धोरों में स्थित गांव गोरसियों का तला में 2 किमी पैदल चलकर उनके घर पर जाकर उन्हें पुष्प माला, शॉल, श्रीफल और निर्वाचन विभाग का प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मान कर उनसे आशीर्वाद लिया।

शतायु मतदाता अमरू देवी ने मतदान के प्रति अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि आज के तक़रीबन 70-80 साल पूर्व उन्हें 10-12 किमी पैदल और ऊंट पर सवार होकर मतदान केंद्र पर जाना पड़ता , लेकिन आज सरकार ने वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर वोट देने की सुविधा दी । उसने बताया कि अब तक विभिन्न चुनावों में 80 से अधिक बार मतदान किया । शतायु मतदाता अमरू ने बताया कि गत विधानसभा चुनावों में उसने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आटियाँ में मतदान केंद्र पर ख़ुद जाकर वोट डाला , लेकिन अभी हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में वह मतदान केंद्र पर जाकर वोट मतदान करना चाहती थी,लेकिन उनके पौत्र ने समझाया कि सरकार ने उनके लिए घर पर मतदान ( होम वोटिंग ) की सुविधा दी है, तो उसने घर पर ही अपने मताधिकार का उपयोग किया । अमरु ने सरकार की होम वोटिंग की सुविधा की सराहना की। फ़िलहाल अमरु स्वस्थ है ।

अमरू,शतायु ( 103 वर्षीय ) मतदाता के अनुसार आज से 70-80 साल पहले मैं 10-12 पैदल चलकर,तो कभी ऊँट पर सवार होकर वोट देने जाती थीं, अब सरकार ने हमारे लिए घर पर मतदान की सुविधा कर दी, अच्छी बात है।

उगराराम 40 वर्षीय पौत्र का कहना है कि दादी अमरु हर चुनाव में मतदान केंद्र पर जाकर ही अपना मतदान करती है।अभी विधानचुनावों में मतदान केंद्र पर ही वोट डाला, कहती है कि मैं तो बूथ पर ही वोट डालंगी।

बद्रीनारायण विश्नोई ईआरओ एवं एसडीएम चौहटन ने बताया कि 103 वर्षीय मतदाता अमरू का सम्मान कर के अच्छा लगा।मतदान के प्रति अपने अधिकारों की उनकी जागरूकता लोकतांत्रिक विचारों की मज़बूती का परिचायक है।

### सफाई की

**पाली**, (नि.सं.)। महात्मा गांधी की जंयती की पूर्व संध्या पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत मौसमी बीमारियों के बचाव एवं नियंत्रण के लिए पाली जिले के समस्त सरकारी कार्यालयों व संस्थानों पर एक विशेष अभियान के तहत एक अक्टूबर मंगलवार को दोपहर साढ़े बारह बजे से डेढ बजे तक की अवधि में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि डेंगू व मलेरिया का मच्छर दिन के समय ही काटता है। अगर कार्यालयों व संस्थानों में गंदगी व पानी भराव रहेगा तो परिसर में अधिकारियों/ कर्मचारियों व आगन्तुकों को मच्छर जनित रोग होने की पूर्ण सम्भावना रहती है। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि सभी कर्यालायों व संस्थानों के परिसरों में स्वच्छता नितान्त आवश्यक है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में पूर्व महाराजा गज सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राठौड़ ने राज्य सरकार के कार्यों व निर्णयों, पर्यटन, सांस्कृतिक क्षेत्र व पाली जिले के कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। गज सिंह ने राजस्थानी भाषा की मान्यता के संबंध में भी बातचीत की। मारवाड़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में भी चर्चा की।

## विधि शाखा के लंबित व अवमानना प्रकरणों की समीक्षा



जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने विधि शाखा की समीक्षा बैठक ली।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने मंगलवार को विधि शाखा की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने विभिन्न न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों एवं अवमानना व अनुपालना के प्रकरणों की रिपोर्ट प्राप्त कर समीक्षा की। आयुक्त ने विभिन्न न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के निर्देश प्रदान किए। आयुक्त ने बैठक में प्रभारी अधिकारीगण को न्यायालयों द्वारा निर्णित मुकदमों की पालना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्तगण कंचन राठौड, मुकेश बारठ, अदिति पुरोहित, दिनेश कुमार मीणा, उपविधि परामर्शी सुरेन्द्र सिंह राठौड, तहसीलदारगण सहित जेडीए के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

### चवरछा बांध के गेट खोलकर छोड़ा पानी

**जालोर**, (का.सं.)। विधानसभा क्षेत्र आहोर में स्थित चवरछा बांध प्रथम से पानी छोड़ने के लिए चवरछा गांव के अटल सेवा केन्द्र में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में रखी गई।

बैठक में सभी की सहमति अनुसार मंगलवार को बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया। जिसके उपरांत मंगलवार को सायं 4 बजे आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, काश्तकारों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में बांध के मोरी एवं ओवरफ्लो का गेट खोलकर पानी की निकासी चालू की गई। आहोर तहसीलदार हितेश त्रिवेदी, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता दयालसिंह जोधा, ग्राम पंचायत चवरछा के सरपंच मोहनसिंह एवं चवरछा पटवारी, ग्प्रम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चवरछा, भू अभिलेख निरीक्षक वृत हरजी एवं चवरछा बांध के पेटे में काश्तकारी करने वाले एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हॉर्स राइडर को जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर सिविल एयरपोर्ट पर एक युवक के पास से जिंदा कारतूस मिला। वह जोधपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में जाने वाला था और एयरपोर्ट पर सामान चेकिंग में यह कारतूस मिला। वह हॉर्स राइडर है और जापान में नौकरी करता है।

एयरपोर्ट थाने के हैडकांस्टेबल राम खिलाड़ी मीणा ने बताया कि दिन में जोधपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में एक शख्स के सामान की चेकिंग की गई। तब उसके हैण्डबैग में एक जिंदा कारतूस नोरका मार्क 300 एमएम मिला। इस पर शख्स को एयरपोर्ट पर चेकिंग करने वाले सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टरों अनिल कुमार और कमलनाथ राणावत ने पकड़ थाना पुलिस को सौंपा।

हैडकांस्टेबल राम खिलाड़ी ने बताया कि आरोपी बालेसर के खुडियाला स्थित विजय नगर भाटियों की ढाणी का रहने वाला जसवंत सिंह पुत्र कल्याण सिंह है जिसे आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी जसवंतसिंह जापान में हॉर्स राइडिंग की नौकरी करता है और वह 13-14 सितंबर को छुट्टियों पर जोधपुर गांव आया था। सोमवार को वापिस उसे जापान जाना था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे इस कारतूस के बारे में जानकारी नहीं है, वह कब और कैसे उसके पास में आया।

## मादलपुरा विद्यालय में भामाशाह का सम्मान



जालोर शहर के पास राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मादलपुरा में भामाशाह सलीम खान मुगल पुत्र अली खां मुगल बाकरा का विद्यालय परिवार ने स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के निकट राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मादलपुरा में भामाशाह का मंगलवार को विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत व सम्मान किया गया।

भामाशाह सलीम खान मुगल पुत्र अली खां मुगल बाकरा ने 14500 रु. कि इलैक्ट्रानिक बेल भेंट की एवं 25000 रुपये तक का पोजेक्टर देने की घोषणा की है।

इसको लेकर ब्लॉक स्तर पर भामाशाह सलीम खान क किस्तुरा राम बामणिया, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ,समग्र शिक्षा,जालोर, रमेश चन्द्र खोरवाल, अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा,जालोर, एवं राज शेखर (आर.पी) समग्र शिक्षा, जालोर द्वारा भामाशाह सम्मान पत्र से सम्मानित किया एवं रघुनाथ सिंह परिहार, प्रधानाचार्य एवं पी.ई.ई.ओ. रा.उ.मा.वि.भागली सिन्धलान द्वारा धन्यवाद दिया गया।

कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार, प्रशासनिक अधिकारी पं स.जालोर, आमित कुमार (आर.पी) पं.स.जालोर, दिनेश कुमार प्र/अ.मादलपुरा, इब्राहिम खान मेंहर ,भोलाराम देवासी, भंवरुखान पठान प्रबोधक एवं अफरोज खान, (अ.) माया शर्मा अध्यापिकी, अहमद खान, कम्प्यूटर ऑपरेटर, हका राम, एल. डी. सी. एवं समग्र शिक्षा तथा रा.उ.प्रा.वि.मादलपुरा स्टॉफ मौजूद रहा।

## सार-समाचार

### क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन ने ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान के बूंदी स्थित महाराजा सूरजमल हाडा की प्राचीन छतरी को अपमानजनक तरीके से तोडने के विरुद्ध कार्यवाही तथा छतरी का यथास्थान पर पुनर्निर्माण करने के लिए क्षत्रिय युवक संघ के अनुषांगिक संगठन क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में राजपूत समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने जालोर जिला कलेक्टर प्रदीप के गावंडे को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। फाउंडेशन के गणपतसिंह भवरानी ने बताया कि ज्ञापन और वार्ता के समय नाथूसिंह जसवंतसिंह, चंदनसिंह, अर्जुनसिंह, मोडसिंह काबावत, नकुलसिंह, गोविंदसिंह, महिपालसिंह, ईश्वरसिंह, राजेंद्रसिंह रामसिंह, विक्रमसिंह, मालमसिंह, महावीरसिंह नरेश प्रभुराम चौधरी, सुरेश राजपुरोहित, जालमसिंह, नरावत गंगासिंह प्रदीपसिंह, श्रवणसिंह, शिवपालसिंह गुमानसिंह, गजेंद्रसिंह, दीपसिंह और हीरसिंह सहित राजपूत समाज के गणमान्य लोग फाउंडेशन के सदस्य व सर्व समाज के सैकडो लोग उपस्थित रहे। बूंदी छतरी के प्रकरण को लेकर जिले से विधानसभा के मुख्य संचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुंबाराम,आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, पूर्व सांसद देव जी एम पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष नारायणसिंह देवल सहित कई जनप्रतिनिधि भी अपना मांग पत्र और आग्रह मुख्यमंत्री के नाम भेज चुके हैं। राजपूत समाज के लोग एवं फाउंडेशन के सदस्य सभी प्रतिनिधियों से संपर्क कर इसके लिए सहयोग का अभियान तेज कर रहे हैं और सर्व समाज सहित सभी लोगों की जनभावना के तहत भारी समर्थन मिल रहा है।

### मुकाम मेले में स्वच्छता का संदेश दिया

**धोरीमन्ना**, (निसं)। धोरीमन्ना पर्यावरण संरक्षण के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रही कोशिश पर्यावरण सेवक टीम स्वच्छता अभियान लेकर गुरु जम्भेश्वर भगवान के समाधि स्थल मुकाम में लगने वाले पांच दिवसीय मेले में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए पहुंची है। सांचौरी-मालाणी टीम के सह-प्रभारी व स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई बताया कि पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण संस्थान द्वारा प्रायोजित कोशिश पर्यावरण सेवक टीम के पर्यावरण सेवक अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणविद खमुराम बिश्नोई के नेतृत्व में रविवार से सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त मेला परिसर के अभियान को लेकर पहुंची है। इस दौरान पर्यावरण सेवक स्वच्छ भारत अभियान के बैनर तले मैले परिसर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाते हैं यदि कोई श्रद्धालु सिंगल यूज प्लास्टिक लेकर आता है तो उससे प्लास्टिक ले ली जाती है और उसे कपडे की थैली दी जाती है यदि कोई श्रद्धालु सिंगल यूज प्लास्टिक काम लेने के बाद फेंक दे देते हैं तो पर्यावरण सेवक उसे बीनकर कट्टों में भर देते हैं। और बैनर व जागरूकता संदेश के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हैं। पर्यावरण सेवक खमुराम बिश्नोई,किशनाराम बांगड़वा, जगदीश गोदारा गडरा,श्रीराम ढाका,बुधाराम कावां कबूलीं,बगड़ूराम कुशलावा, पूनाराम मांजु फनकार,एडवोकेट शारदा बिश्नोई सहित अनेक पर्यावरण सेवक तन-मन से स्वच्छ मेला अभियान के तहत मेले परिसर को साफ सुथरा रखनें का प्रयास करेंगे।

### राजेन्द्र नगर में किशोरी मेला आयोजित

**जालोर**, (का.सं.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर जालोर में मंगलवार को किशोरी मेले का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोरी मेले में सेवानिवृत अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी मुकेश सोलंकी ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करने व आगे लाने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। समग्र शिक्षा के एडीपीसी ईश्वरसिंह ने किशोरी मेले की प्रशंसा करते हुए इसकी उपयोगिता के बारे में बताया। एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने कहा कि किशोरी मेलों के आयोजन के फलस्वरूप प्रतिभाओं को आगे आने में मदद मिलती है।एसडीएमसी में विधायक प्रतिनिधि दिलीप सोलंकी ने किशोरी मेले में विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की। किशोरी मेले में विद्यार्थियों द्वारा चार्ट, रंगोली, इलेक्ट्रोनिक मॉडल व कपड़ों से विभिन्न सामग्रियों का निर्माण किया गया साथ ही विभिन्न प्रकार के भारतीय व्यंजन बनाए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका तिवारी व भाग्यवंती परमार ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वचनाराम राठौड़, उपाचार्य खीमसिंह राठौड़, राजू मीना, अंशु वशिष्ठ, ममता सुन्देशा, शमशुल हक खां, गणपतलाल, फुटराराम गर्ग, पृथ्वीराज शर्मा, कृष्ण कुमार, धनवंत गहलोत सहित अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पितृ पक्ष का अंतिम श्राद्ध आज

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर में बुधवार को पितृपक्ष की अमावस्या का अंतिम श्राद्ध मनाया जाएगा। इसको लेकर जलाशयों में तर्पण भी होगा। शहर में बुधवार को ब्रह्मा व स्वार्थ सिद्ध योग में सर्व पितृ अमावस्या मनाई जाएगी। इसके साथ ही पिछले 15 दिनों से चले आ रहे पितृ पक्ष का भी समापन हो जाएगा। सर्व पितृ अमावस्या श्राद्ध पक्ष का अंतिम दिन होता है। इस दिन पितरों को विदाई दी जाती है । इसकी वजह से इसे पितृ विसर्जन अमावस्या भी कहा जाता है। पितृ अमावस्या के दिन बड़ी संख्या में लोग तर्पण करेंगे। इस दिन उन पितरों का भी श्राद्ध किया जाता है। जिनकी मृत्यु की तिथि याद नहीं हो। ऐसे लोग भी पितृ अमावस्या के दिन उनका तर्पण और श्राद्ध करते हैं। इस दिन भोजन बनाकर कोए, गाय और कुत्ते के लिए निकाला जाता है। ऐसा माना जाता है कि अमावस्या तिथि पर किए गए श्राद्ध कर्म से पितरों को तृप्ति मिलती है और वे प्रसन्न होकर अपने पितृ लोक लौट जाते हैं। पंडित दामोदर भारद्वाज ने बताया कि लोग श्राद्ध कर्म नहीं करते हैं, उनके पितर दुखी होते हैं और अपने वंश के लोगों को शाप देते हैं। पितरों की प्रसन्नता के लिए सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर श्राद्ध और दान-पुण्य जरूर करना चाहिए। बता दे कि शहर के प्राचीन जलाशयों पदमसर, रघुनाथ की बावड़ी, सिवांची गेट, मिनका नाडी, कायलाना, गुरों का तालाब आदि जगहों पर तर्पण करवाया जा रहा है।

### विजेताओं को सम्मानित किया

**बालोतरा**, (निसं)। औद्योगिक नगरी बालोतरा में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आई एम ए शाखा बालोतरा के तत्वावधान में तीन दिवसीय डॉक्टर प्रीमियर लीग उत्कर्ष 2 का आयोजन किया गया। जिसमें क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस व बॉक्स क्रिकेट रिले रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आई एम ए बालोतरा सचिव डॉ विजय खंडेलवाल ने बताया कि उत्कर्ष 2 नाम से आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ शहर के सीनियर डॉ उगमराज सालेचा, सीएमएचओ वाकारामजी व आई एम ए अध्यक्ष डॉक्टर संतोष सिंह शिवनानी ने किया।सचिव डॉ खंडेलवाल ने बताया कि लीग में ि केट मैच का आयोजन अग्रवाल समाज के नदी किराने स्थित ग्राउंड में आयोजित मैच में डॉ अर्जुन पटेल की टीम गंगा वॉरियर्स विजयी रही। बैडमिंटन में लीग मैच,सेमीफाइनल मैच के बाद खेले गए फाइनल मैच कडे मुकाबले के बीच डॉ चोपडा ने डबल्स जीत हासिल की तथा डॉ महेश ने सिंगल्स में जीत हासिल की।वही टेबल टेनिस में डॉ केवल पटेल ने जीत दर्ज की। आई एम ए सचिव डॉ विजय खंडेलवाल ने बताया कि आयोजित उत्कर्ष 2 डॉक्टर प्रीमियर लीग के समापन समारोह का आयोजन सीनियर डॉ उगमराज सालेचा के आथित्य में स्थानीय फॉर सीजन रिसोर्ट के बैंकट हाल में किया गया। जिसमें प्रतियोगिता में विजेताओं को मोमेट देकर सम्मानित किया गया।

### वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की

**जालोर**, (का.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जालोर द्वारा समाज कल्याण सप्ताह के तहत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मंगलवार को मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह जालोर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 100 से अधिक वृद्धजनों का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजीव सुथार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए वृद्धजनों के कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ललित मेवाड़ा ने वृद्धजनों को समय के साथ समायोजन करते हुए निरंतर न स्किल सीखने तथा योग की महत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम में वृद्धजनों का माला व शॉल पहनाकर सम्मान किया गया।

### शतायु मतदाताओं को सम्मानित किया

**जालोर**, (का.सं.)। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले की मतदाता सूची में पंजीकृत शतायु (100 वर्ष या अधिक आयु) मतदाताओं को उनके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया गया। विधान सभा क्षेत्र जालोर-142 में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर 100 एवं 100 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त करने वाले मतदाताओं का माला व प्रशस्ति पत्र देकर बहुमान किया गया। वहीं जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के संबंधित बीएलओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के शतायु मतदाताओं का सम्मान किया गया।



चेन्नई की तुलना में यहां जीतना तुलनात्मक तौर पर अलग था। आकाश दीप बढ़िया गेंदबाजी कर रहे हैं और जिस तरह से वह लगातार बेहतर कर रहे हैं, उसे देखकर मैं बेहद खुश हूं।
- जसप्रीत बुमराह

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज तेज गेंदबाज, कानपुर टेस्ट जीतने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** आर. अश्विन



टीम इंडिया के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में एक नया कीर्तिमान रचा है। दरअसल, अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड हासिल करने वाले संयुक्त रूप से दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन की बराबरी कर ली है। आर अश्विन ने एक बार फिर सेटेस्ट क्रिकेट में कमाल का प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में न सिर्फ गेंद से, बल्कि बल्ले से भी कमाल दिखाया।

**क्या आप जानते हैं ?...** 19वीं सदी तक बॉक्सिंग को दुनिया में हिंसक खेल माना जाता था और इस पेशेवर खेल पर प्रतिबंध था जो 1901 में हटा।

# भारत ने फटाफट अंदाज में जीता कानपुर टेस्ट, बांग्लादेश का 2-0 से सफाया



कानपुर, 1 अक्टूबर। सकारात्मक सोच और आक्रामक शैली की बदौलत भारत ने मंगलवार को मेहमान बांग्लादेश को वर्षा बाधित टेस्ट मैच में सात विकेट से हरा कर दो मैचों की श्रृखंला को 2-0 से अपने नाम कर लिया। भारत की घर में यह लगातार 18वीं जीत है जबकि कानपुर में टीम इंडिया के खाते में आठवीं जीत दर्ज हुयी है। इसके साथ आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिये उसने अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

पहली पारी में (71) और दूसरी पारी में (51) रनों की शानदार पारी खेलने वाले यशस्वी जयसवाल को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। वहीं सीरीज में 114 रन देकर 11 विकेट लेने वाले रविचंद्रन अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। भारत ने यह मैच सिर्फ 52 ओवर खेल कर अपने नाम किया है, इस तरह ओवरों के लिहाज से मेजबान टीम की यह अब तक की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। टेस्ट मैच में वर्षा के कारण पहले दिन मात्र 35 ओवर फेंके जा सके थे जबकि दूसरे और तीसरे दिन का खेल वर्षा और गीले मैदान के कारण रद्द करना पड़ा था। बचे हुये दो दिन में परिणाम की आशा धूमिल हो चुकी थी मगर कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम सकारात्मक सोच के साथ मैदान पर उतरी और बांग्लादेश की पहली पारी को 74.2 ओवर में 233 रन पर धराशायी कर दिया।

इसके बाद भारत ने अपनी पहली पारी की शुरुआत तूफानी अंदाज में की और मात्र 34.4 ओवर के खेल में नौ विकेट पर 285 रन बना कर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी जिसके चलते मेहमान टीम को चौथे ही दिन दूसरी पारी के लिये मैदान पर उतरना पड़ा। इस बीच भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश की सलामी जोड़ी का चलता कर अपनी टीम के लिये जीत की बुनियाद रख दी। मंगलवार को मैच के पांचवे और अंतिम दिन कप्तान रोहित शर्मा ने गेंदबाजों का चतुराई से इस्तेमाल किया,नतीजन बांग्लादेश के बल्लेबाज सुबह से ही संघर्ष करते नजर आये। शादमान इस्लाम (50) और अनुभवी मुशफिकुर रहीम (37) के अलावा अन्य बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में विफल साबित हुये और बांग्लादेश की दूसरी पारी भोजनावकाश से ठीक पहले 146 रन पर सिमट गयी और भारत को जीत के लिये 95 रन का लक्ष्य मिला। कप्तान रोहित (8) और यशस्वी जायसवाल (51) ने एक बार फिर बांग्लादेशी गेंदबाजी आक्रमण के सामने अपने हाथ खोले मगर मेहदी हसन मिराज की गेंद पर रोहित स्वीप शाट खेलने से चूके और अपना विकेट गंवा बैठे।

पहली पारी की तरह यशस्वी ने दूसरी पारी में भी अपना अर्धशतक तूफानी अंदाज में पूरा किया। उनके आउट होने के बाद विराट कोहली (29 नाबाद) और ऋषभ पंत (चार नाबाद) ने अपनी टीम को जीत के द्वार पर लाकर ही दम लिया।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से अल नस्त्र ने चैम्पियंस लीग में अल रेयान को हराया



रियाद, 1 अक्टूबर। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल से सऊदी अरब के अल नस्त्र ने सोमवार को एएफसी चैंपियन्स लीग एलीट ठ्रुप चरण के मैच में कतर के अल रेयान को 2-1 से हराया। पांच बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता रोनाल्डो वायरल संक्रमण के कारण इराक के अल शोर्ता के खिलाफ दो हफ्ते पहले 1-1 से ड्रॉ रहे टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे। सोमवार को उनका एक गोल ऑफ साइड हो गया लेकिन मैच खत्म होने से 14 मिनट पहले उन्होंने एक और गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। लीवरपूल के पूर्व फारवर्ड सादियो माने ने मध्यांतर से ठीक पहले अल नस्त्र को बढ़त दिलाई जबकि रोनाल्डो ने टीम की बढ़त को 2-0 किया। मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोजर गुएडेस ने अल रेयान के लिए गोल दागा लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। अन्य मुकाबलों में सऊदी अरब के अल अहली ने यूएई के अल वासल को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि कतर के अल साद ने ईरान के एस्टेघलाल को इसी अंतर से हराया। ईरान के पर्सेपोलिस और उज्बेकिस्तान के पाख्ताकोर का मुकाबला 1-1 से बराबर रहा।

## जयपुर ने सीकर को हरा जीती राज्य स्तरीय सीनियर अंडर 23 ट्रॉफी

### फाइनल में जयपुर के अशोक शर्मा की घातक गेंदबाजी



जयपुर, 1 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल आज जयपुर ने सीकर को हरा जीती ट्रॉफी। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य हरीश चंद्र सिंह के अनुसारआज जयपुर में खेले गए राज्य स्तरीय सीनियर अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जयपुर ने सीकर को हरा जीती राज्य स्तरीय सीनियर अंडर 23 ट्रॉफी .प्रतियोगिता के समापन की प्रेजेंटेशन सेरेमनीमें आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत, हरीश चंद्र सिंह, चूरू जिला क्रिकेट संघ सचिव सुशील शर्मा, सीकर जिला क्रिकेट संघ सचिव सुभाष जोशी, सीकर जिला क्रिकेट संघ कोषाध्यक्ष आशीष तिवाड़ी, जयपुर जिला क्रिकेट संघ एडहॉक कमेटी संयोजक अखिलेश मित्तल, मो इक़बालने प्रतियोगिता की विजेता, उपविजेताटीमों को ट्रॉफी व सभी खिलाडियों, मैच ऑफिशियल को मोमेंटो प्रदान किये। कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने अतिथियों को इस अवसर पर मोमेंटोप्रदान किया।

## युवा क्रिकेटर की सीढ़ियों से गिर कर मौत



नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। बंगाल के युवा क्रिकेटर आसिफ हुसैन का 28 साल की उम्र में निधन हो गया। इस खबर के बाद बंगाल क्रिकेट में मातम पसर गया है। सोमवार बीती रात हुई इस दर्दनाक घटना ने सभी को हैरान कर दिया। पता दें कि, क्रिकेटर की मौत सीढ़ियों से गिरने से हुई। इस अचानक घटी घटना ने सभी को हिला कर रख दिया है। लोग यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि इतने प्रतिभाशाली युवा की कैसे मृत्यु हो सकती है।

आसिफ हुसैन कोलकाता में क्लब क्रिकेट जगत में एक जाना माना नाम था। वह काफी अच्छा क्रिकेट खेलते थे। उनका सपना सीनियर बंगाल टीम का हिस्सा बने। उन्होंने अपनी योग्यता को साबित करने के लिए बंगाल टी20 लीग के एक मैच में 99 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। इस साल की शुरुआत में उन्होंने क्लब क्रिकेट की पहली डिवीजन में स्पोर्टिंग यूनियन के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया था।

आसिफ के मौत पर उनके परिवार को गहरा धक्का लगा है। उनके माता-पिता और परिवार के अन्य लोगों का बुरा हाल है। साथी खिलाड़ियों और क्रिकेट जगत के अन्य लोगों ने उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के इतिहास की सबसे सफल कप्तान बने रोहित शर्मा, कोहली और स्टोक्स को पछाड़ा



नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने बांग्लादेश टीम को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में मात देकर 2-0 से सीरीज अपने नाम कर ली। इसके साथ ही रोहित शर्मा आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी के इतिहास के सबसे सफल कप्तान बन गए। रोहित शर्मा विनिंग पर्सेंटेज के हिसाब से में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले कप्तान बन गए हैं। इस मामले में रोहित शर्मा अपने ही देश के पूर्व कप्तान विराट कोहली और इंग्लैंड की टीम के मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ दिया है। इतना ही नहीं, रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट की भी बराबरी टेस्ट मैच जीतने के मामले में कर ली है।

भारत की टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा का जीत प्रतिशत के इतिहास में 66.70 हो गया है, जबकि विराट कोहली ने 63.6 प्रतिशत के हिसाब से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में मैच जीते थे। लिस्ट में तीसरे नंबर बेन स्टोक्स हैं,जिनका जीत प्रतिशत इंग्लैंड के लिए 62.5 है। हालांकि, सबसे ज्यादा टेस्ट मैच पैट कमिंस ने 17 टेस्ट मैच डब्ल्यूटीसी के इतिहास में जीते हैं। बेन स्टोक्स 15 टेस्ट मैचों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। विराट कोहली ने 14 टेस्ट डब्ल्यूटीसी में जीते हैं और रोहित शर्मा के साथ जो रूट ने 12-12 टेस्ट मैचों में जीत हासिल की है।

बता दें कि, रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से कप्तानी संभाली थी। इसके बाद से वे एक भी सीरीज हारे नहीं हैं। एक सीरीज ड्रॉ जरुर रही है, लेकिन वे हर एक सीरीज को जीते हैं। हालांकि, एक अपवाद ये भी है कि वे डब्ल्यूटीसी का फाइनल भी हारे हैं।

## जिस बैटर ने 9 हजार रन बनाए... विराट को लेकर ये क्या कह गए गावस्कर



नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन भारतीय क्रिकेट टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी की। वहीं पांचवें दिन भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला जहां भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का परिचय दिया है। कानपुर टेस्ट के पांचवें दिन भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को महज 146 रन बनाए और ऑलआउट हो गए। वहीं चौथे दिन भारत ने इतिहास में सबसे तेज 50, 100, 150, 200 और 250 रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। हालांकि, इसके बावजूद सुनील गावस्कर बल्लेबाजी क्रम से ज्यादा प्रभावित नहीं दिखे।

दरअसल, चौथे दिन भारतीय पारी के दौरान यशस्वी जायसवाल के आउट होने के बाद उम्मीद थी कि विराट कोहली चौथे नंबर पर आएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ उनकी जगह ऋषभ पंत आए और लंबी पारी खेलने में असफल रहे। उन्होंने महज 11 गेंदों में 9 रन बनाए और आउट हो गए।

जबकि कोहली पांचवें नंबर पर उतरे और भारत के इस करिश्माई बल्लेबाज ने 35 गेंदों पर 47 रन बनाए। कोहली ने इस दौरान अहम मुकाम हासिल किया। वह सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़कर सबसे तेज 27 हजार अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कोहली ने ये कारनामा अपनी 594वीं पारी में किया जबकि मास्टर ब्लास्टर ने 623 पारियों में ये रिकॉर्ड बनाया था। कोहली और तेंदुलकर के अलावा कुमार संगकारा और रिकी पोंटिंग दो अन्य क्रिकेटर हैं जिन्होंने ये रिकॉर्ड बनाया है।

## अल्काराज, मेदवेदेव को हराकर चाइना ओपन के फाइनल में



बीजिंग, 1 अक्टूबर। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने एक बार फिर शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए मंगलवार को रूसी खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव को हराकर चाइना ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां 88 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने मेदवेदेव को 7-5, 6-3 से हराया। अलकराज का फाइनल में मुकाबला जननिक सिनर और चीन के वाइल्ड कार्ड बू युनचाओकेते के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से होगा। मैच के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे एक बार फिर कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा इसलिए मैं इससे बहुत खुश हूँ। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं इससे बेहतर सेमीफाइनल की उम्मीद नहीं कर सकता था।

## अजिंक्य रहाणे और सरफराज खान के अर्द्धशतकों ने मुंबई को संभाला



लखनऊ, 1 अक्टूबर। कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 86), सरफराज खान (नाबाद 54) और श्रेयस अय्यर (54) के अर्धशतकों की बदौलत मंगलवार को मुम्बई ने शेष भारत के खिलाफ चार विकेट पर 237 रन बना लिये है।

सुबह के समय पिच और आउटफील्ड पर नमी के कारण 45 मिनट की देरी से मैच शुरू हुआ था। शेष भारत ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ केवल चार रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद हार्दिक तामोरे (शून्य) और आयुष म्हात्रे (19) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। तीनों ही बल्लेबाजों को मुकेश कुमार ने आउट किया। श्रेयस अय्यर ने एक अच्छी पारी खेलते हुए 84 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए(57) रन बनाए। उन्हें यश दयाल ने गायकवाड़ के हाथों कैच आउट कराया।

नंबर छह पर बल्लेबाजी करने आए सरफराज खान ने अपने कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ मोर्चा संभाला और टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचा दिया। रहाणे के अर्धशतक के बाद सरफराज ने भी अपना पचासा पूरा किया। खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने पर मुम्बई ने 68 ओवर में चार विकेट पर 237 रन बना लिये है। दिन का खेल खत्म होने के समय सरफराज खान 88 गेंदों पर (नाबाद 54) और अजिंक्य रहाणे 197 गेंदों में (88) रन बनाकर क्रीज पर थे। शेष भारत की ओर से मुकेश कुमार ने तीन विकेट लिये। यश दयाल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारत ने बांग्लादेश को हराकर जीता सैफ अंडर-17 का खिताब

थिम्पू (भूटान), 1 अक्टूबर। भारत की फुटबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में बांग्लादेश को 2-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप का अपना खिताब बरकरार रखा है। सोमवार रात यहां चांगलिमथांग स्टेडियम में खेले गये मैच का पहला हाफ बांग्लादेश के खिलाफ भारत के ठ्रुप लीग मैच जैसा ही था। जहां भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार हमलावर रहे। वहीं बांग्लादेश के छह खिलाड़ी डिफेंस में लगे रहे। इसके बाद पहले हाफ में खराब प्रदर्शन के बाद मोहम्मद कैफ ने 58वें मिनट में हेडर से बेहतरीन गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद 95वें मिनट में मोहम्मद अरबाश ने बाएं पैर से शानदार गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ऐसी टीम के खिलाफ गोल करना कभी आसान नहीं होता जोकि रक्षात्मक मानसिकता के साथ मैदान पर उतरी हो। मैच के दौरान केवल एक बार बांग्लादेश भारतीय गोल के करीब पहुंचा। यह ब्रेक पर एक मूव था और गोलमाउथ पर क्रॉस को गोलकीपर सूरज सिंह ने समय रहते रोक दिया। एम.डी. अरबाश को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और अहिबाम सूरज सिंह टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुने गये।

## जर्मनी के खिलाफ श्रृंखला की तैयारियों के लिए हॉकी इंडिया ने लगाया कोचिंग शिविर



बेंगलुरू, 1 अक्टूबर। जर्मनी के साथ होने वाली घरेलू श्रृंखला की तैयारियों के लिए हॉकी इंडिया ने मंगलवार को सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र बेंगलुरु में एक अक्टूबर से 19 अक्टूबर इस राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का आयोजन करेगा। जर्मनी के खिलाफ 23 और 24 अक्टूबर को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए टीम का चयन इसी शिविर से किया जाएगा और यह भारतीय टीम की मैचों की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

शिविर से पहले बोलते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, यह शिविर यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण होगा कि हमारी टीम जर्मनी का सामना करने से पहले अच्छी तरह से तैयार है। विश्व चैंपियन के खिलाफ खेलना हमारे लिए अपनी क्षमताओं को दिखाने का एक शानदार अवसर है और इस शिविर में खिलाड़ियों का एक रोमांचक मिश्रण होने से हमें अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और आवश्यक सामंजस्य बनाने में मदद मिलेगी।

भारतीय पुरुष हॉकी की 40 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:-

**गोलकीपर:-** कृष्ण बहादुर पाठक, पवन, सूरज करकेरा, मोहित एच.एस।

**डिफेंडर:-** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, अमनदीप लाकड़ा, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार, यशदीप सिवाच, दिप्सन टिर्का और मनदीप मोर।

**मिडफील्डर:-** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह और पूवन्ना सीबी। **फॉरवर्ड:-** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, अंगद बीर सिंह, आदित्य लालगे, बॉबी सिंह धामी, सुदीप चिरमाको, एस. कार्थी, मनिंदर सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत।

## सुदेवा और डीएफसी की आसान जीत

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर। डीएसए प्रीमियर लीग में मंगलवार को दिल्ली एफसी ने वाटिका फुटबाल क्लब को 3-0 से हरा कर पहली जीत दर्ज की। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में सुदेवा एफसी ने फ्रेंड्स यूनाइटेड क्लब को 5-1 से परास्त किया।

आज यहां अंबेडकर स्टेडियम में खेले गये मुकाबलों में विजेता टीमों ने एक जीत और एक एक ड्रॉ के साथ चार-चार अंक जुटाए हैं। दिल्ली एफसी के लिए सैमसन कीशिंग, मैन ऑफ द मैच आरिस खान और अबेल्सन जैची ने गोल किये। सुदेवा दिल्ली की जीत का आकर्षण एजाज अहमद के दो दर्शनीय गोल रहे।

पहली प्रीमियर लीग की विजेता वाटिका एफसी एक बार फिर अपनी ख्याति के अनुरूप नहीं खेल पाई। हालांकि 19वें मिनट में सैमसन द्वारा किये गोल के बाद लगभग साठ मिनट तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई लेकिन दो मिनट में दो गोल जमा कर विजेता टीम ने परीणाम को एकतरफा कर दिया।

सुदेवा दिल्ली और फ्रेंड्स यूनाइटेड का मैच उतार चढ़ाव वाला रहा लेकिन युवा शक्ति के सामने अनुभव को कठिन समय गुजारना पड़ा। फ्रेंड्स यूनाइटेड के मयंक देसवाल को रेफरी राहुल कुमार गुप्ता ने फाउल प्ले के लिए लाल कार्ड दिखाया। बाकी समय फ्रेंड्स यूनाइटेड को दस खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। विजेता टीम के लिए एजाज अहमद ने दो दर्शनीय गोल बनाए।

## मजीनी और मुकेश ने 13 गोलों की बरसात कर कानोता को हराया

जयपुर, 1 अक्टूबर। वी पोलो टीम के खिलाड़ी जिरांडो मजीनी के पांच और मुकेश सिंह के चार गोलों की ताबड़तोड़ बरसात से कानोता टीम बिखर कर ढह गई। कानोता टीम को 2.5 गोल मिलने के बावजूद सिर्फ वी पोलो टीम पर मात्र एक गोल प्रताप सिंह कानोता ने किया, पूरी टीम कुछ भी नहीं कर पाई। वी पोलो की ओर से मजीनी ने 5, मुकेश सिंह ने 4, डीनो धनकड़ और अगंद कलान ने 2-2 गोल किये। अंपायर हूगो मार्टि और शमशीर अली रेफरी लांस वॉटसन थे।

## पार्थ माने ने जूनियर विश्व चैम्पियन में जीता दोहरा स्वर्ण पदक

लीमा, 1 अक्टूबर। पार्थ राकेश माने ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सोमवार को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में पार्थ ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत खिताब जीतने के बाद, अजय मलिक और अभिनव शॉ के साथ मिलकर पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। गौतमी भालोट, शांभवी क्षीरसागर और अनुष्का थोकुर की भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल में 1894.8 के संयुक्त स्कोर के साथ नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। इन तीन स्वर्ण पदकों के साथ जूनियर शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत टूर्नामेंट में अब तक पांच स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीत चुका हैं। पुरुषों की स्पर्धा में पार्थ माने, अजय मलिक और अभिनव शॉ ने 1883.5 का स्कोर अर्जित करके टीम का खिताब सुरक्षित किया। पार्थ माने ने पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार 10.0 से ऊपर शॉट लगाए। उनके 250.7 के स्कोर ने चीन के लिवानलिन हुआंग (250.0) को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

# हरियाणा में तीन चौथाई बहुमत से सरकार बनायेगी कांग्रेसः पायलट

## सचिन पायलट ने कहा कि जनता ने भाजपा को बता दिया कि घमंड व अहंकार से राज नहीं कर सकते



*कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट 30 सितम्बर से हरियाणा के चुनाव प्रचार अभियान पर हैं। आज उन्होंने कई जनसभाओं को संबोधित किया। वे 2 और 3 अक्टूबर को भी हरियाणा में ही रहेंगे।*

- **कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने हरियाणा में भवानी खेड़ा, फरीदाबाद, घरौंडा, समालखा, नांगल चौधरी, हथीन, बादशाहपुर में चुनाव सभायें कीं। वे दो और तीन को सोहना, जगाधरी, महेन्द्रगढ़, तोशाम, बरवाला, पलवल में चुनावी दौरा करेंगे।**

जयपुर, 1 अक्टूबर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाने जा रही है। जनता ने कांग्रेस को विजयी बनाने का मन बना लिया है। जो लोग 300 पार, 400 पार का नारा लगाते थे, जनता ने उनकी नकारात्मक सोच और घमण्ड का जवाब देते हुए लोकसभा चुनावों में उन्हें बहुमत भी पार करने नहीं दिया। देश की जनता ने भाजपा को आईना दिखाते हुए बता दिया कि आप घमण्ड और अहंकार से राज नहीं कर सकते, तानाशाही तरीके से राज नहीं कर सकते, आप लोगों की भावनाओं से खेलकर, मंदिर-मस्जिद की बात करके वोट नहीं ले सकते।

पायलट 30 सितम्बर व 1 अक्टूबर को हरियाणा के चुनावी दौरे पर रहे। अपने चुनावी कार्यक्रम के दौरान पायलट ने 30 सितम्बर को हरियाणा के विधानसभा क्षेत्र भवानी खेड़ा एवं फरीदाबाद एन.आई.टी. तथा 1 अक्टूबर को घरौंड़ा, समालखा, नांगल चौधरी, हथीन तथा बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया।

पायलट 2 अक्टूबर को हरियाणा के सोहना एवं जगाधरी तथा 3 अक्टूबर को महेन्द्रगढ़, तोशाम, बरवाला, पलवल विधानसभा क्षेत्रों के चुनावी दौरे पर रहेंगे।

सभाओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने देश और प्रदेश की भाजपा की सरकार के दस सालों के कुशासन को झेला है। किसानों को परेशान किया गया, उन पर लाठी-गोलियां चलायी गईं, सैकड़ों किसानों ने शहादत दी। भाजपा धर्म, जाति, मंदिर-मस्जिद की बातें करके वोट लेना जानती है। भाजपा का खाद, बिजली, पानी, सड़क, निवेश, विकास जैसे मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है।

उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि भाजपा के दस सालों के कुशासन, भय, पक्षपात और भाई से भाई को लड़ाने की सोच, दमनकारी राजनीति का पुरजोर जवाब देते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें।

## 'दूसरे राज्यों से ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मौजूद थे, और उन्होंने अदालत के समक्ष स्वीकार किया कि एफ.एस.एल. और डी.एन.ए. रिपोर्ट समय पर तैयार करने के लिए पर्याप्त संसाधन मुहैया कराना राज्य सरकार का दायित्व है।

इस संबंध में वर्ष 2014 से हाईकोर्ट निरंतर आदेश पारित कर रहा है, लेकिन आदेशों की पालना नहीं हो रही है। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से वर्ष 2019 से वर्षवार लंबित मामलों का रिकॉर्ड भी पेश किया गया, जिसमें सामने आया कि लंबित मामले छह साल में 3136 से बढ़कर 20 हजार से अधिक हो गए हैं।

अदालत ने अधिकारियों को कहा कि गंभीर मामलों में यदि आरोपी को जमानत दी जाती है तो पीड़ित पक्ष के साथ अन्याय हो सकता है। वहीं, राज्य सरकार की निष्क्रियता के कारण आरोपी को अकारण जेल में रखा जाता है तो उसके संवैधानिक अधिकारों का हनन होता है। प्रकरण 13 साल की बालिका से दुष्कर्म से जुड़ा है, लेकिन सरकार की संवेदनशीलता प्रकट नहीं हुई है। अदालत ने सरकार से जवाब मांगा कि अदालत यह विकल्प क्यों न आपनाए कि रिपोर्ट में देरी के चलते सरकार पर हर्जाना लगाकर राशि आरोपी को दी जाए।

# कई दशकों के इंतज़ार ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लोग "सिंकिंग फीलिंग" कहते हैं, वैसी स्थिति थी।

जापान की सभी समस्याओं की जड़ वहाँ की जनसंख्या में लगातार कमी आना है। हालाँकि यह स्थिति अकेले जापान की ही नहीं है। विकसित विश्व के अधिकांश देश जनसंख्या के कम होते जाने की समस्या का सामना कर रहे हैं, लेकिन जापान में यह समस्या कुछ ज्यादा ही विकट है। जनसंख्या के कम होने से गाँव वीरान हो गये हैं, पढ़ने वाले छोटे बच्चों के अभाव में किन्डरगार्टन स्कूल बंद हो गये हैं तथा फैक्ट्रियों को और कारीगर नहीं मिल रहे हैं।


जापान द्वारा आप्रवासन (बाहर से आकर बस जाना) की अनुमति नहीं दिये जाने के कारण, जापान की हालत खराब हो गई है। जापान की जनसंख्या में जापान मूल के लोग ही दिखाई दे रहे हैं। अब आकर, जब जनसंख्या कम होते जाने का दबाव बहुत विकट हो गया है, जापान कुछ विदेशियों को यहाँ आकर बसने की अनुमति देने लगा है। कुछ लोग पड़ोसी देश चीन से जापान में पहुँच रहे हैं। लेकिन इनकी संख्या बहुत ही कम है तथा इनका आना भी किसी भी समय रूक सकता है क्योंकि चीन स्वयं भी जनसंख्या में कमी की समस्या का सामना कर रहा है।

वस्तुतः कोई भी नई सरकार जनसंख्या की प्रवृत्ति (ट्रैन्ड) को उलट तो नहीं सकती। जनसंख्या ट्रैन्ड बहुत लम्बी अवधि के बाद ही बदल पाते हैं। लेकिन नीतियों के बदलने से कुछ राहत जरूर मिलती है। इसके अलावा, जापान की स्थिति इसलिये भी नहीं उलट सकती, क्योंकि वहाँ की करीब 30 प्रतिशत जनसंख्या 60 वर्ष से ऊपर की है। उनकी पैंशन तथा चिकित्सा सुविधा में समाज की आय का एक अच्छा-खासा हिस्सा काम आ जाता है।

लेकिन और अधिक राहत युक्त आप्रवासन नीति काम करने वाले हाथों की कमी को कम कर सकती है। इसके अलावा, जापान को महिलाओं के प्रति अपनी सोच एवं रवैया बदलना होगा, जो अभी भी जबरदस्त भेदभाव का सामना कर रही हैं। काम में महिलाओं की बड़े पैमाने पर भागीदारी से कुछ राहत की स्थिति बन सकती है। लेकिन हाल ही की कुछ सरकारें महिलाओं की प्रजनन-संबंधी भूमिका के राग अलापती रही हैं।

और ज्यादा दबाव बना रहे आर्थिक मुद्दों में शामिल एक मुद्दा है- कीमतों की स्थिरता, जिसका उल्लेख पहले हो चुका है। कीमतें अधिकांशतः तो कम ही हुई है और अगर बढ़ी भी हैं तो वर्ष में करीब 0.3 प्रतिशत मात्र।

इस जबरदस्त सुस्ती एवं मंदी के विरूद्ध, "बैन ऑफ जापान" ने अपना महँगाई लक्ष्य 2 प्रतिशत रखा था। माँग को प्रोत्साहित करके, कीमतों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, सैन्ट्रल बैन ने अपनी ब्याज दर कम कर दी थी।




## पर्यावरण ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करती है। भाजपा सोनम वांगचुक पर जो बल प्रयोग कर रही है, वह उसे गैंगस्टर्स पर करना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर अहंकारी और अलोकतांत्रिक होने का आरोप लगाया और कहा, सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने शांतिपूर्ण मार्च कर रहे लद्दाखी लोगों को गिरफ्तार किया है।

खड़गे ने कहा कि वांगचुक की मांगों को जनता का समर्थन है। मोदी सरकार अपने करीबी उद्योगपतियों की खातिर लद्दाख के हिमालयी ग्लेशियर्स, जो पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील हैं, का दोहन करना चाहती है।

कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने इस घटना का संबंध महात्मा गांधी के विचारों से जोड़ा। उन्होंने कहा, गांधी जयंती से पहले भारत सरकार एक बार फिर गांधी के विचारों की हत्या कर रही है। वांगचुक जी की गिरफ्तारी से स्पष्ट होता है कि सरकार हर उस व्यक्ति से डरती है, जो अपने अधिकारों के लिए बोलता है।

उन्होंने भाजपा पर लद्दाख की जनता का मुंह बंद कर यह क्षेत्र अपने कॉरपोरेट मित्रों को देने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसी कायरतापूर्ण हरकत गांधी के रास्ते पर चलने वालों को नहीं रोक सकती है।

यह पहली बार नहीं है, जब वांगचुक ने लद्दाख की तरफ लोगों का ध्यान खींचने की कोशिश की हैं।

मार्च में उन्होंने लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और उद्योगों द्वारा लद्दाख के संवेदनशील लैंड स्केप के दोहन के खिलाफ 21 दिन का उपवास किया था।

## 200 भारतीय ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के पब्लिक स्कूलों में अंग्रेजी शिक्षकों से सहायक होंगे, उनका भाषा-कौशल साझा करेंगे तथा फ्रांसीसी विद्यार्थियों से जुड़ेंगे। यह अनुभव उन्हें फ्रांसीसी भाषा एवं संस्कृति को समझने तथा वहाँ के लोगों के निकट रहते हुये काम करने का अवसर प्रदान करेगा।

फ्रांस जाने वाले इन शिक्षकों के लिये, आई.बी.आई.एस. होटल एयरोसिटी, नई दिल्ली में एक प्री-डिपार्चर सत्र आयोजित किया गया, जहाँ ग्रैगोआर टुमेल, जो आई.एफ.आई. के निदेशक तथा नई दिल्ली स्थित फ्रांसीसी दूतावास में को-ऑपरेशन एण्ड कल्चरल अफेयर्स के काउन्सलर हैं, ने विदेश जाने से पहले असिस्टैंट्स से बातचीत की।

"द फ्रैंच इन्स्टीट्यूट ऑफ इंडिया" के निदेशक ग्रैगोआर टुमेल ने कहा, "लैंग्वेज़ असिस्टैंट प्रोग्राम हमारे दोनों देशों को नज़दीक लाता है। लैंग्वेज़ असिस्टैंट्स फ्रांस में भारतीय संस्कृति तथा भारत में फ्रांसीसी संस्कृति के विशिष्ट अधिकार प्राप्त राजदूत होते है। फ्रांसीसी युवाओं के साथ फ्रांसीसी शिक्षा व्यवस्था में कार्य करके, वे पारस्परिक सांस्कृतिक सुदृढ़ीकरण में एक रणनैतिक भूमिका निभाते हैं, जो सर्वोत्कृष्ट द्विपक्षीय फ्रांस-भारत संबंधों की मुख्य चाबी है।

इस वर्ष इस प्रोग्रेस के लिये 206 भारतीय भाषा सहायकों का चयन हुआ है। इनके अलावा इनके साथ, 61 वापस लौटने वाले असिस्टैंट्स होंगे, जिन्होंने फ्रैंच मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन के साथ अपने अनुबंधों का नवीनीकरण करा लिया है। ये असिस्टैंट्स फ्रांस के विभिन्न शैक्षिक विभागों में काम करेंगे, जिन्हें "ऐकेडमीज़" कहा जाता है।

## 'हमारी अनुमति ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इस अदालत की अनुमति के बिना कोई भी सम्पत्ति ध्वस्त नहीं की जायेगी तथा इनमें अपराध के आरोपियों की सम्पत्तियाँ भी शामिल हैं। पूर्ववर्ती सुनवाई में, अदालत ने कहा था कि अवैध ध्वस्तीकरण की एक भी घटना संविधान की "प्रकृति" के विरुद्ध है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान सरकारों का प्रतिनिधित्व किया। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसले के लिये इस केस को सुरक्षित रख लिया है तथा सारे देश में अवैध बुलडोज़र ध्वस्तीकरण पर 17 सितम्बर को लगाये स्टे को आगे बढ़ा दिया है। अदालत ने बुलडोज़र डिमॉलिशन केसों में किसी प्रकार के हस्तक्षेप, जिनमें यू.एन. स्पेशल रैपॉर्च्योर का हस्तक्षेप भी शामिल है, की अनुमति नहीं दी।

## इज़रायली सेना ने बेरुत पर हवाई व जमीनी हमले किये

येरूशलम, 01 अक्टूबर। हिज्बुल्लाह चीफ सैय्यद हसन नसरल्लाह की हत्या के बाद इज़रायली सेना का अगला अभियान शुरू हो गया है। आज इज़रायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के सैनिक लेबनान में घुस गए हैं। इज़रायली सेना ने गाज़ा में हमास के विनाश के तर्ज पर अब बेरूत में हिजबुल्लाह को भी जड़ से उखाड़ने का अभियान शुरू कर दिया है। अब से कुछ देर पहले बेरूत समेत लेबनान के कई इलाकों में इजरायली सेना ने जमीनी और हवाई हमले में हिजबुल्लाह आतंकियों के कई ठिकाने ध्वस्त कर दिए हैं। इससे पूरे लेबनान में हड़कंप मच गया है।

## जमैका के प्रधानमंत्री का भारत में स्वागत

नई दिल्ली, 01 अक्टूबर। जमैका के प्रधानमंत्री होलनेस भारत यात्रा पर हैं। पीएम मोदी ने मंगलवार को होलनेस और उनके देश से आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस दौरान जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में भारत और जमैका के बीच समझौता ज्ञापन का भी आदान-प्रदान किया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि जमैका भारत का लंबे समय से मित्र रहा है। प्रधानमंत्री होलनेस से कई बार मिलने का अवसर मिला है और हर बार मैंने भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता को महसूस किया है। मुझे विश्वास है कि उनकी यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पूरे कैरेबियाई क्षेत्र के साथ हमारे जुड़ाव को नई ऊर्जा देगी।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 180 साल पहले भारत से जमैका गये लोगों ने आपसी संबंधों की मजबूत नींव रखी थी।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और जमैका के संबंध हमारे साझा इतिहास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित हैं।चार सी (संस्कृति, क्रिकेट, राष्ट्रमंडल और कैरीकॉम कैरेबियन समुदाय) हमारे संबंधों की विशेषता हैं। भारत और जमैका के बीच व्यापार और निवेश बढ़ रहा है। भारत हमेशा जमैका की विकास यात्रा में एक विश्वसनीय और प्रतिबद्ध विकास भागीदार रहा है।




# मुख्यमंत्री ने कॉनक्लेव को राज्य के...

- **हिन्दुस्तान पेट्रोलियन के चेयरमैन, भारत इलैक्ट्रोनिक्स के सी.एम.डी., कॉनकोर के सी.एम.डी. ने राजस्थान सरकार के साथ काम करने के सुखद अनुभव बताये।**

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

क्षेत्र के केन्द्रीय उपक्रमों में हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकोर), एनटीपीसी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, आईआरईडीए, पीजीसीआईएल, इंडियन ऑयल, एनटीपीसी, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, इंडिया टूरिज़्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आईटीडीसी), फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई), न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (एनआई-एमएसएमई), आईआरसीटीसी, एग्रीकल्चर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई), ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), एफआईसीएसआई (खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए सेक्टर स्किल काउंसिल), मैनेजमेंट एंड आंत्रप्रिन्योरशिप एंड प्रोफेशनल स्किल्स काउंसिल (एमईपीएससी) शामिल हैं।

राजस्थान सरकार को आगामी ग्लोबल इन्वैस्टमेंट समिट के लिए शुभकामना देते हुए हिंदुस्तान पेट्रोलियम के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर रजनीश नारंग ने कहा कि राज्य सरकार ने हमें हर स्तर पर महत्वपूर्ण और त्वरित समर्थन दिया है। रिफाइनरी की न केवल वर्तमान जरूरतों के लिए, बल्कि भविष्य के इसके संभावित विस्तार के लिए भी भूमि का आवंटन सरकार द्वारा शीघ्रता से किया गया।

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज जैन ने कहा, देश के डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में राजस्थान एक बड़े औद्योगिक राज्य के रूप में उभर रहा है।

कॉनकॉर के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर संजय स्वरूप ने एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) जैसे परिवहन के टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल साधनों के विस्तार की आवश्यकता के बारे में बताया और लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने में राजस्थान सरकार द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि, राजस्थान में अक्षय ऊर्जा, डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग, पेट्रोकेमिकल्स और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। हमारे पास जमीन की कमी नहीं है, अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अपार क्षमता है, प्रचुर खनिज भंडार हैं और कुशल कार्यबल है।

इनके जरिए हम राज्य और सार्वजनिक क्षेत्र के केन्द्रीय उपक्रमों - दोनों के लिए साझा समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ मिलकर हम सब 'विकसित भारत' और 'विकसित राजस्थान' के लक्ष्य को साकार कर सकते हैं।

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, इस कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले सेंट्रल पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज राजस्थान की अर्थव्यवस्था को अगले पांच वर्षों में दोगुना करके 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर करने के राज्य सरकार के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा, राज्य में काम कर रहे सी.पी.एस.ई.'ज़ का आभार मैं राज्य सरकार की ओर से व्यक्त करता हूं क्योंकि राज्य की समृद्धि और विकास में उनका बहुत बड़ा योगदान है। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 निजी क्षेत्र और सरकार द्वारा संचालित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पी.एस.ई.) से निवेश आकर्षित करने पर समान रूप से जोर देता है।

इस अवसर पर एक प्रेजेंटेशन देते हुए उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने कहा कि दिल्ली से नजदीक होने की वजह से राजस्थान एक स्ट्रैटेजिक लोकशन है और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं है जिसका फायदा राज्य में निवेश करके केन्द्रीय पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज उठा सकती हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908